सूर्योदय : 5:51
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 34.4
न्यूनतम : 20.2


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-285 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 07 अप्रैल 2026
18 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# पीएम मोदी का विपक्ष पर तीखा हमला

**असम चुनाव**

■ डिब्रूगढ़ में कहा- जनता का उत्साह देखकर कांग्रेस पस्त



**डिब्रूगढ़।** असम विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को डिब्रूगढ़ में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ और लोगों के उत्साह को देखकर पीएम मोदी ने कहा कि डिब्रूगढ़ आने का उन्हें कई मौके मिले हैं, लेकिन इस बार जो जोश और उत्साह दिख रहा है, वह बेमिसाल है।

उन्होंने कहा कि जनता का यह भारी समर्थन कांग्रेस के लिए बड़ी चिंता का कारण है। कांग्रेस पहले से ही हतप्रभ है और मतदान से ठीक पहले ऐसी तस्वीरें उसे और अधिक निराश कर देंगी। जनता का यह जोश एक सशक्त संदेश दे रहा है। प्रधानमंत्री ने असम की सांस्कृतिक विविधता और एकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की शानदार परंपरा रही है। अहोम, कोच-राजबंशी, मोरान, मोतोक, मिसिंग, देवरी जैसे विभिन्न समुदाय सदियों से आपसी सौहार्द के साथ रहते आए हैं। चाहे कोई असमिया बोले, कोई बांग्ला या कोई हिंदी, लेकिन सबका एक ही सपना है-विकसित असम और विकसित भारत।

पीएम मोदी ने असम के महान नेताओं और विभूतियों को याद किया। उन्होंने भूपेन हजारिका, गोपीनाथ बोरदोलोई और ज्योति प्रसाद अग्रवाल का जिक्र करते हुए कहा कि इन महान व्यक्तियों ने असम को नई दिशा दी है। उन्हीं की प्रेरणा से भाजपा-एनडीए सरकार डिब्रूगढ़ को एक प्रमुख व्यापारिक और आर्थिक केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि नुमालीगढ़ से डिब्रूगढ़ तक का हाईवे कांग्रेस की असम के प्रति उपेक्षा का साफ उदाहरण है। यह परियोजना 2005 में मंजूर हुई थी, लेकिन 2013 तक इसमें कोई प्रगति नहीं हुई, जबकि उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के साथ सौतेला व्यवहार किया, जिससे अपर असम और बराक घाटी जैसे इलाकों का विकास रुक गया। कांग्रेस के लंबे शासनकाल में कनेक्टिविटी की कोई चिंता नहीं की गई। वहीं, अब भाजपा-एनडीए सरकार बोगिबील ब्रिज, भूपेन हजारिका सेतु, जोरहाट-माजुली सेतु और ब्रह्मपुत्र समेत अन्य नदियों पर बन रहे पुलों से क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है।

पीएम ने कहा कि कुछ दिन पहले मोरान में भाजपा-एनडीए सरकार द्वारा बनाए गए नए हाईवे पर लड़ाकू विमानों की लैंडिंग का शानदार नजारा दुनिया ने देखा। मैं खुद वायुसेना के साथ उस सड़क पर उतरा। महज दस साल पहले असम के लोग सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी गुहार लगाते थे।

## बीजेपी स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने गिनाईं पार्टी की उपलब्धियां

**नई दिल्ली।** बीजेपी के 47वां स्थापना दिवस समारोह पर प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जहां हम पार्टी को अपनी मां मानते हैं। इसलिए पार्टी का स्थापना दिवस केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि हम सब कार्यकर्ताओं के लिए एक भावुक अवसर होता है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि ये दिन हमें पार्टी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का मौका देता है कि पार्टी ने हमें राष्ट्रसेवा का सौभाग्य दिया। मैं देशभर के बीजेपी कार्यकर्ताओं और बीजेपी को समर्थन करने वाले देश के सभी नागरिकों को बीजेपी स्थापना दिवस की बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि ऐसा लग रहा है कि नितिन नवीन ने पार्टी में नवीनता भर दी है। आज बीजेपी जिस शिखर पर है, उसकी चमक सबको दिखती है।

# पत्रकारिता के अलग-अलग आयामों में समन्वय आवश्यक : मुख्यमंत्री

## गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

■ पत्रकारिता को स्वयं को बेलगाम नहीं होने देना है : योगी

■ जनमानस को विचलित करती है एक ही खबर में भिन्नता : सीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पत्रकारिता के अलग-अलग आयामों प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के बीच परस्पर समन्वय होना आवश्यक है। यदि किसी एक ही तथ्य को मीडिया के अलग-अलग आयाम भिन्न-भिन्न तरीके और दृष्टिकोण से प्रस्तुत करेंगे तो आमजनमानस के सामने कन्फ्यूजन की स्थिति होगी। ऐसी स्थिति मीडिया के प्रति जनविश्वास को भी प्रभावित करेगी। इसलिए यह आवश्यक है कि मीडिया के सभी अंग समान मानक, मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप आगे बढ़ें।

सीएम योगी सोमवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सिविल लाइंस स्थित गोरखपुर क्लब सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पत्रकारिता में विभिन्न प्रकार की चुनौतियां हैं। पत्रकारिता में प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के स्वरूप हैं। आज परिवारों में प्रत्येक सदस्य का रूझान मीडिया के अलग अलग रूपों में रहता है। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता के सभी रूपों को समग्रता के साथ जोड़ने की आवश्यकता है। प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया के अपने कुछ मानक हैं, अपनी आचार संहिता है। पर, सोशल मीडिया को अभी इससे जोड़ना है।

सीएम योगी ने कहा कि पत्रकारिता को स्वयं को बेलगाम नहीं होने देना है बल्कि पत्रकारिता के मूल्यों व आदर्शों के साथ आगे बढ़ाना है। भारत में 200 वर्ष के पत्रकारिता का मूलभाव राष्ट्र सेवा, समाज सेवा व एक भारत श्रेष्ठ भारत का भाव रहा है। हमें इसी भाव के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

**यह वर्ष हिन्दी पत्रकारिता के लिए बहुत महत्वपूर्ण :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी पत्रकारिता ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूती दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष हिन्दी पत्रकारिता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि 200 वर्ष पहले हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कोलकता से हुई थी।

समारोह में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी, उपाध्यक्ष धनेश कुमार, महामंत्री पंकज श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री महेंद्र गौड़, कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, पुस्तकालय मंत्री संजय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार मिश्रा, रजनीश त्रिपाठी और अजीत सिंह को शपथ दिलाई। इस अवसर पर सांसद रवि किशन शुक्ल, विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के प्रदेश के उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, दैनिक जागरण के स्थानीय संपादक मदन मोहन सिंह, अमर उजाला के स्थानीय संपादक विनीत सक्सेना सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों की सहभागिता रही।

### आलोचना को व्यक्तिगत रंजिश नहीं मानना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र संवाद से चलता है। संवाद में आलोचना हो सकती है किन्तु इस आलोचना को व्यक्तिगत रंजिश नहीं मनाना चाहिए। जब हम एक सूत्र की मनोस्थिति से कार्य करते हैं तो सदैव सार्थक परिणाम सामने आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना होता है। पत्रकारिता जिस दृष्टि से समाज के मुद्दो को प्रस्तुत करता है, समाज उसी दृष्टि से उसे समझता है। पत्रकारिता को जन विश्वास प्रतीक के रूप में बने रहने के लिए सही और गलत के प्रति एक भाव में रहना चाहिए। पत्रकारिता में किसी भी मुद्दे पर दो भाव नहीं होने चाहिए, क्योंकि यह भाव जन विश्वास पर कुठाराघात करता है।

## हरदीप पुरी की बेटी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से इंकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को एक सामाजिक कार्यकर्ता की अपील खारिज कर दी जिसमें उसने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी को अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से जोड़ने वाली सोशल मीडिया पोस्ट हटाने के आदेश को चुनौती दी थी। अदालत ने उसे अपनी शिकायतें एकल न्यायाधीश के समक्ष रखने को कहा, जिन्होंने यह आदेश दिया था।

न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति रेनू भटनागर की पीठ ने एकल न्यायाधीश से कहा कि अंतरिम आदेश को जारी रखने या निरस्त करने के मुद्दे पर यथाशीघ्र अंतिम निर्णय लिया जाए।

# ईरान ने बातचीत के लिए रखीं 10 शर्तें

■ अमेरिका का प्रस्ताव बेहद असामान्य और अतार्किक : बगाई



**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे युद्ध में अस्थायी युद्ध विराम को खारिज कर दिया है। ईरान ने सोमवार को मध्यस्थों के जरिए हालिया संघर्ष विराम के प्रस्तावों के जवाब में अपनी स्थिति और मांगे तय कर ली हैं। ये टिप्पणियां लड़ाई रोकने के लिए नए सिरे से हो रही कूटनीतिक प्रयासों की खबरों के बीच आई हैं।

रॉयटर्स ने सोमवार को बताया कि ईरान और अमेरिका को दुश्मनी खत्म करने का प्रस्ताव मिला था, जो सोमवार से लागू हो सकता था। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि तेहरान ने मध्यस्थ चैनलों के जरिए अपनी जरूरतें पहले ही बता दी थीं और यह साफ कर दिया था कि अमेरिका के पहले प्रस्तावों को खारिज कर दिया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, बगाई ने कहा कि अमेरिका की पहले की मांगे, जिनमें पाकिस्तान के जरिए भेजा गया 15-सूत्रीय प्रस्ताव भी शामिल था, अस्वीकार्य है।

बगाई ने कहा कि यह प्रस्ताव बेहद असामान्य और अतार्किक था। ईरान का अमेरिका के साथ बातचीत का अनुभव बहुत कड़वा रहा है। ईरान अपनी उन मांगों को साफ तौर पर रखने में हिचकिचाता नहीं है, जिन्हें वह जायद मानता है। ऐसा करने को समझौते के संकेत के तौर पर नहीं बल्कि अपनी स्थिति का बचाव करने में उसके आत्मविश्वास के प्रतिबिंब के तौर पर देखा जाना चाहिए। ईरान ने सोमवार को पाकिस्तान के जरिए अमेरिका के प्रस्ताव पर अपना जवाब भेज दिया है। सरकारी मीडिया के अनुसार, तेहरान ने युद्ध विराम को अस्वीकार कर दिया और युद्ध को हमेशा के लिए खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। इस जवाब में 10 शर्तें शामिल हैं, जिनमें क्षेत्रीय संघर्षों को खत्म करना, होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने के लिए एक प्रोटोकॉल, ईरान से प्रतिबंधों को हटाना और पुनर्निर्माण।

### भविष्य में फिर ऐसा न हो

ईरानी सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरामिनिया ने कहा, हम युद्ध को तब तक जारी रख सकते हैं, जब तक राजनीतिक नेतृत्व सही मानता है। उन्होंने कहा कि इस जंग के बाद ऐसा स्तर हासिल करना जरूरी है, जिससे दुश्मन पछताए और भविष्य में फिर ऐसी स्थिति न बने।

## मृतक आश्रितों की नियुक्ति प्रक्रिया में हुआ बड़ा बदलाव

**लखनऊ।** यूपी में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को नियुक्ति पाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। कार्मिक विभाग ने बड़ा सुधार करते हुए मृतक आश्रितों के लिए आवेदन से लेकर नियुक्तिपत्र जारी होने तक की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है।

नियुक्ति की यह प्रक्रिया मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से पूरा करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव, कार्मिक एम देवराज ने सभी विभागों, जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों के लिए शासनादेश जारी कर दिया है।

## प्रो. अली अहमद फ़ातमी को प्रो. शारिब रुदौलवी अवॉर्ड

**लखनऊ।** प्रोफेसर शारिब रुदौलवी मेमोरियल कमेटी के तत्वावधान में ऑल इंडिया कैफ़ी आज़मी अकादमी (पेपर मिल कॉलोनी), निशातगंज में प्रोफेसर शारिब रुदौलवी अवॉर्ड 2025 समारोह और मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध प्रगतिशील आलोचक प्रोफेसर अली अहमद फ़ातमी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए तीसरा प्रोफेसर शारिब रुदौलवी अवॉर्ड 2025 मुख्य अतिथि जस्टिस सैयद क़मर हसन रिज़वी (इलाहाबाद हाईकोर्ट, लखनऊ बेंच) के हाथों प्रदान किया गया।

(विस्तृत खबर व फोटो पेज 16)

# दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में सेंध

■ दरवाजा तोड़ते हुए गाड़ी लेकर परिसर में घुसा शख्स



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को एक सनसनीखेज़ घटना सामने आयी जब एक शख्स दिल्ली विधानसभा के लोहे के दरवाज़े को अपनी तेज़-रफ्तार कार से तोड़ता हुआ विधानसभा परिसर में घुस गया। पुलिस के अनुसार, यह घटना अपराह्न करीब दो बजे हुए। आरोपी ने विधानसभा परिसर के द्वार नंबर-2 से प्रवेश किया, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की कार के करीब एक फूलों का गुलदस्ता रखा और फिर वहां से फरार हो गया।

उल्लेखनीय है कि यह द्वार वीआईपी प्रवेश के लिए आरक्षित है। आरोपी ने यहां लोहे के दरवाज़े और फाटक दोनों को तोड़ते हुए परिसर में प्रवेश किया। पुलिस ने इसे सुरक्षा में गंभीर चूक माना है। घटना के बाद बम निरोधक दस्ते और अपराध शाखा की टीमों को घटनास्थल पर उतारा गया, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। विशेष पुलिस आयुक्त (विशेष सेल) और विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) मौके पर मौजूद रहे। परिसर में घुसने वाली गाड़ी की पहचान सफेद टाटा सिएरा एसयूवी के तौर पर हुई है, जिसका पंजीकरण नंबर उत्तर प्रदेश का था। पुलिस ने बाद में बताया कि गाड़ी सर्बजीत सिंह के नाम पर पंजीकृत है, हालांकि अभी चालक के नाम की पुष्टि नहीं हुई है।

## पश्चिम एशिया के हालात पर आईओसीएल तथा कृषि विभाग की प्रेस वार्ता

# जमाखोरी पर बड़ी कार्रवाई : संजय भंडारी

■ 21,939 निरीक्षण, 12,330 सिलेंडर जब्त, 245 एफआईआर, 22 गिरफ्तारियां की गईं

■ प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त, घबराने की जरूरत नहीं : आशुतोष मिश्रा




**लखनऊ।** पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों के संदर्भ में प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की स्थिति को लेकर आज पत्र सूचना कार्यालय, लखनऊ (पीआईबी) और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) तथा उप्र के कृषि विभाग द्वारा संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। संबोधित करते हुए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख, संजय भंडारी ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी सहित सभी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रण में है।

उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में कुल 13,168 रिटेल आउटलेट (ओएमसीः 12,331 एवं निजी 863) तथा 28 सप्लाई लोकेशन/डिपो संचालित हैं। संजय भंडारी ने बताया कि वर्तमान में सभी रिटेल आउटलेट सामान्य रूप से कार्यरत हैं तथा बिक्री पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि जनवरी-मार्च 2026 की सामान्य खपत के अनुरूप नोज़ल सेल हो रही है, जो मांग की स्थिरता को दर्शाती है। नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे घबराहट में खरीदारी से बचें। अगर हम आपूर्ति की बात करें तो राज्य में 4,143 वितरकों एवं 36 बॉटलिंग प्लांट के माध्यम से लगभग 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान की जा रही है। वर्तमान में वितरकों के पास 1.5 दिन का स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि औसतन प्रतिदिन 8.7 लाख रिफिल की डिलीवरी की जा रही है तथा लगभग 4.5 दिन का बैकलॉग निर्धारित बुकिंग सूची के अनुसार पूरा किया जा रहा है। जमाखोरी एवं अवैध डायवर्जन पर नियंत्रण हेतु अब तक 21,939 निरीक्षण किए गए हैं। इस दौरान 12,330 सिलेंडर जब्त, 245 एफआईआर दर्ज तथा 22 गिरफ्तारियां की गई हैं।

अपर निदेशक, कृषि आशुतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त है, किसानों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। खरीफ 2026 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है तथा वर्तमान में यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित उर्वरकों का स्टॉक सहकारिता एवं निजी क्षेत्रों में उपलब्ध है।



# मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर बना रहा नई पहचानः राजीव गुप्ता




*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जिले भर में भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में भव्य रूप से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को भाजपा के स्थानीय नेताओं द्वारा संबोधित किया गया।कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल कार्यालयों,बूथों तथा घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर स्थापना दिवस को मनाया गया। जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हुई है, जो करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और निःस्वार्थ सेवा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है।सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और सशक्त विचारधारा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सुशासन और विकास की नई दिशा स्थापित हुई है, वहीं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है तथा विकास कार्यों को नई गति मिली है।जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है, यही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास, सुरक्षा और सेवा के नए आयाम स्थापित हुए हैं।राष्ट्रीय परिसद के सदस्य हरप्रसाद सिंह पटेल ने कहा भाजपा की विचारधारा और संगठनात्मक मजबूती ही उसे निरंतर नई ऊंचाइयों तक ले जा रही है।मंच का संचालन जिला महामंत्री शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने किया।

## केमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न



**बिजनौर।** नगर एवं तहसील क्षेत्र के सभी केमिस्टों ने मुरादाबाद रोड पर स्थित डायमंड पैलेस में केमिस्ट सम्मेलन के माध्यम से केमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुरादाबाद मंडल के सहायक आयुक्त (औषधि) पूरन चंद्र एवं जिला औषधि निरीक्षक जयेंद्र कुमार का प्रतीक चिन्ह भेंट करके, शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण के साथ स्वागत सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि पूरन चंद्र, जैनेंद्र कुमार, प्रिय रत्न आर्य, श्याम शरण शर्मा, अनिल कुमार अग्रवाल, अवधेश कुमार वार्ष्णेय, राहिल भारतीय, अंकुश कुमार त्यागी ने भगवान धन्वंतरि जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण किया। सहायक आयुक्त (औषधि) पूरन चंद्र ने कहा कि सभी केमिस्ट बंधुओं को अपना मेडिकल साफ सुथरा, व्यवस्थित, बिल सहित माल खरीदना और बेचना तथा ग्राहकों से शालीन और सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने केमिस्ट बंधुओं की प्रत्येक समस्या का निदान व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से भी करने की बात कही। केमिस्ट बंधुओ से आपसी संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने केमिस्टों की सभी समस्याओं को सुनकर समाधान दिया। जिला औषधि निरीक्षक जयेंद्र कुमार ने मेडिकल पर कैमरा लगाने, एक युद्ध नशे के विरुद्ध तथा विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश जैसी अभियानों में केमिस्ट बंधुओं के उचित सहयोग को सराहनीय एवं प्रेरणादाई बताया। उन्होंने शासन प्रशासन की मंशा के अनुरूप जनपद में मेडिकल स्वामियों को सलाह देते हुए उचित और उपयुक्त मार्गदर्शन दिया। केमिस्ट एसोसिएशन के चेयरमैन श्याम शरण शर्मा ने औषधि विभाग के जनपदीय एवं मंडलीय अधिकारियों का भाव भरा स्वागत करते हुए उनके मृदु व्यवहार, अच्छे कार्य एवं केमिस्टों के साथ अपेक्षित सहयोग और आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# मैलानी से मुंबई के लिए स्पेशल ट्रेन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मैलानी गोमतीनगर से बांद्रा टर्मिनस (मुंबई) के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी सोमवार को पहला फेरा लेकर डालीगंज, सीतापुर, मैलानी और पीलीभीत होते हुए मुंबई के लिए रवाना हुई । जिले के लोग अब मैलानी से सीधे मुंबई के लिए ट्रेन पकड़ सकेंगे। हालांकि, जिला मुख्यालय लखीमपुर और गोला गोकर्णनाथ में इसका ठहराव नहीं दिया गया है। रेलवे ने कानपुर सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज के बीच पुल संख्या-110 पर इंजीनियरिंग कार्य के चलते ब्लॉक लिया है। इस कारण 15 फेरों के लिए संचालित गोमतीनगर-बांद्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया है। अब यह ट्रेन ऐशबाग-कानपुर-इटावा-टूंडला के बजाय सीतापुर, मैलानी के रास्ते संचालित होगी। ट्रेन संख्या 05033 गोमतीनगर-बांद्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 6 अप्रैल से 13 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी, जबकि ट्रेन संख्या 05034 बांद्रा टर्मिनस-गोमतीनगर 7 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को इसी मार्ग से संचालित होगी।सोमवार को पहला फेरा लेकर ट्रेन गोमतीनगर से 14:00 बजे रवाना होकर डालीगंज 14:50, सीतापुर 16:02, मैलानी 17:42, पीलीभीत 18:35, इज्जतनगर 19:17, कासगंज 21:15 और मथुरा जंक्शन 23:05 बजे पहुंचेगी। दूसरे दिन भरतपुर 01:02, गंगापुर सिटी 03:55 होते हुए कोटा 05:00, रतलाम 09:10, वडोदरा 13:30, सूरत 15:52, वलसाड 16:47, वापी 17:08 और बोरीवली 18:44 बजे पहुंचकर रात 20:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

## कचहरी परिसर में गोली चलने से फैली दहशत

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार की सुबह कचहरी परिसर में गोली चलने से दहशत फैल गई। आपसी विवाद के दौरान एक वकील ने अपने चचेरे भाई को गोली मार दी। दोनों चचेरे वकील हैं। घटना के बाद आरोपी वकील भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल वकील को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कचहरी परिसर में जमीन के विवाद में वकीलों के दो गुट भिड़ गए। हाथापाई के दौरान चली गोली वकील जितेंद्र राज के सीने में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों गुटों के बीच पहले जमकर हाथापाई हुईं और कुर्सियां चली। इसके बाद वकीलों ने मामला शांत कराया लेकिन कुछ मिनट के बाद फिर से विवाद हो गया। गोली लगने से घायल जितेंद्र राज को लखनऊ रेफर किया गया है।

## एक दर्दनाक सड़क हादसे में व्यापारी की मौत

**लखीमपुर खीरी।** कस्बे में देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर घायल 60 वर्षीय इलेक्ट्रॉनिक दुकान चलाने वाले व्यापारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार के के इलेक्ट्रॉनिक के संचालक कमलेश कुमार पुत्र मिश्रीलाल निवासी धौरहरा खुर्द रविवार शाम करीब 8:30 बजे अपनी दुकान बंद कर सड़क के दूसरी ओर स्थित मिश्रा मेडिकल स्टोर से दवा लेकर वापस लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि वह सड़क पार कर अपनी साइड में पहुंच चुके थे तभी पीछे से तेज रफ्तार ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय तेज बारिश और आंधी-तूफान के कारण वह काफी देर तक मौके पर ही पड़े रहे और किसी को तुरंत जानकारी नहीं हो सकी।


## वायरल बुखार का बढ़ा प्रकोप जिला अस्पताल की ओपीडी में 200 से अधिक वायरल बुखार के पहुंच रहे हैं मरीज

**लखीमपुर खीरी।** जिला अस्पताल की ओपीडी में 200 से अधिक वायरल बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। वायरल बुखार का प्रकोप बढ़ने पर ब्लड जांच की संख्या बढ़ा दी गई है। साथ ही गंभीर मरीजों की संख्या बढ़ने पर मेडिकल वार्ड आरक्षित किया जाएगा। अभी तक जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में प्रतिदिन 30 से 40 मरीजों की डेंगू मलेरिया और 50 से 60 टाइफाइड की जांच की जा रही है। इसे बढ़ाकर अब 40 से 80 तक किया जाएगा। सोमवार को ओपीडी में 248 वायरल बुखार के मरीजों ने परामर्श लिया। जिला अस्पताल की ओपीडी में लगभग 1200 प्राथमिक इलाज कराने के लिए आ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री का बिजनौर में 09 अप्रैल को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम



**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित बिजनौर भ्रमण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। श्रीमती कौर ने बताया कि 09 अप्रैल,2026 को प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय वर्धमान डिग्री कॉलेज के मैदान में आम जनसभा का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जिले में 05 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने उक्त कार्यक्रम के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को विभागीय परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का अद्यतन पूर्ण विवरण तथा जिन परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है, उनकी पूरी जानकारी की सूचना जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को आज शाम तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिला बिजनौर में शासकीय योजनाओं कार्यक्रम के अंतर्गत जो भी उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, उसकी सूचना भी जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर पालिका बिजनौर एवं आसपास की नगर पालिका, नगर पंचायत तथा नगर निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल सहित पूरे शहर में ध्यानपूर्वक सफाई व्यवस्था करना सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल टॉयलेट तथा समुचित मात्रा में पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि, बाल एवं महिला विकास, एनआरएलएम, उद्योग, कार्यक्रम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों के उत्पादों, जानकारियों एवं उपलब्धियों से संबंधित स्टाल लगाएं।



**नगीना से ट्रांसफर होकर आए अंजनी कुमार चतुर्वेदी बने नजीबाबाद के क्षेत्राधिकारी।**

# डायल 112 की 10 नई गाड़ियों को एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से डायल 112 पुलिस की 10 नई गाड़ियों को एसएसपी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है।

सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा जनपद में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस डायल 112 की 10 नई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस दौरान उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नई गाड़ियों के शामिल होने से आपातकालीन स्थिति में पुलिस की प्रतिक्रिया और तेज होगी तथा आम जनता को त्वरित रूप से पुलिस सहायता मिल सकेगी।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 हृदेश कटेरिया एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन- 4 क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमी फाइनल मैच

## बैंक टीम ने जीता मैच



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन - 4 क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन बैंक विभाग और तहसील टीम के बीच मुकाबला रहा। बैंक विभाग ने मैच जीता। रविवार को अंपायर फाजिल अली व विनीत कुमार की निगरानी में दोनों टीम के बीच मैच खेला गया। बैंक विभाग ने टॉस जीतकर, पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया तथा निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाकर जीत हासिल की। तहसील टीम ने 14.3 ओवर में 119 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बैंक टीम से सुशील ने 29 बॉल पर 65 रन बनाए। और सायम ने 25 बॉल में 38 रन बनाए और 4 विकेट लिए और बैंक टीम से सायम मैंन ऑफ द मैच रहे व तहसील टीम से जैकी कुमार ने 22 बॉल में 36 रन बनाए और फाइटर ऑफ़ द मैच रहे। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने सायम को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी व जैकी कुमार को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी। टूर्नामेंट में मो0 अहसान और सुखदेव सिंह द्वारा मैच की शानदार कमेंट्री की गई। स्कोरिंग रितेश द्वारा की गई। टूर्नामेंट के सातवें दिन बैंक विभाग और रोडवेज टीम के बीच फाइनल का मैच खेला गया। सर्वप्रथम टेस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया तथा दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी तथा प्रकृति अग्रवाल शगुन मायनशी कश्यप इशिका ईशानी यशस्वी परविंदर आदि द्वारा राष्ट्रगान किया। गयारोडवेज ने टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया रोडवेज टीम 17.3 ओवर में 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई रविंद्र कुमार ने 19 गेंद पर 32 रन बनाए और एक विकेट लिया। तथा बैंक विभाग ने 12.2 ओवर में 132 रन बनाकर तथा 4 विकेट के नुकसान पर मैच को जीता मोंटी ने 30 गेंद पर 71 रन बनाकर 1 विकेट लिया और मैन ऑफ द मैच रहे तथा रविंद्र रोडवेज टीम से फाइटर ऑफ द मैच रहे। मैन ऑफ़ द सीरीज - मो0 सायम खान, बेस्ट बॉलर - कृष्णा , बेस्ट फील्डर - हरिसिंह, बेस्ट बैट्समैन - मोंटी, बेस्ट कीपर मो0 दानिश, मैच में फाजिल अली व संतोष कुमार अंपायर रहे। तथा सुखदेव सिंह व मोहम्मद अहसान द्वारा शानदार कमेंट्री की गई। मैन ऑफ़ द मैच द फाइटर ऑफ़ द मैच की ट्रॉफी टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि डॉक्टर महमूद अहमद द्वारा दी गई। इस अवसर पर इंजी0 मोअज्जम, खुर्शीद मंसूरी, मेराज अहमद, हाजी मो0 विसाल, सुरेंद्र सिंह, सतनाम सिंह बाजवा, फईम अंसारी, मो0 अनवर अंसारी, जैनुल आबेदीन, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, आदित्य विक्की, हिना अग्रवाल, विनीता, शगुन प्रजापति, प्रकृति अग्रवाल, ईशानी आदी रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण यूट्यूब के जीटी स्पोर्टस टीवी चैनल पर चलाया जा रहा है।

# इम्पैक्ट असेसमेंट का कार्य शुरू, ग्रामीणों ने जताया संतोष



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद सहारनपुर के विकास खंड नानौता स्थित ग्राम छछरौली में पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण होने के उपरांत शासन के निर्देशों के क्रम में इम्पैक्ट असेसमेंट (प्रभाव आकलन) किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से संवाद कर योजना के प्रति उनकी संतुष्टि का आंकलन किया गया। इम्पैक्ट असेसमेंट का कार्य शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों एवं छात्रों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर, खंड कार्यालय उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा फर्म प्रतिनिधि परियोजना प्रबंधक मै. बाबा-जी.ए. इन्फ्रा (जेवी), डीसी डीपीएमयू टीम के श्री दीपक यादव, अन्य कर्मचारी, ग्राम प्रधान, ग्रामवासी एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे। सरकार का उद्देश्य इस इम्पैक्ट असेसमेंट कार्यक्रम के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की दिशा में योजना के प्रभाव का मूल्यांकन करना है।

## एलएलबी छात्रों से अवैध वसूली पर कुलपति ने दिये जांच के आदेश

**सहारनपुर।** केके श्री कृष्णा कॉलेज (199), तेलीपुरा में एलएलबी छात्रों से प्रैक्टिकल के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत को लेकर सपा पार्षद फहद सलीम ने आज कुलपति विमला वाई से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा।

आज मां शाकंभरी विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय पहुंचकर पार्षद फहद सलीम ने कुलपति विमला वाई से मुलाकात की। पार्षद फहाद सलीम ने सौंपे ज्ञापन में कहा कि छात्रों से अवैध वसूली करने वाले कॉलेजों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी, ताकि विद्यार्थियों का शोषण रोका जा सके। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कुलपति ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर संबंधित कॉलेज के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस दौरान पार्षद फहद सलीम, चौधरी आसिफ तथा एलएलबी छठे सेमेस्टर के छात्र शाहबाज पुत्र मोहम्मद अनवर मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा, सम्मान एवं जागरूकता बलरामपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता

*अवधनामा संवाददाता*

**बलरामपुर।** पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक, बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन में तथा मिशन शक्ति नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में गठित महिला सुरक्षा दलों द्वारा बाजारों एवं ग्राम चौपालों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुनी गईं तथा उनका त्वरित निस्तारण किया गया। वूमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 एवं साइबर हेल्पलाइन-1930 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध (डिजिटल अरेस्ट), महिला अधिकारों एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों पर जागरूकता हेतु सार्थक चर्चा की गई। शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पम्पलेट का वितरण भी किया गया तथा थाना स्थानीय पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई, ताकि महिलाएं एवं बालिकाएं अपनी समस्याओं के समाधान हेतु इन सेवाओं का प्रभावी रूप से लाभ उठा सकें। बलरामपुर पुलिस द्वारा निरंतर ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे प्रत्येक महिला एवं बालिका भयमुक्त, सुरक्षित एवं स्वाभिमानी जीवन व्यतीत कर सके।

## क्षेत्र में बढ़ती दुर्घटनाएं जान गंवाते लोग

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद से जहाँ सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल। घायल को राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाँ उसकी हालत नाजुक देखते हुए देते हुए सीएचसी समीपुर रेफर किया गया है। पूरा मामला नगर की कोटद्वार रोड स्थित भारत टॉकीज ओवर ब्रिज का है जहां रविवार की सुबह लगभग 6:00 बजे अफजाल अहमस पुत्र इदरीश अहमद कुरैशी उम्र लगभग 30 वर्ष और नाजिम पुत्र मुन्ना उम्र 50 वर्ष निवासीगण मोहल्ला पठानपुरा नजीबाबाद सुबह सवेरे अपनी मोटरसाईकिल से किसी काम से नगीना जा रहा थे, जैसे ही वह दोनों मोटरसाईकिल लेकर भारत ताकिज़ ओवर बिर्ज़ के ऊपर पहुंचे तो अचानक मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई जिससे दोनों वही गिर गये और बुरे तरह घायल हो गये। देखते ही देखते वहां से गुजर रहे राहगीरों की भीड़ लग गई और राहगीरों ने आनन फन्नान में दोनों घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टरो ने अफ़ज़ाल अहमद पुत्र इदरीश अहमद कुरैशी निवासी मोहल्ला पठानपुरा को मृत घोषित कर दिया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार का डीएम ने किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर दिया जोर



*अवधनामा संवाददाता*

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार का निरीक्षण कर वहां संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की ओपीडी एवं आईपीडी व्यवस्थाओं को विस्तार से देखा तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अस्पताल में उपलब्ध बेडों की संख्या तथा बेड ऑक्यूपेंसी की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय से समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा भर्ती मरीजों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाएं ऐसी हों कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या, चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाओं के वितरण तथा उपचार व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता, दवा उपलब्धता, मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार तथा समयबद्ध चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों को अनावश्यक असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने संबंधित सीडीपीओ को निर्देशित किया कि क्षेत्रवार ड्यू लिस्ट तैयार की जाए, ताकि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों से संबंधित सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि ड्यू लिस्ट के माध्यम से पात्र लाभार्थियों तक समय से पहुंच बनाकर स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और जमीनी स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

# डॉ. आंबेडकर चेतन वाहन रैली निकल गई



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** भारतीय दलित पैंथर कानपुर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल, कम्पनी बाग चौराहा नवाबगंज कानपुर से डॉ अम्बेडकर प्रतिमा, नानाराव पार्क, फूलबाग कानपुर तक डॉ. अम्बेडकर चेतना वाहन रैली का आयोजन किया गया।

जिसमें सैकड़ों वाहनों के साथ अम्बेडकर अनुयायियों ने जय भीम के नारों के साथ नीले झंडे व बाबासाहेब के चित्रों के साथ शिरकत करते हुए कार्यक्रम को भव्य रूप दिया।

डॉ. अम्बेडकर चेतना वाहन रैली का आयोजन संविधान निर्माता भारत-रत्न परमपूज्य बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जी के 135वें जन्मोत्सव समारोह के पर्व को भव्य एवं आकर्षक रूप से मनाये जाने के लिए की गई।

कार्यक्रम के संयोजक पैंथर धनीराम बौद्ध ने अपने सम्बोधन में कहा की डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी ने एक समुदाय के लिए नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज के हित का भारतीय संविधान की रचना कर मानव कल्याण को अंगीकार किया है।

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस बलरामपुर में धूमधाम से मनाया गया, कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*



**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस जिलेभर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के 1724 बूथों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सोमवार को तुलसी पार्क स्थित पार्टी कार्यालय 'अटल भवन' में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने अटल बिहारी वाजपेयी के सहयोगियों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान को याद किया। स्थापना दिवस के अवसर पर शिव प्रसाद द्विवेदी, कुसुम चौहान, श्रीचंद शुक्ल, डीपी सिंह बैस, अशोक गुप्ता, डॉ. ए.के. सिंह, किशोरी बाबा और राम उजागर पांडेय को माल्यार्पण एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। सदर विधायक पलटू राम ने अपने संबोधन में अटल जी को याद करते हुए उनकी प्रसिद्ध पंक्तियां ÷क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं उद्धृत कीं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का 'अंत्योदय' का सपना आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को अटल जी के नेतृत्व में भाजपा का गठन हुआ था। उन्होंने बताया कि मात्र दो सीटों से शुरुआत करने वाली पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं की पार्टी बन चुकी है। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह और प्रदीप सिंह ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में भाजपा ने तीन बार केंद्र में सरकार बनाई, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार कार्य करते हुए नया इतिहास रचा है। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि भाजपा की नींव अनुशासन पर आधारित है और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता के कारण ही आज पार्टी 22 राज्यों में सत्ता में है तथा केंद्र में तीन बार सरकार बना चुकी है। उन्होंने आगामी चुनावों में भी पार्टी की जीत का विश्वास जताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, नपा अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, आद्या सिंह, संजय शुक्ला, वरुण सिंह मोनू, महामंत्री डॉ. अजय सिंह पिंकू, बिंदु विश्वकर्मा, श्याम मनोहर तिवारी, राधेश्याम वर्मा, राजाराम गौतम, हेमंत जायसवाल, मीडिया प्रभारी डीपी सिंह वैस और सह मीडिया प्रभारी अवधेश पांडेय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इस्टीमेट मंगाइए, इलाज खर्च में सरकार करेगी भरपूर मदद : सीएम योगी

**जनता दर्शन**

- गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाने वालों को मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त
- गोरखनाथ मंदिर में 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री योगी ने
- अधिकारियों को दिए त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण के दिए निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वे उच्चीकृत अस्पताल से इस्टीमेट मंगवा लें, इलाज खर्च में सरकार भरपूर आर्थिक मदद करेगी। सीएम योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए यदि कोई पात्र व्यक्ति शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है तो उसे तत्काल योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। कैंसर से पीड़ित अपने परिजन के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला से मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्चीकृत सरकारी अस्पताल में मरीज को दिखाकर इस्टीमेट मंगवा लीजिए। इलाज में पूरी मदद की जाएगी।

जनता दर्शन में एक बिटिया ने कमजोर पारिवारिक आर्थिक स्थिति का जिक्र कर पढ़ाई के लिए फीस जमा करने में आ रही बाधा की बात मुख्यमंत्री को बताई। इस पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिटिया की स्कूली फीस की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने सिद्धार्थनगर से आई एक जरूरतमंद महिला को पेंशन और अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी निर्देश दिए।

## सत्ता नहीं, संस्कार की है भाजपा की विकास यात्रा : मुख्यमंत्री

- भाजपा के स्थापना दिवस पर सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम पर फहराया पार्टी का झंडा



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने झंडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भाजपा के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा की विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है। विस्तार की नहीं, विचार की है। 'अंत्योदय से राष्ट्रोदय' के संकल्प की सिद्धि की है।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में पार्टी का झंडा फहराने के अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, नगर निगम के उप सभापति पवन त्रिपाठी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, पार्षद दुर्गेश बजाज, जंगल कौड़िया के ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, भरोहिया के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा के स्थापना दिवस पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिये सीएम योगी ने कहा, 'विश्व के सबसे विशाल राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई।

## जामिया फ़ारूक़ीय मदरसा के बच्चों ने सिखा योगासन



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** जामिया फ़ारूक़ीय मदरसा, रैवदीतालाब में एक विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज सोमवार को किया गया। योग प्रशिक्षण में लगभग सैकड़ो बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता और शारीरिक-मानसिक संतुलन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया, जो योग वेलनेस सेंटर, स्वामी विवेकानंद स्मारक चिकित्सालय, भेलूपुर वाराणसी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बच्चों को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन जैसे सरल योगासन सिखाए गए, जिससे उनके शरीर की लचीलापन बढ़े और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सके। साथ ही, अनुलोम-विलोम और कपालभाति जैसे प्राणायाम के माध्यम से श्वसन तंत्र को मजबूत बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

श्री पाण्डेय ने बच्चों को बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास और अनुशासन भी विकसित होता है। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन कम से कम 20-30 मिनट योग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मदरसे के शिक्षकों ने भी सक्रिय सहयोग दिया और योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की सराहना की।

## पीएनजी गैस सेवा पूरी तरह सुरक्षित, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल : प्रवीण गौतम




**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** सारनाथ स्थित काशी कुष्ठ सेवा संघ में आज सोमवार को एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा पाइप नेचुरल गैस सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था परिसर में गैस पाइपलाइन स्थापित कर लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया।

गेल इंडिया लिमिटेड के प्रबंधक प्रवीण गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस योजना के अंतर्गत अब काशी कुष्ठ सेवा संघ में रहने वाले लोगों एवं चिकित्सालय से जुड़े सभी कर्मियों को पीएनजी गैस की सुविधा प्राप्त होगी। इससे न केवल खाना बनाने में आसानी होगी, बल्कि पारंपरिक ईंधनों से होने वाली परेशानी और प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि,पीएनजी सेवा पूरी तरह सुरक्षित,किफायती और पर्यावरण के अनुकूल है। इसके उपयोग से समय की बचत के साथ-साथ स्वच्छता भी बनी रहती है। इच्छुक लोग गेल इंडिया द्वारा उपलब्ध कराए गए बारकोड के माध्यम से संपर्क कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह सेवा काशी कुष्ठ सेवा संघ के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी, जहां लंबे समय से समाजसेवा और रोगियों की देखभाल का कार्य किया जा रहा है। संस्था के संस्थापक पद्मश्री डॉ. स्वर्गीय भोलानाथ द्वारा स्थापित यह सेवा संघ आज भी जरूरतमंदों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। संस्था के अंतर्गत संचालित श्री मंगला प्रसाद क्षय कुष्ठ चिकित्सालय में भी इस सुविधा से मरीजों और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## राग झिझोटी में सितार-तबला की अंतरराष्ट्रीय जुगलबंदी ने मोहा मन




**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** काशी की सांगीतिक परंपरा एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्वर में गूंज उठी, जब रूस के सितार वादक स्टेपन सितार और वाराणसी के प्रख्यात तबला वादक कुशल कृष्ण ने मंच साझा कर शास्त्रीय संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में राग झिझोटी की मनमोहक प्रस्तुति और तीनताल की जटिल लयकारी ने श्रोताओं को देर तक बांधे रखा। कार्यक्रम का आरंभ स्टेपन सितार द्वारा राग घीघोंटी के आलाप से हुआ, जिसमें उन्होंने धीरे-धीरे राग के स्वरूप को विस्तार देते हुए उसकी गहराई और भाव पक्ष को उभारा। उनकी प्रस्तुति में भारतीय शास्त्रीय संगीत की गंभीर साधना और विदेशी कलाकार के रूप में उनकी लगन साफ झलक रही थी। जैसे-जैसे प्रस्तुति आगे बढ़ी, मध्यम और द्रुत लय में गतों के माध्यम से उन्होंने राग की सुंदरता को और निखारा। तबला पर संगत करते हुए कुशल कृष्ण ने तीनताल में अपनी लयकारी का शानदार प्रदर्शन किया।

## पहाड़ में सुराख करते समय पहाड़ खिसकने से तीन मजदूर मलबे में दबे

- दो मजदूरों की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने मेडिकल कालेज झांसी किया रेफर

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** पत्थर उद्योग मंडी कबरई क्षेत्र के डहर्रा गांव के पहाड़ में सुराख करते समय पत्थर खिसकने के कारण निकले मलबे की जद में आकर तीन मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गए। आनन फानन में पहाड़ पर काम कर रहे मजदूर घायलों को जिला अस्पताल ले गए, जहां पर दो की हालत नाजुक होने पर उन्हें डाक्टरों ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया है।

डहर्रा गांव के पहाड़ नंबर-1 की खदान में लगभग 20 मजदूर काम कर रहे थे। टीकामऊ गांव निवासी विजय(20), दयाशंकर (28) और शिवचरण (18) ड्रिल मशीन से पहाड़ में सुराख कर रहे थे, तभी पहाड़ का एक पत्थर खिसक गया और उनमें से निकले मलबे के नीचे तीनो मजबूर दब गए। मजदूरों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद अन्य श्रमिकों ने तुरंत मलबे में दबे अपने साथियों को बाहर निकाला और आनन-फानन में महोबा के जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।



अस्पताल में तैनात डक्टर नवीन चौहान ने घायलों का उपचार किया, लेकिन हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद विजय और शिवचरण को मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही घायल मजदूरों के परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण पहाड़ की ऊपरी सतह ढीली हो गई थी। इसके बावजूद, बिना किसी सुरक्षा जांच के मजदूरों को काम पर लगाया गया था। ड्रिलिंग के दौरान अचानक भारी भरकम पत्थर नीचे गिर गया, जिसकी चपेट में आकर तीनों मजदूर दब कर घायल हो गए।

## पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट से मुक्ति दिलाने हेतु उमड़ा शिक्षकों का सैलाब




**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** टीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में (टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) के बैनर तले देश के कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के लाखों शिक्षकों ने रामलीला मैदान दिल्ली पहुँच कर बता दिया कि शिक्षकों के साथ अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

रैली में उपस्थित सभी शिक्षकों ने साफ़ कहा कि भर्ती के समय सरकार द्वारा जो भी नियम और योग्यता निर्धारित की उसे अर्जित करने के बाद ही सभी शिक्षक नियुक्ति पाये है। मा0 सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता थोपा जाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिक्षकों ने कहा कि उनकी नियुक्ति सरकार द्वारा की गई इसलिए उसकी सेवा शर्तों की सुरक्षा का दायित्व भी सरकार का है । फेडरेशन ने माँग की कि भारत सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पूर्वव्यापी प्रभाव को समाप्त करने के लिये क़ानून बनाए। रैली के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने रैली को संबोधित करते हुए कहा हम देश के शिक्षकों की आवाज को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री तक पहुँचाएँगे और शिक्षकों का अहित नहीं होने दिया जायेगा। टीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा द्वारा देश भर से आये साथियों का आभार व्यक्त किया गया है।

## नोडल अधिकारी ने गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर लिया जायजा

**महोबा।** क्षेत्र में बनाए गए गेहूं क्रय केंद्रों का नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार कुलपहाड़ ने सहकारी संघ गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण दौरान रजिस्टर में पंजीकृत किसानों का ही गेहूं खरीदने के केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बिचौलियों और व्यापारियों का गेहूं न खरीदने की चेतावनी दी।

कस्बा जैतपुर में सहकारी संघ का किसानों का गेहूं खरीद क्रय केंद्र बनाया गया है। निरीक्ष दौरान गेहूं खरीद केंद्र पर पांच किसानों जो रजिस्टर में पंजीकृत है उनका गेहूं खरीदा गया पाया गया। पंजीकृत किसानों का गेहूं खरीदने के केंद्र प्रभारी मथुरा प्रसाद को निर्देश दिए गए। केंद्र में सोमवार को किसानों का 300 क्विटल गेहूं खरीदा गया। केंद्र प्रभारी ने बताया कि जिन किसानों का पंजीयन हो चुका है उन्हीं किसानों का ही केंद्र पर फसल खदीरी जाएगी। किसानों ने नायब तहसीलदार नोडल अधिकारी से एक और क्रय केंद्र बनाए जाने के लिए मांग की।

## डीएम की अध्यक्षता में हीटवेव प्रबंधन और पेयजल को लेकर बैठक हुई संपन्न



**फैजान अली**

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को हीट वेव प्रबंधन और जल जीवन मिशन (पेयजल) से संबंधित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था की तैयारी के साथ रैन बसेरों में सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागों को प्रचार प्रसार करने एवं ट्रेनिंग, माक अभ्यास कराने के निर्देश दिए जिससे लू एवं हीट वेव से बचाव किया जा सके ।

बैठक में डीएम ने सिंचाई विभाग को सभी तालाबों को भरने के निर्देश दिए। डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी, नगरीय निकाय को गौशालाओं में पानी, भूसें, चारें की व्यवस्था और पीने के पानी को ठंडा रखने के लिए चरही के ऊपर शेड लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को यात्री प्रातिक्षालय में प्रतिक्षा कर रहे यात्रियों के बैठने, पंखा, कूलर की व्यवस्था करने के अलावा वहां पर साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की हिदायत दी। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग संक्रामक

- सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल व्यवस्था के दिए गए निर्देश

रोग व अन्रू बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक निषेधात्मक व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाए। डीएम ने कहा कि प्रत्येक सीएचसी, पीएचसी पर डॉक्टरों की ड्यूटी 24 घंटे रहे और जीवन रक्षक दवाएं व एंटी वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मनरेगा के समस्त मजदूरों को स्वच्छ जल एवं उचित छाया एवं स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर मजदूरों, कार्मिकों का रुटीन चेकअप व ओआरएस की व्यवस्था की जाए आवश्यकतानुसार कार्य के घंटे में परिवर्तन किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार, डिप्टी कलेक्टर सल्तनत परवीन सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थिति रहें।

## किन्नर समाज ने 2026 विधेयक बिल के खिलाफ पीएम मोदी के नाम सौंपा ज्ञापन




**अलीगढ़।** जनपद में किन्नर समाज ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर 2026 विधेयक बिल के विरोध में भारी संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय तक हाथ में बैनर लिए और किन्नर विरोधी बिल वापस लो के नारे लगाते रहे। कलेक्ट्रेट पर पीएम मोदी के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी अलीगढ़ को सौंपा। जिसमें उनकी मांग है कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति संशोधन विधेयक बिल 2026 का विरोध करते हैं। क्योंकि उपरुक्त बिल किन्नर समाज के हित में नहीं है। यह बिल किन्नर समाज का उत्पीड़न करने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी मोदी से मांग करते हैं कि हमारी आवाज को सुने और बिल के प्रावधानों की समीक्षा करें और इसको वापस ले। इस संशोधन बिल को अतिशीघ्र रद्द करें ताकि हमारे अधिकार सुरक्षित रहें। ज्ञापन देने वालों में चवानी माई, पिंकी शर्मा, नव्या, हिना, आरती नदगीरी, नीलम सोनी आदि सैकड़ों की संख्या में किन्नर मौजूद रहे।

## अलीगढ़ पुलिस ने विभिन्न कम्पनियों के गुम/खोये 235 फोन किए बरामद



**अलीगढ़।** एसएसपी अलीगढ़ के निर्देशन में सर्विलांस सेल व विभिन्न थानों की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही कर 'CEIR पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए विभिन्न कम्पनियों के गुम/खोये कुल 235 एण्ड्रॉइड मोबाइल फोन कुल अनुमानित कीमत ? 40,51,615 (चालीस लाख इक्यावन हजार छः सौ पन्द्रह रुपये) किये बरामद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ द्वारा बरामद शुदा मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को किया गया वितरित। अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर खिले लोगों के चेहरे।

## भाजपा जिला मुख्यालय पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया

**अल्ताफ उल्लाह खान**

**फर्रुखाबाद।** आवास विकास स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में पार्टी का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी मुख्यालय पर सांसद मुकेश राजपूत भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर भूदेव सिंह एवं पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत मिष्ठान वितरण हुआ एवं संगोष्ठी आयोजन के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। पार्टी जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं,कार्यकर्ताओं एवं पूर्व के पदाधिकारियों को भगवा गमछा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने संबोधन दिया।



मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने कहा 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए हुई इसके पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई थे। राष्ट्र प्रथम और सेवा ही संगठन के मूल मंत्र के साथ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक राष्ट्रवादी संगठन का निर्माण किया गया वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व प्रदेश में बहुमत की सरकार चल रही है। भाजपा का संगठन एक परिवार के रूप में कार्यकरता है। प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन के प्रति निष्ठावान बनकर पार्टी को शिखर पर पहुंचने के लिए कार्य करना है। 1951 में जनसंघ की स्थापना के बाद देश में एक ऐसे राजनीतिक दल की आवश्यकता थी किसी के साथ 1980 में भाजपा के रूप में एक सर्वव्यापी सर्व स्पर्शी संगठन का निर्माण किया गया जिसकी विचारधारा राष्ट्रवाद से प्रेरित थी देश को भ्रष्टाचार और आतंक से मुक्त करने का संकल्प लेकर पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई आगे बढ़े। भाजपा की अनविरत यात्रा में करोड़ो कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बना दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार तीसरी बार लगातार केंद्र की सत्ता पर काबिज हुई सेवा और संकल्प के उसे विश्वास को दृढ़ संकल्पित होकर केंद्रीय की सरकार जन कल्याण की ऐतिहासिक यात्रा के रूप में आगे बढ़ रही है। प्रत्येक कार्यकर्ता को सिद्धांतों और मूल्यों को ध्यान में रखकर महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करना है तभी हम विश्व गुरु कहलाएंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा भाजपा का यह 47वां स्थापना दिवस है इतनी लंबी भाजपा की यात्रा ने देश में एक विशाल परिवर्तन किया जो कार्य वर्षों से नहीं हो पा रहे थे उनको भी पूर्ण करते हुए धारा 370 गगनचुंबी राम मंदिर का निर्माण वफत संशोधन बिल जैसे राष्ट्रहित के कड़े और बड़े निर्णय लिए गए। आज बदलता हुआ भारत पूरी दुनिया को दिखाई दे रहा है वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भी भारत पर इसका कोई असर नहीं है। संगठन स्तर पर इस ऐतिहासिक दिवस को प्रत्येक बूथ, शक्ति केंद्रो, मंडलों, एवं विधानसभा स्तर पर एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। प्रत्येक बीजेपी का समर्पित कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में भाजपा का झंडा लगा रहा है। 2027 का विधानसभा चुनाव निकट है इसके लिए कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं एवं ऐतिहासिक निर्णयों की जानकारी पहुंचाने का कार्य करें।

## मुसहर परिवारों को मिला अधिकार, 12 परिवारों को पट्टा भूमि पर दिलाया गया कब्जा



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** खड्डा तहसील के नगर पंचायत छितौनी क्षेत्र अंतर्गत कुलहा में सोमवार को प्रशासन ने एक सराहनीय पहल करते हुए मुसहर समुदाय के पात्र परिवारों को उनके आवंटित आवासीय पट्टा भूमि पर विधिवत कब्जा दिलाया। इस कार्रवाई से लंबे समय से अपने अधिकार की प्रतीक्षा कर रहे गरीब परिवारों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देशानुसार पूर्व में आवंटित आवासीय पट्टों की जांच एवं सत्यापन उपजिलाधिकारी खड्डा के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। जांच पूरी होने के बाद सोमवार को मौके पर ही 12 मुसहर परिवारों को उनकी आवंटित भूमि पर कब्जा दिलाया गया। कब्जा प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में नन्हू पुत्र गुलाब मुसहर, रामबली पुत्र मोती मुसहर, चंदर पुत्र मेघू मुसहर, रामजीत पुत्र विदेशी मुसहर, नंदू पुत्र मुनेसर मुसहर, निरहारी पुत्र सुखराज मुसहर, राजधारी पुत्र सुखराज मुसहर, जगदीश पुत्र सुखराज मुसहर, बाबूलाल पुत्र सुखराज मुसहर, रामप्यारे पुत्र गुलाब मुसहर, जित्तू पुत्र नारायण मुसहर तथा लालजी पुत्र रामप्यारे मुसहर शामिल हैं।

## वाराणसी की खिलाड़ी खुशी सिंह ने कबड्डी में जीता गोल्ड, पूर्वोत्तर रेलवे का बढ़ाया मान



**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के वाणिज्य विभाग में कार्यरत सुश्री खुशी सिंह ने खेल जगत में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए मंडल और भारतीय रेलवे का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के सतना स्थित स्टेडियम में 19 से 22 मार्च 2026 तक आयोजित 5वीं सीनियर फेडरेशन कबड्डी कप-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। खुशी सिंह ने इस प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए भारतीय रेलवे की महिला कबड्डी टीम के साथ खेला। फाइनल मुकाबले में भारतीय रेलवे की टीम ने हरियाणा की टीम को 34-24 के अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें खिलाड़ियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया।

अवधनामा



## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को उनके अधिकारों की दी जा रही जानकारी : शशिकांत यादव

### पटरंगा पुलिस ने दमगढ़ी में चलाया जागरूकता अभियान

**मवई -अयोध्या।** पटरंगा पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक प्रतीक्षा,हेड कांस्टेबल स्मिता पटेल ने मिशन शक्ति टीम/ एंटी रोमियो टीम की उपस्थिति में ग्राम दमगढ़ी मजरे नूरपुर में बालिकाओं के साथ मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत् मिशन शक्ति जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु प्रेरित किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, बीसी सखी योजना आदि एवं हेल्पलाइन नंबरों वूमेन पावरलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, सीएम हेल्पलाइन -1076, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098, साईबर हेल्पलाइन - 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन -102, एम्बुलेंस सेवा -108 आदि के विषय में जागरूक किया।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक पटरंगा शशिकांत यादव ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है।मिशन शक्ति उसी कड़ी में महत्वपूर्ण अभियान है।जिसके तहत महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में जागरूकता एवं आत्म विश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## ग्रामीणों पर हमला करने वाले गोवंश को आंदोलन की चेतावनी पर अधिकारियों ने गौशाला भिजवाया

**जाना बाजार -अयोध्या।** आधे दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों पर हमला करने वाले गोवंश को आंदोलन की चेतावनी पर अधिकारियों ने गौशाला भिजवाया है। इसके उपरांत ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है । मामला विकासखंड तारुन के हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे मनोहर गांव का है । जहां पर कई दिनों से एक छुट्टा गोवंश (साड़) गांव के नन्हे, रन्नू, मल्लू, श्रीमती, पलक और जगन्नाथ तिवारी सहित ग्रामीणों पर हमला कर घायल कर चुका है । जिसकी शिकायत गांव के पूर्व प्रधान लल्लू पांडेय, वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि शीतला सिंह, जगन्नाथ तिवारी, निरंकार दुबे अधिकारियों सहित पुलिस को दिया परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई । जिस पर छुट्टा गोवंश गांव के बाबूराम तिवारी के द्वारा के आसपास घूमते हुए बाबूराम सहित परिजनों पर आक्रामक होने लगा। जिसके डर से बाबूराम सहित उनका परिवार घर में ही कैद हो गया । इसकी सूचना समाज से भी उपेंद्र दुबे को दी गई जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी बीकापुर को कई बार फोन लगाया परंतु फोन नहीं उठा । थक हार कर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या कृष्ण कुमार सिंह और खंड विकास अधिकारी तारुन आनंद श्रीवास्तव को फोन लगाकर कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दे दी ।

## मवई चौराहे पर होम्योपैथिक डॉ अहमद होम्योपैथिक क्लीनिक का भव्य उद्घाटन

**रूदौली-अयोध्या।** शहर के मवई चौराहे पर आज एक नए डॉ अहमद होम्योपैथिक क्लीनिक भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नीरव अरोड़ा वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक लखनऊ उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में डॉ. ताबिश (एमएस न्यूरो, फैजाबाद) एवं डॉ. आसिफ (एमएस ऑर्थो, लखनऊ) शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नीरव अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति आज के समय में सुरक्षित और प्रभावी इलाज का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनती जा रही है। उन्होंने नए डॉ अहमद होम्योपैथिक क्लीनिक के संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा।

विशिष्ट अतिथि डॉ. ताबिश एवं डॉ. आसिफ ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के डॉ अहमद होम्योपैथिक क्लीनिक खुलने से मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी।उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, चिकित्सक एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी शिकायतें, समयबद्ध निस्तारण करने के लिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आमजन की शिकायतें सुनीं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने राजस्व, पुलिस, विकास, नगर निगम एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं।जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट,उप जिलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने मौके पर ही प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की।

## वरिष्ठ पत्रकार समीर शाही की माता का निधन, पत्रकारों में शोक की लहर

**अयोध्या।** जनपद के वरिष्ठ पत्रकार समीर शाही की माता ऊषा सिंह (65) का निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वह थाना तारून क्षेत्र के ग्राम बेलगारा की निवासी थीं। उनका देहांत उनके पैतृक गांव में हुआ।माता ऊषा सिंह के निधन की खबर मिलते ही परिजन, शुभचिंतक एवं पत्रकार साथियों में शोक की भावना फैल गई। इस आकस्मिक घटना से हर कोई स्तब्ध रह गया। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार भरतकुंड स्थित अंत्येष्टि स्थल पर किया गया। मुखाग्नि उनके पिता सूर्यभान सिंह ने दी।इस दुखद समाचार से पत्रकारिता जगत सहित पूरे इलाके में गहरा शोक व्याप्त है। सभी लोग ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना कर रहे हैं।

## सुशासन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** सेवा, समर्पण के साथ सुशासन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस पार्टी कार्यालय सहादतगंज में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा विश्व कल्याण की भावना के साथ हवन-पूजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में 51 बटुक ब्राह्मणों द्वारा स्वास्ति वाचन किए जाने से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया गया। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया और संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी की विचारधारा, इतिहास और विकास यात्रा पर चर्चा की गई।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सुशासन और राष्ट्रहित के सिद्धांतों पर आधारित एक सशक्त संगठन है, जिसने अपने कार्यकर्ताओं के समर्पण और सेवा भावना के बल पर देश की राजनीति में विशिष्ट स्थान बनाया है।

पूर्व जिलाध्यक्ष बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा तक का सफर संघर्ष, त्याग और कार्यकर्ताओं की निष्ठा का परिणाम है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश कार्यकर्ताओं को दिया।इससे पूर्व नगर निगम परिसर स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय, बस स्टेशन स्थित डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी व जिला पंचायत कार्यालय स्थित अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश गुप्ता, गोकरन द्विवेदी, शकुंतला त्रिपाठी, महंत राम कुमार दास, इंद्र देव जायसवाल, आदित्य नारायण मिश्र, ज्ञानेश्वर भटनागर, प्रेम सागर मौर्या, राजकुमार पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, सहकारी बैंक के सभापति धमेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, राम प्रीत वर्मा, परमानंद मिश्र, शैलेन्द्र कोरी, शिवेन्द्र सिंह, तिलकराम मौर्या, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नियम कानून के दायरे में पीड़ितों की हर संभव मदद की जायेगी: मनोज कुमार

*अवधनामा संवाददाता*

**मवई- अयोध्या।** नवागत थानाध्यक्ष मवई मनोज कुमार ने सोमवार को थाना मवई पहुंच कर कार्य भार ग्रहण कर लिया है।कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सबसे पहले स्टॉफ कर्मियों के साथ बैठक कर मातहतों से परिचय प्राप्त किया और थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की।उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को हिदायत देते हुए कहा कि सभी पुलिस कर्मी अपने दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाएं।थाना क्षेत्र में कहीं भी छोटी मोटी घटना हो तो तत्काल संज्ञान लेकर उसका निस्तारण करें, क्योंकि कभी कभी छोटी छोटी घटनाएं भी बड़ा रूप धारण कर लेती हैं। नवागत थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि अपराध नियंत्रण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। नियम कानून के दायरे में हर संभव मदद की जाएगी।उन्होंने बीट सिपाहियों को अपने अपने हल्कों में नियमित गशत करने की हिदायत दी।उन्होंने उप निरीक्षकों को भी अपने क्षेत्र में भ्रमण कर गांवों में चल रहे विवादों की जानकारी कर उनका समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए।नवागत थानाध्यक्ष ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति बगैर किसी माध्यम के आकर अपनी समस्या बताए उसकी हर संभव मदद की जाएगी।इस अवसर पर निवर्तमान थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल ने अपने विदाई समारोह में भावुक होकर सभी पुलिस कर्मियों का सहयोग करने के लिए आभार प्रकट किया।श्री पटेल ने कहा कि ट्रांसफर पोस्टिंग एक विभागीय प्रक्रिया है जो समय समय पर होती रहती है।उन्होंने अपराध नियंत्रण में सहयोग करने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ साथ मवई क्षेत्र की जनता का भी धन्यवाद दिया।इस दौरान थाने के स्टाफ ने सुरेश कुमार पटेल का फूल माला पहनाकर विदाई दी।सुरेश कुमार पटेल जब मवई थाना से कुमारगंज के लिए रवाना हुए तो थाने के सभी पुलिस कर्मी भावुक हो गए थे।इस अवसर पर चौकी इंचार्ज रामदास नगर आयुष यादव,उप निरीक्षक शिवसिंह,उप निरीक्षक प्रमोद यादव,उप निरीक्षक दिनेश सिंह, उप निरीक्षक अवधेश सिंह,उप निरीक्षक ज्ञान सिंह,उप निरीक्षक अवधेश यादव, एस आई विपिन मौर्या,हेड कांस्टेबल संतोष सरोज,दीवान अरविंद यादव,राम चंद्र,राम आश्रय यादव,विजय यादव,शशिकांत सहित सभी पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## ज्ञान यज्ञ से हुआ नव सत्र का शुभारंभ, संस्कार और शिक्षा का संगम

**गोसाईगंज- अयोध्या।** गद्दोपुर स्थिति ग्रामर्षि एकेडमी इंटरनेशनल, में सोमवार को नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ वैदिक विधि-विधान के साथ हवन-पूजन कर किया गया। पूरे परिसर में मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक वातावरण के बीच कार्यक्रम अत्यंत भव्य और प्रेरणादायक रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक डॉ0 अंजू पांडे द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात बच्चों को तिलक लगाकर नई कक्षाओं में प्रवेश कराया गया। नव कक्षाओं में प्रवेश करते ही बच्चों के चेहरों पर उत्साह और नई ऊर्जा स्पष्ट झलक रही थी।

इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. अंजू पांडे ने अपने आध्यात्मिक संदेश में कहा कि नवीन सत्र केवल कक्षाओं का परिवर्तन नहीं, बल्कि आत्म-विकास और नए संकल्पों की शुरुआत है।

## नीलगायों के आतंक से किसान परेशान, पकी गेहूं की फसल रौंदकर कर रहीं बर्बाद



**मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** विकास खंड मिठौरा क्षेत्र में नीलगायों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे किसान काफी परेशान हैं। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दर्जनों की संख्या में नीलगायों के झुंड पके हुए गेहूं के खेतों में घुसकर फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। नीलगाय फसल को खाने से ज्यादा रौंदकर नष्ट कर रही हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। इस समय खेतों में गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी है, जिसे देखकर किसान खुश थे। लेकिन नीलगायों के बढ़ते उत्पात ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। किसान महेश, चंद्रिका, सुरेश, धीरज, अंगद और रामभवन आदि ने बताया कि नीलगायों के झुंड रात में खेतों में घुस आते हैं और पूरी फसल को रौंदकर बर्बाद कर देते हैं। किसानों का कहना है कि पहले खेतों में आदमी का पुतला (कौआ भगाने वाला) लगाने से नीलगाय नहीं आती थीं, लेकिन अब यह उपाय भी बेअसर साबित हो रहा है। क्षेत्र के लेदवा, बौलिया राजा, रामपुर मीर, पतरेगवा, पिपरा कल्याण, खजुरिया और पनेवा आदि गांवों में नीलगायों का आतंक अधिक देखा जा रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नीलगायों से फसल बचाने के लिए ठोस उपाय किए जाएं, ताकि उनकी मेहनत बर्बाद न हो।

## सिसवा में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



**सिसवा बाजार (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** सिसवा क्षेत्र में सोमवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र बहादुर सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में अधीक्षक सिसवा डॉ0 ईश्वर चंद विद्यासागर, खंड कार्यक्रम प्रबंधक अविनाश सिंह, खंड समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक प्रदीप चौरसिया, स्वास्थ्य कार्यकर्ता बिकाऊ प्रसाद, स्टाफ नर्स प्रिया व श्वेता सिंह तथा एएनएम सुचिता पाल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## स्कूल चलो अभियान रैली का भाजपा जिलाध्यक्ष नर किया शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली, बाराबंकी।** ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली उच्च प्राथमिक विद्यालय मसौली में आयोजित की गई। स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह भुल्लन वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि मो मुईन अन्सारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना कर बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया। स्कूल चलो अभियान रैली में उच्च प्राथमिक विद्यालय मसौली, रफी मेमोरियल ब्याज प्राइमरी स्कूल के बच्चे स्लोगन लिखी तख्तियां जिसमें हम सबने ठाना है, स्कूल जरूर जाना है।हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है के नारे लगाते हुए अभिभावकों को जागरूक किया। कार्यक्रम में आगंतुकों ने सिंदूर व रुद्राक्ष का पौधरोपण कर बच्चों को पौधे लगाने के प्रति प्रेरित किया। बच्चों को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह भुल्लन वर्मा ने कहा कि प्यारे बच्चों आप सभी खूब पढ़े और पढ़ लिखकर अपने माता पिता का नाम रोशन करें। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक शासकीय कार्यक्रम नहीं, अपितु समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है एक ऐसा संकल्प, जो हर बच्चे को शिक्षा के प्रकाश से आलोकित करने का संदेश देता है। शिक्षा मनुष्य के जीवन का वह अमूल्य आभूषण है, जो उसे न केवल ज्ञान से समृद्ध करता है, बल्कि उसके व्यक्तित्व को भी सशक्त, संस्कारित और आत्मनिर्भर बनाता है। जब बच्चे शिक्षित होंगे तभी देश शिक्षित होगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेन्द्र कुमार ने स्कूल चलो अभियान रैली के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को विद्यालय में नामंकित कराना है।इस मौके पर आदित्य वर्मा, राजेश यादव, राहत फातिमा, प्रधानाध्यापक मो असरार, संगीता वर्मा,अन्नू देवी, दीप्ति यादव,सत्यम वर्मा, अजय सिंह यादव, गुंजन वर्मा, फातिमा सबीहा,साबिया मारूफ, कृष्ण कुमार रुहेला,मोहम्मद तारिक किदवई, आशाराम, ओवैस रशीद किदवई सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से किसानों की फसल जलकर हुई बर्बाद




*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते एक किसान की मेहनत देखते ही देखते राख हो गयी खेत मे मौजूद समरसेबूल पम्प से ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर आग को बुझाया तब तक किसान की करीब एक एकड़ फ़सल राख हो गयी। बताते चले कि रविवार की दोपहर को विद्युत उपकेंद्र मसौली से ग्राम पंचायत रहरामऊ स्थित राजकीय नलकूप को जाने वाली 11 हजार हाईटेंशन लाइन के ढीले तार से निकली चिंगारी ने सपा विधायक गौरव रावत के प्रतिनिधि रिजवान संजय के खेत में खड़ी गेहूं की तैयार फसल को आग के हवाले कर दिया। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते करीब 4 बीघे फ़सल जलकर राख हो गयी मौक़े पर मौजूद ग्रामीणों ने समरसेबूल व फ़सल की जुताई कर किसी तरह आग को काबू लिया। विधायक प्रतिनिधि ने लगाया लापरवाही का आरोप अग्निकाण्ड मे गेहूं की फ़सल जलने पर सपा विधायक के प्रतिनिधि एव किसान रिजवान संजय ने बिद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि राजकीय नलकूप के लिए जाने वाली 11 हजार हाईटेंशन जो गांव को गयी है उससे न जोड़कर किसानो के खेतो के बींच से 11 हजार हाईटेंशन लाइन खींची गयी है ढीले तारो एव जर्जर जमफरों के चलते आये दिन चिंगारियां निकलती रहती है उन्होंने बताया कि खेतो के बींच से निकली हाईटेंशन लाइन को हटाने के लिए तमाम बार शिकायते की गई लेकिन लाइन को हटाया नहीं गया जिसका ही नतीजा है कि आज हजारो रुपये की फ़सल आग मे जलकर राख हो गयी।

## अराजक तत्वों ने बाबा साहब की मूर्ति किया छतिग्रस्त, पूर्व सांसद पहुंचे

**बाराबंकी।** पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने आज निन्दूरा ब्लाक में ग्रामसभा खरहानी के मजरा अन्नीपुरवा में डा0 भीम राव अम्बेडकर जी की मूर्ति को अराजक तत्वों के द्वारा छतिग्रस्त किये जाने पर घोर निन्दा की है और मौके पर पहुंच कर यथा स्थान का जायजा करते हुये प्रशासन को अवगत कराते हुये कहा कि, यह घटना तुच्छ मानसिकता की प्रवृत्ति है, तथा ऐसे लोग समाज में घटना तक अफवाहे फैलाते हैं एवं सामज में विखण्डन के कार्य की नीति करते हैं, ऐसे अराजक तत्वों को चिन्हित कर उचित कार्यवाई करें और भविष्य में ऐसी घटनाऐं न हो जिसके लिये प्रशासन सचेत रहे। प्रशासन के द्वारा स्थिति को भांपते हुये बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति मंगवाकर पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया एवं समस्त ग्रामवासियों के कर कमलों के द्वारा स्थापित की गयी। इस अवसर पर पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया का समस्त ग्रामवासियों ने आभार व्यक्त किया।

## मुनींद्र नाथ त्रिपाठी बने उत्तर प्रदेश सचिवालय में समीक्षा अधिकारी, क्षेत्र में खुशी



**नौतनवा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** नौतनवा तहसील के ग्राम पंचायत हनुमानगढ़िया भगवानपुर निवासी राधेश्याम त्रिपाठी के पुत्र मुनींद्र नाथ त्रिपाठी उर्फ मनीष त्रिपाठी ने वर्ष 2026 में उत्तर प्रदेश सचिवालय की समीक्षा अधिकारी परीक्षा में 22वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बताया जाता है कि मुनींद्र नाथ त्रिपाठी शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत लेखपाल परीक्षा उत्तीर्ण कर की और सिद्धार्थनगर में लेखपाल के पद पर कार्य किया। इसके बाद उन्होंने लोक सेवा आयोग की परीक्षा भी उत्तीर्ण की। निरंतर प्रयास और मेहनत के बल पर उन्होंने अब उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय में समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन प्राप्त किया है। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों को दिया है।

## डॉ अनुपमा टिबड़ेवाल को योगी बाबा ने किया सम्मानित



**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** गरीबो की मसीहा कही जाने वाली डाक्टर अनुपमा टिपड़ेवाल को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रांत, गोरक्ष प्रांत, ब्रज प्रांत एवं श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा न्यास के तत्वाधान में आयोजित स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के सफलतापूर्वक संपन्न होने के पश्चात कार्यकर्ता सम्मान समारोह 2.0 का आयोजन सिटी मांटेसरी स्कूल, गोमती नगर विस्तार लखनऊ में आयोजित किया गया जिसमें स्वास्थ्य सेवा यात्रा में विशेष योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इसी के क्रम में बाराबंकी नगर स्थित अनुपमा हॉस्पिटल की संचालिका तथा प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपमा टिबड़ेवाल का सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उनके स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में किए गए विशिष्ट कार्यों तथा समाज सेवा के के लिए किया गया। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवकसंघ के सहसरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख स्वांत रंजन, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना तथा उ.प्र. विधान परिषद सभापति मानवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। इस सम्मान समारोह में नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन शाखा बाराबंकी के महासचिव डॉ रोहित प्रसाद को भी सम्मानित किया गया।

## डीएम ने सोनरा में फार्मर रजिस्ट्री व गेहूं खरीद का किया निरीक्षण

### व्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने सोमवार को ग्राम पंचायत सोनरा में फार्मर रजिस्ट्री एवं गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पंचायत भवन में हुई समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 449 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री प्रस्तावित है, जिनमें से 341 किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। शेष प्रकरणों में 38 नामों में असंगति (मिसमैच) पाई गई है। उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी दी कि इन मामलों में नाम सुधार की प्रक्रिया जारी है, जबकि बाकी किसानों से संपर्क कर उन्हें रजिस्ट्री के लिए प्रेरित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मौके पर ही दो किसानों की फार्मर रजिस्ट्री भी कराई गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि गांव स्तर पर इस कार्य को अभियान के रूप में संचालित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान वंचित न रह जाए। उन्होंने एसडीएम को खतौनी संबंधी त्रुटियों को शीघ्र ठीक कराने के निर्देश भी दिए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति, सोनरा स्थित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। यहां प्रभारी सचिव रामदयाल ने बताया कि बोरों के अभाव में खरीद अभी शुरू नहीं हो सकी है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया कि सभी क्रय केंद्रों पर तत्काल बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार सिंह, राजस्व कानूनगो, लेखपाल सुनील कुमार, ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं पर डीएम का छापा, सफाई पर फटकार

**महराजगंज।** जिलाधिकारी ने सोमवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रामा सेंटर वार्ड, डायलिसिस वार्ड, मेडिकल वार्ड, सर्जिकल वार्ड एवं ईएनटी वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डायलिसिस केंद्र पर कार्यरत एजेंसी के कर्मचारियों को ड्रेस कोड एवं पहचान पत्र (आईडी) के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं एवं उपचार व्यवस्था की जानकारी भी ली।

## घुघली में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैली का आयोजन



**महराजगंज (घुघली)। (अवधनामा संवाददाता)** बेसिक शिक्षा को मजबूत करने और एक भी बच्चा स्कूल से वंचित न रहे, इस उद्देश्य से घुघली विकास खंड में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैली निकालकर नामांकन बढ़ाने की मुहिम को गति दी गई। रैली के माध्यम से गांव-गांव जाकर अभिभावकों को बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया। बीआरसी परिसर से शुरू हुई इस रैली में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया और भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय ने अभियान का नेतृत्व करते हुए शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताया। रैली के दौरान बच्चों ने आकर्षक नारों और स्लोगनों के जरिए शिक्षा का महत्व बताया। ÷आधी रोटी खाएंगे, स्कूल में पढ़ने जाएंगे÷, ÷मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ÷ जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। खण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रभूषण पाण्डेय ने अभिभावकों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़ सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन नजदीकी विद्यालयों में अवश्य कराएं। इस दौरान शिक्षकों और स्कूल स्टाफ ने भी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। अभियान में क्षेत्र के सभी विद्यालयों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

# भाजपा ने धूमधाम से मनाया 47वाँ स्थापना दिवस

**सेवा, सुशासन और कल्याण के पथ पर अग्रणी भूमिका में खड़ी है भाजपा : जिलाध्यक्ष**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर बीजेपी ने सोमवार को अपना 47वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने पार्टी के सभी विधायक, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराया तथा विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने किया।

जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए एक पावन पर्व है। 6 अप्रैल 1980 को पार्टी जिस संकल्प के साथ भाजपा की नींव रखी थी वह अपने सेवा और सुशासन से विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनकर 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के पथ पर अग्रणी भूमिका में खड़ा है। उन्होंने भाजपा के गौरवमयी इतिहास और संघर्ष के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी ने कहा कि कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के 'एक देश, एक विधान' के प्रखर राष्ट्रवादी संकल्प और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के 'अंत्योदय' दर्शन को धरातल पर पार्टी ने लाकर पूरे विश्व को दिखा दिया विधायक राजा जय प्रताप सिंह कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में देश तथा प्रदेश को एक नई दिशा और पहचान दी है। आज भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ भाजपा की जीरो टॉलरेंस की नीति देश को आत्मनिर्भर और विकसित बना रही है।

सादर विधायक श्याम धनी राही ने कहा भारतीय जनता पार्टी 'राष्ट्र प्रथम' ही हमारा एकमात्र ध्येय है के आधार पर निरंतर आगे बढ़ रही है और भारतीय जनता पार्टी संगठन का मूल संकल्प सेवा और सुशासन है जिसे परमपूज्य योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में दिखा दिया है पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा के लिए राजनीति सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा की साधना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भाजपा ने भारत को एक नई दिशा और पहचान दी है। पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी ने कहा कि इस स्थापना दिवस पर हमें यह संकल्प लेना है कि हम 2047 तक 'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचे। कार्यक्रम को निवर्तमान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, श्रीमती साधना चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी , नगरपालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री फूलचंद जायसवाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार कुंवर, बृजबिहारी मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विजयकांत चतुर्वेदी, मनोज मौर्या आशीष शुक्ला महामंत्री फतेहबहादुर सिंह, फूलचंद जायसवाल पवन मिश्रा, चेयरमैन सहकारिता कुंवर विक्रम सिंह, दिलीप चतुर्वेदी डी सी फ़ चेयरमैन अजय उपाध्याय, अविनाश सिंह मंत्री सिद्धार्थ शंकर पाठक पूर्व मंत्री अरविंद उपाध्याय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्रा जिला पंकज जायसवाल मीडिया प्रभारी रमेश मणि , विक्की रस्तोगी सह मीडिया प्रभारी प्रभात तिवारी, कार्यालय मंत्री गगन श्रीवास्तव सहितपदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कंपोजिट विद्यालय बेलवालगुनही के बच्चों ने रैली निकाल संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खंड खेसरहा अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलवालगुनही में स्थित कंपोजिट विद्यालय बेलवालगुनही में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत संचारी रोग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को संचारी रोगों के खतरों के प्रति सचेत करना और स्वच्छता के महत्व को समझाना था। जागरूकता रैली का आयोजन विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ गांव की गलियों में जागरूकता रैली निकाली। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर बच्चों ने 'स्वच्छ रहें-स्वस्थ रहें' जैसे गगनभेदी नारे लगाए और ग्रामीणों को स्वच्छता एवं बेहतर स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रीता पांडेय के नेतृत्व में हुई। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से बचने का प्रभावी तरीका सावधानी और साफ-सफाई है।

# मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि ने किया सम्मानित

**डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज में अंक पत्र वितरण समारोह का आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत भारत भारी क्षेत्र अंतर्गत बढ़नी (कोल्ड स्टोरेज) स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज में सोमवार को अंक पत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि गुफरान अहमद रहे, जिन्होंने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 6 से लेकर कक्षा 11 तक के छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर सम्मानित किया गया। कक्षा 6 में नैन्सी मौर्या ने प्रथम, प्रिया मौर्या ने द्वितीय तथा काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में शीला गुप्ता प्रथम, मोहम्मद यासिर द्वितीय और शहबाज अहमद तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 में सौरभ गौड़ को प्रथम, एकता सोनी को द्वितीय तथा अंशिका को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में कक्षा 9 ए में शिवम वर्मा प्रथम, रमेश द्वितीय और प्रिंस शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 बी में वीरेंद्र ने प्रथम, मोहम्मद साकिब ने द्वितीय तथा चंद्र शेखर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 सी में अर्चिता प्रथम, सोनम गौतम द्वितीय और जानवी तृतीय स्थान पर रहीं। उच्च कक्षाओं में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 11 ए में शिवांगी पांडेय प्रथम, शालिनी यादव द्वितीय और गोसिया तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि कक्षा 11 बी में करिश्मा चौधरी ने प्रथम, चंदा ने द्वितीय और परवेज ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुफरान अहमद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्रों को आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य शहजाद आलम ने किया।

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया, कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस जिलेभर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के 1724 बूथों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सोमवार को तुलसी पार्क स्थित पार्टी कार्यालय 'अटल भवन' में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की।

बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने अटल बिहारी वाजपेयी के सहयोगियों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान को याद किया। स्थापना दिवस के अवसर पर शिव प्रसाद द्विवेदी, कुसुम चौहान, श्रीचंद शुक्ल, डीपी सिंह बैस, अशोक गुप्ता, डॉ. ए.के. सिंह, किशोरी बाबा और राम उजागर पांडेय को माल्यार्पण एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

सदर विधायक पलटू राम ने अपने संबोधन में अटल जी को याद करते हुए उनकी प्रसिद्ध पंक्तियां 'क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं' उद्धृत कीं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का 'अंत्योदय' का सपना आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को अटल जी के नेतृत्व में भाजपा का गठन हुआ था। उन्होंने बताया कि मात्र दो सीटों से शुरुआत करने वाली पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं की पार्टी बन चुकी है।

पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह और प्रदीप सिंह ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में भाजपा ने तीन बार केंद्र में सरकार बनाई, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार कार्य करते हुए नया इतिहास रचा है। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि भाजपा की नींव अनुशासन पर आधारित है और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता के कारण ही आज पार्टी 22 राज्यों में सत्ता में है तथा केंद्र में तीन बार सरकार बना चुकी है। उन्होंने आगामी चुनावों में भी पार्टी की जीत का विश्वास जताया।

## सरकारी कैंपस में निजी ई रिक्शा की फ्री बिजली चार्जिंग पुरानी तहसील का प्रतिबंधित क्षेत्र बना सेंटर

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जनपद मुख्यालय में स्थित असिस्टेंट कमिश्नर कार्यालय के कैंपस में एक अनोखा दृश्य रोजाना देखने को मिल रहा है। दर्जनों ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा कैंपस के अंदर खड़े हैं और सरकारी बिजली कनेक्शन से अपनी बैटरी चार्ज कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा इलाका पुरानी तहसील का प्रतिबंधित क्षेत्र माना जाता है, जहां आम वाहनों का प्रवेश और खड़ाव सख्ती से वर्जित है। फिर सरकारी ऑफिस के परिसर में निजी वाहनों की इस खुली पार्किंग और बिजली चोरी जैसी व्यवस्था कैसे चल रही है?स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत करते हुए बताया, 'दिन भर ई-रिक्शा वाले कैंपस में घुसकर प्लग पॉइंट पर चार्जिंग करते नजर आते हैं। ऑफिस के कर्मचारी भी इसे रोकने की बजाय चुपचाप देख रहे हैं।' पुरानी तहसील परिसर में पहले से ही वाहन पार्किंग पर पूर्ण प्रतिबंध है, क्योंकि यह सरकारी कार्यालयों का संवेदनशील क्षेत्र है। यहां महत्वपूर्ण विभागों के कार्यालय हैं। ऐसे में निजी वाहनों को यहां खड़ा करना और सरकारी बिजली का उपयोग करना नियमों का खुला उल्लंघन माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि ई-रिक्शा और ऑटो चालक बिना किसी खर्च के मुफ्त बिजली का फायदा उठा रहे हैं। एक ई-रिक्शा को पूरी चार्जिंग में औसतन 8-10 यूनिट बिजली लगती है, जो महीने भर में सैकड़ों रुपये की बचत है। लेकिन यह बिजली जनता के टैक्स पैसे से चलने वाले सरकारी मीटर से आ रही है। प्रशासन की मौन सहमति से यह व्यवस्था कब तक चलती रहेगी, यह बड़ा सवाल है।सरकारी भवनों और कैंपस में निजी वाहनों की पार्किंग तथा बिजली का उपयोग सख्ती से वर्जित है। लोक निर्माण विभाग और ऊर्जा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार केवल सरकारी वाहनों को ही इसकी अनुमति है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत आशा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड नौगढ़ एवं विकास खंड जोगिया में सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता में जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत आशा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जननी सुरक्षा योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव हेतु प्रोत्साहित करना तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। उन्होंने सभी आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर गर्भवती महिलाओं का समय से पंजीकरण सुनिश्चित करें और उन्हें नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी सक्रियता से ही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है। कहा कि आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी गर्भवती महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान समय से किया जाए, ताकि लाभार्थियों में योजना के प्रति विश्वास बना रहे। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आशा कार्यकर्ताओं के साथ नियमित समन्वय बनाकर कार्य करें तथा उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन आशाओ द्वारा कम डिलेवरी कराया गया है उन्हें चिन्हित कर समीक्षा करें। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरबी सिंह, डीसीपीएम मान बहादुर, सम्बन्धित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आशा संगिनी, व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# इटवा में भाजपा स्थापना दिवस पर फहराया गया ध्वज पूर्व मंत्री रहे मौजूद

**भाजपा राष्ट्र सेवा, लोक-कल्याण, सुशासन और गरीबों के उत्थान के संकल्प के साथ कार्य कर रहा : पूर्व मंत्री**

एजाज़ सिद्दीक़ी




**इटवा सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस इटवा क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी ने पार्टी का ध्वज फहराया और राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया।

पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी ने इटवा स्थित अपने जनसंपर्क कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। यह राष्ट्र सेवा, लोक-कल्याण, सुशासन और गरीबों के उत्थान के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने जोर दिया कि स्थापना दिवस संगठन की विचारधारा को आत्मसात करने और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। डा0 द्विवेदी ने कहा भाजपा मात्र एक राजनीतिक संरचना नहीं, बल्कि श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल जी के उदात्त लोकतांत्रिक आदर्शों एवं सात्विक सनातनी जीवन मूल्यों से अभिसिंचित एक जीवंत विचार परंपरा है। पूर्व मंत्री ने कहा भाजपा की यह विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है। विस्तार की नहीं, विचार की है। 'अंत्योदय से राष्ट्रोदय' के संकल्प की सिद्धि की है। हर कार्यकर्ता की निष्ठा, निरंतरता और निःस्वार्थ भाव ने 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को गति दी है। राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा में सहभागी सभी विभूतियों का अभिनंदन। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बिस्कोहर अजय गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष इटवा दीप नारायण त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेतागण, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बलराम मिश्रा, अमित दूबे, जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा राम नरेश पासवान, श्रवण गिरी, घनश्याम जायसवाल, प्रमोद कन्नौजिया, सुनील जायसवाल, राजन पांडेय रत्न सहित सभी पदाधिकारीगण कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।

## इटवा में तेज रफ्तार कार ने दो बाइक सवारों को रौंदा, बच्चे की मौत

**इटवा सिद्धार्थनगर।** तेज रफ्तार कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें उपचार मेडिकल कालेज के चिकित्सालय रेफर कर दिया है।

इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम चरखवा निवासी शाह आलम पुत्र शाह मोहम्मद अपने परिचित महफूज पुत्र मोहम्मद अली के साथ बाइक से इटवा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे करहिया पुल के पास पहुंचे, डुमरियागंज की दिशा से आ रही अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दूर जा गिरे। इसी दौरान कार ने पास से गुजर रही दूसरी बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया। दूसरी बाइक पर सवार प्रदीप पुत्र भुलावन तथा पार्वती पत्नी भुलावन भी हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना में कुल चार लोग घायल हुए।

## डीएम ने किया एकीकृत विद्यालय वाहन निगरानी पोर्टल के सम्बन्ध में विद्यालय के प्रबन्धकों के साथ बैठक



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में सोमवार को एकीकृत विद्यालय वाहन निगरानी पोर्टल के सम्बन्ध में विद्यालय के प्रबन्धकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने विभिन्न विद्यालयों के प्रबन्धकों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में संचालित वाहनों का एकीकृत विद्यालय वाहन निगरानी पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही वाहन पूरी तरह से ठीक है इसका भी प्रमाण पत्र देना होगा। पोर्टल पर वाहन सम्बन्धी सभी डाटा की फीडिंग कराया जाना है। सभी विद्यालयों के प्रबन्धकों को निर्देश देते हुए कहा कि 1 सप्ताह के भीतर सूचनाएं पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। विद्यालय द्वारा वाहन फिटनेस का प्रमाण पत्र देना होगा। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं एआरटीओ को निर्देश दिया कि विद्यालय के वाहनों का नियमित जांच करें। बैठक में पीपीटी के माध्यम से एकीकृत विद्यालय वाहन निगरानी पोर्टल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस अवसर पर एआरटीओ अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, विभिन्न विद्यालयों के प्रबन्धक आदि उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर जयंती को भव्य बनाने हेतु कुदारन खास में बैठक आयोजित

**बांसी सिद्धार्थनगर।** आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाने के लिए रविवार को ग्राम कुदारन खास में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।तैयारियों पर मंथन हंसराज मास्टर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जयंती समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की भव्यता सुनिश्चित करने के लिए उपस्थित ग्रामीणों और पदाधिकारियों के बीच विस्तार से चर्चा की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई।इस अवसर पर आयोजन को सफल बनाने के संकल्प के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे।सुनील कुमार,मोहन राव, प्रेम सागर,आनन्द राव,झीनक प्रसाद,अजय कुमार सुरेन्द्र कुमार,अनुराग सैनिक राव,इन्द्रजीत कोशी प्रसाद बैठक के अंत में सभी ने एकजुट होकर अनुशासित और गरिमामय ढंग से जयंती मनाने का निर्णय लिया।

## भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** नगर क्षेत्र जलालपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का स्थापना दिवस नगर कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने की। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश यादव एवं वरिष्ठ नेता संजीव मित्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा के संस्थापक नेताओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो संगठन के साथ-साथ राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि समर्पण और सेवा का संकल्प दिवस है। कार्यक्रम का संयोजन विकास कुमार निषाद ने किया। इस दौरान नगर के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें सुरेश गुप्ता, गोपाल गुप्ता, आनंद मिश्रा, विनय मिश्रा, अरुण मिश्रा, आसाराम मौर्य, रामवृक्ष भार्गव, विकास सोनकर, जितेंद्र शिल्पी, गिरीश जायसवाल, दीपचंद्र सोनी, निपेंद्र कुशवाहा, सोनू गौड़, दुर्गेश गुप्ता, सोनू गुप्ता, राकेश गुप्ता, विक्की गौतम और सौरभ चौरसिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## तेज़ रफ़्तार कार ने बाइक सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर चालक फरार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के जलालपुर-रामगढ़ मार्ग पर रविवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गौरा कमाल निवासी भानु प्रताप (60 वर्ष) बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी तेज गति से आ रही कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बुजुर्ग को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार, अभी तक इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर वाहन चालक के खिलाफ जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कर्नलगंज कस्बे में हाईटेंशन विद्युत लाइन में लगी आग से मचा हड़कंप



अवधनामा संवाददाता

**कर्नलगंज, गोंडा।** तहसील क्षेत्र के विद्युत वितरण उपखंड कर्नलगंज अन्तर्गत कर्नलगंज कस्बे में रविवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सकरौरा चौराहा- हरिदास नाका के पास स्थित ट्रांसफार्मर से गुजरी हाईटेंशन विद्युत लाइन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते लाइन धू-धू कर जलने लगी, जिससे आसपास मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि चिंगारियां दूर तक गिर रही थीं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही। हालांकि समय रहते स्थिति काबू में आ गई और एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना के बाद विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर तारों और उपकरणों की समस्या बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही के चलते इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

## खड़ंजा मार्ग पर अतिक्रमण पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में की शिकायत

**कर्नलगंज (गोंडा)।** तहसील व थाना कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम नहवा परसौरा में खड़ंजा मार्ग पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। पीड़ित ग्रामीण ने इस संबंध में संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर खड़ंजा मार्ग पर नांदा चन्नी व छप्पर रखकर किये गए अवैध अतिक्रमण को हटवाने व दबंग अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नहवा परसौरा निवासी रवि पाण्डेय पुत्र विनोद कुमार ने दिये गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव के ही दीनानाथ, शिवानाथ एवं शिवनाथ पुत्रगण रामप्रताप द्वारा दबंगई के बल पर उनके घर आने-जाने वाले एकमात्र खड़ंजा मार्ग पर नांदा, चन्नी रखकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है। इसके साथ ही आरोप है कि विपक्षीगण ने मार्ग के एक हिस्से पर छप्पर भी रख लिया है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।

# परसपुर क्षेत्र में प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान, वन विभाग व पुलिस पर मिलीभगत के आरोप

**वर्षों से जमे वन दरोगा की मिलीभगत से फल-फूल रहा है यह अवैध कारोबार**

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** जिले के थाना परसपुर क्षेत्र के शाहपुर चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरे अजब कला पुरवा में हरे भरे पेड़ प्रतिबंधित पेड़ काटे जा रहे हैं! आरोप है कि वन माफिया खुलेआम सक्रिय हैं और वर्षों से जमे वन दरोगा अशोक कुमार पाण्डेय की मिलीभगत के चलते यह अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक शाहपुर भौरीगंज मार्ग, हाईवे मार्ग सहित कई प्रमुख रास्तों से होकर भारी मात्रा में अवैध लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। बताया जाता है कि यह लकड़ी शाहपुर भगन चौराहा के आसपास संचालित कुछ लकड़ी टालों पर उतारी जाती है, जहां बिना किसी रोक-टोक के कारोबार जारी है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि प्रतिबंधित गूलर सहित अन्य हरे-भरे पेड़ों की कटान खुलेआम की जा रही है। शाहपुर भगन चौराहा के पास एक लकड़ी टाल पर हरी लकड़ी उतारे जाने की जानकारी भी सामने आई है, जिससे पूरे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे अवैध नेटवर्क को वन विभाग और पुलिस की कथित मिलीभगत का संरक्षण प्राप्त है। आरोप यह भी है कि नियमित रूप से कथित तौर पर अवैध वसूली होने के कारण इस कारोबार पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। यही वजह है कि वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। यह मामला न सिर्फ कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को भी गहरा आघात पहुंचा रहा है। यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो क्षेत्र में हरियाली पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेकर जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध कटान पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि पर्यावरण और वन संपदा की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## टूटेगा ट्रंप का दंभ

कमोबेश अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का गुरूर, उनका दंभ, अहंकार, उनकी सनक, सभी टूटने चाहिए। एक राष्ट्रपति की 'कब्जेबाजी मानसिकता' ने दुनिया को गरीबी, महंगाई, मंदी और अंततः भुखमरी के कगार पर लाकर पटक दिया है। ईरान युद्ध में राष्ट्रपति ट्रंप के मंसूबे और मकसद चकनाचूर हो चुके हैं। बेशक अमरीका-इजरायल के हवाई हमलों ने ईरान की हजारों इमारतें, कल-कारखाने, सैन्य मुख्यालय, शस्त्रागार, 30 विश्वविद्यालय, शहर-दर-शहर मिट्टी-मलबा कर दिए हों, लेकिन ईरान अब भी युद्ध-मैदान में खड़ा है, लड़ रहा है। उसने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर अपना पूरा कब्जा कर वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिला दिया है और ऊर्जा-अकाल के हालात पैदा कर दिए हैं। अमरीका भी महंगाई से चिल्ला रहा है। जनता सडक़ों पर आंदोलित है। फिर भी राष्ट्रपति ट्रंप चेतावनी दे रहे हैं कि यदि 6 अप्रैल तक होर्मुज नहीं खुला और ईरान ने डील नहीं की, तो ईरान पर कहर बरपेगा। ईरान इन धमकियों से नहीं डरता, बल्कि उसने अमरीका के एक ही दिन में 10 लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, ड्रोन आदि मार गिराए। एक अमरीकी पायलट लापता हो गया था, जो अब सुरक्षित मिल गया है। अब ईरान के आसमान पर ईरान का ही कब्जा है। अमरीकी लड़ाकू विमान 'एफ' श्रेणी के हैं, जिन्हें अमरीकी वायु-शक्ति की रीढ़ माना जाता रहा है। दुनिया अभी तक उन्हें 'अजेय' और संहारक मानती रही थी। उनमें परमाणु क्षमताएं भी हैं और वे दुश्मन के रडार को 'चकमा' देने में भी माहिर माने जाते रहे हैं। कहा जा रहा है कि ईरान ने अपनी वायु रक्षा प्रणाली की मिसाइलों से अमरीकी विमानों को धूल चटाई है। यह ईरान की वायु रक्षा प्रणाली है अथवा रूस की एस-400 को 'ईरानी नाम' दिया गया है? विमानों का तो अहंकार धराशायी हो चुका है, लेकिन अमरीका के पेंटागन ने भी स्वीकार किया है कि ईरान युद्ध में उसके 365 सैनिक घायल हुए हैं, जबकि 13 सैनिक मारे जा चुके हैं।

घायल सैनिकों में 247 तो थलसेना के हैं, जबकि अमरीका ने विधिवत रूप से जमीनी ऑपरेशन की शुरुआत अभी करनी है। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप को अपनी सुरक्षा-टीम के साथ न केवल आपात बैठक करनी पड़ी, बल्कि उसने बिचौलियों के जरिए 48 घंटे के युद्धविराम की पेशकश भी की, जिसे ईरान हुकूमत ने खारिज कर दिया। राष्ट्रपति ट्रंप का यह 'चरम दंभ' ही है कि उन्होंने ईरान को 'पाषाण-युग' में धकेलने का बयान दिया है। शायद अमरीकी राष्ट्रपति यह नहीं जानते कि ईरान 5-6 हजार साल पुरानी सभ्यता है। अमरीका तो 1776 में पैदा हुआ है। सिकंदर और चंगेज खां जैसे आक्रांता भी ईरान को हासिल नहीं कर सके, तोड़ नहीं सके। इतिहास में दर्ज है कि ईरान कई बार बर्बाद हुआ है, मिट्टी-मलबा होता रहा है, लेकिन उसने पुनर्निर्माण किया है और आज वह परमाणु शक्ति बनने के बेहद करीब है। गुरूर ट्रंप का टूटना चाहिए, जिसने 139.5 लाख करोड़ रुपए (1.5 ट्रिलियन डॉलर) का नया रक्षा बजट मांगा है और प्रस्ताव अमरीकी कांग्रेस (संसद) को भेजा है। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा रक्षा बजट है। राष्ट्रपति ट्रंप करीब 42 फीसदी की बढ़ोतरी करना चाहते हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विदेशी सहायता आदि के बजट में करीब 73 अरब डॉलर की कटौती के पक्ष में हैं। नतीजतन अमरीका पर कर्ज का बोझ बढ़ेगा। पहले ही अमरीका 39 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज में है। अमरीका ईरान की नई युद्ध नीति से 'अलर्ट' हो गया है, लेकिन उसके लिए अब युद्ध में रखा क्या है? दुनिया में फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, इटली, स्पेन, ब्रिटेन समेत भारत सरीखे देश चौतरफा दबाव में हैं, क्योंकि होर्मुज बंद है और खाड़ी देशों के तेल-गैस ठिकाने ध्वस्त कर दिए गए हैं, लिहाजा विश्व ऊर्जा की बूंद-बूंद को तरस रहा है। भारत को ऑनस्पॉट कच्चे तेल के दाम 141.36 डॉलर प्रति बैरल देने पड़ रहे हैं, जबकि वायदा कीमत 109.03 डॉलर की है। बहरहाल, यह युद्ध जल्द खत्म होना चाहिए।

## क्या वाकई इंटरनेट को युद्ध से खतरा है?

**महेन्द्र तिवारी**

आज के डिजिटल युग में जब हम अपने स्मार्टफोन की स्क्रीन पर एक स्पर्श करते हैं और दुनिया के किसी भी कोने की जानकारी क्षण भर में हमारे सामने आ जाती है, तो हमारे मन में यह धारणा प्रबल होने लगती है कि इंटरनेट एक अदृश्य और वायरलेस शक्ति है जो हवा या बादलों के माध्यम से तैर रही है। 'क्लाउड' शब्द के बढ़ते प्रयोग ने इस भ्रम को और गहरा कर दिया है, जिससे हमें लगता है कि हमारा डेटा कहीं अंतरिक्ष में सुरक्षित तरीके से तैर रहा है। लेकिन जब भू-राजनीतिक तनाव बढ़ते हैं और युद्ध की बातें सामने आती हैं, तो एक सवाल बार-बार उठता है कि क्या वाकई इस अदृश्य और व्यापक नेटवर्क को युद्ध से खतरा है? इसका सीधा और स्पष्ट उत्तर है- हाँ, इंटरनेट को युद्ध से सबसे अधिक और संगीन खतरा है, और यह खतरा किसी काल्पनिक साइबर फिल्म से कहीं अधिक वास्तविक और भयावह है।

वास्तविकता इस आभासी धारणा के बिल्कुल विपरीत और आश्चर्यजनक रूप से भौतिक है। हमारी संपूर्ण वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था, संचार तंत्र और यहां तक कि हमारी सामाजिक और सैन्य सुरक्षा भी समुद्र की अगाध गहराइयों में बिछे उन फाइबर ऑप्टिक केबल्स के एक जटिल जाल पर टिकी है, जिन्हें 'अंडर-सी केबल्स' कहा जाता है। दुनिया भर में फैले लगभग पांच सौ से अधिक ऐसे केबल्स का नेटवर्क ही वह अदृश्य जीवन रेखा है जो महाद्वीपों को एक दूसरे से जोड़ती है और वैश्विक इंटरनेट डेटा ट्रैफिक के नब्बे प्रतिशत से अधिक हिस्से का वहन करती है। आम धारणा के विपरीत, उपग्रह वैश्विक डेटा का केवल एक से तीन प्रतिशत हिस्सा ही संभाल पाते हैं, क्योंकि वे धीमी गति और अधिक लेटेंसी के साथ काम करते हैं। फाइबर ऑप्टिक केबल्स प्रकाश की गति से डेटा स्थानांतरित करती हैं, जो उन्हें आधुनिक सभ्यता के लिए अपरिहार्य बनाती हैं। लेकिन यही तकनीकी उपलब्धि आज एक बहुत बड़ी रणनीतिक चुनौती और कमजोरी बनकर उभरी है।

इन केबल्स की महत्ता और उनके द्वारा नियंत्रित होने वाले डेटा की मात्रा का विश्लेषण करें, तो हम पाएंगे कि आधुनिक सभ्यता का कोई भी कोना इनसे अछूता नहीं है। बैंकों के लेन-देन से लेकर शेयर बाजार की हलचल तक, और रक्षा प्रणालियों के गुप्त संचार से लेकर आम नागरिकों के वीडियो कॉल तक, सब कुछ इन्हीं गहरे समुद्री मार्गों से होकर गुजरता है। एशिया, यूरोप और अमेरिका जैसे बड़े महाद्वीपों के बीच होने वाला व्यापार और कूटनीतिक विनिमय पूरी तरह से इन केबल्स की अखंडता पर निर्भर है। जब कोई युद्ध छिड़ता है, तो सबसे पहले शत्रु देश की अर्थव्यवस्था और संचार तंत्र को चकनाचूर करने की कोशिश की जाती है। इसी निर्भरता ने एक ऐसा 'एकल बिंदु विफलता' उत्पन्न कर दिया है, जिसे नष्ट करना किसी भी शत्रु देश के लिए पूरी दुनिया को घुटनों पर लाने का सबसे आसान और सस्ता तरीका हो सकता है।

वर्तमान में जिस तरह से वैश्विक तनाव बढ़ रहा है, उसने इन केबल्स की सुरक्षा पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि समुद्र के तल पर भी लड़े जाएंगे। इन केबल्स को नुकसान पहुंचाना आज किसी भी आधुनिक सेना के लिए 'हाइब्रिड वॉरफेयर' का एक प्रमुख हिस्सा बन चुका है। कल्पना कीजिए कि यदि किसी संघर्ष के दौरान इन केबल्स को सुनियोजित तरीके से समुद्री बम या माइन ब्लास्ट के जरिए उड़ा दिया जाए या विशेष पनडुब्बियों के माध्यम से काट दिया जाए, तो परिणाम कितने विनाशकारी होंगे। इंटरनेट के बंद होने का मतलब केवल सोशल मीडिया का रुकना नहीं है, बल्कि इसका सीधा अर्थ है कि वैश्विक बैंकिंग प्रणाली ठप हो जाएगी, जिससे खरबों डॉलर का नुकसान मिनटों में हो सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com**

**निपुण भारत मिशन के माध्यम से, भारत ने एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है: कक्षा 2 के अंत तक प्रत्येक बच्चा समझ के साथ पढ़ सके और बुनियादी अंकगणित कर सके। ध्यान उत्तरों को रटने से हटकर अवधारणाओं को समझने पर केंद्रित है। कक्षाओं को बच्चों को केवल उत्तर दोहराने के बजाय प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करना चाहिए।**

# शुरू से भविष्य के सपनों तक: हर बच्चे के लिए सीखने का नया स्वरूप



धर्मेंद्र प्रधान



हर साल, जब स्कूलों के द्वार नए शैक्षणिक सत्र के लिए खुलते हैं, तो भारत सामूहिक संकल्प के सबसे गहन उदाहरणों में से एक का साक्षी बनता है। पहाड़ों और तटों से लेकर शहरों और दूरदराज के गांवों तक, लाखों बच्चे कभी-कभी अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों के बावजूद, नए जोश, नई आकांक्षाओं और अपार संभावनाओं के साथ अपनी कक्षाओं में कदम रखते हैं। यह एक शांत लेकिन शक्तिशाली राष्ट्रीय क्षण है। इस वर्ष भी लगभग दो करोड़ बच्चों ने पहली कक्षा में प्रवेश लिया है, जो आशा और एक साझा राष्ट्रीय जिम्मेदारी दोनों को समेटे हुए है।

भारत का स्कूली ढांचा बेहद विशाल है। इसमें 14.7 लाख से अधिक स्कूल, लगभग 25 करोड़ नामांकित छात्र और एक करोड़ से ज्यादा शिक्षक शामिल हैं। ये संख्याएं केवल प्रशासनिक स्तर को मापने का जरिया भर नहीं हैं, बल्कि ये शिक्षा के माध्यम से हमारे देश के भविष्य को गढ़ने की एक मजबूत प्रतिबद्धता की घोषणा करती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने रटने की आदत से आगे बढ़कर जिज्ञासा, समझ और समग्र विकास (होलिस्टिक डेवलपमेंट) को सीखने के केंद्र में रखा है। हर नया शैक्षणिक सत्र उस सपने को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। बालवाटिका लागू होने से अब छोटे बच्चों की शुरुआती पढ़ाई स्कूल व्यवस्था का हिस्सा बन गई है। इससे बच्चे पहली कक्षा में बेहतर तैयारी और मजबूत बुनियादी कौशल के साथ प्रवेश करते हैं। बच्चे का स्कूल में दाखिला उसके जीवनभर के सीखने और समाज से जुड़ने की शुरुआत होता है। इसलिए जरूरी है कि यह सफर खुशी, अच्छे माहौल और अपनापन महसूस कराने वाला हो।

**सीखने का सफर: पहले कदम से आत्मविश्वास तक-** स्कूल का पहला दिन खास होता है। इसमें थोड़ी झिझक होती है, तो नए शुरुआत की खुशी भी होती है। छोटे-छोटे बच्चे अपने बड़े-बड़े भाव लेकर स्कूल आते हैं और उनकी जिज्ञासु आंखें एक नई दुनिया देखती हैं। जब बच्चे खुद को सुरक्षित और महत्वपूर्ण महसूस करते हैं, तो वे खुलने लगते हैं। वे ज्यादा भाग लेते हैं, सवाल पूछते हैं और उनकी जिज्ञासा बढ़ती है। धीरे-धीरे उनका आत्मविश्वास भी मजबूत होता जाता है। शुरुआती साल खेल, खोज और नई चीज़ें सीखने पर आधारित होने चाहिए, यही जीवनभर की सीखने की यात्रा की शुरुआत है।

अच्छे रिश्ते बहुत मायने रखते हैं। एक समझदार और देखभाल करने वाला शिक्षक बच्चे की जिंदगी बदल सकता है। सहयोगी कक्षा माहौल बच्चे की चुप्पी को भागीदारी में और भागीदारी को आत्मविश्वास में बदल सकता है। जब बच्चा खुद को सच में समझा और सुना हुआ महसूस करता है, तो उसकी जिज्ञासा हिम्मत में बदल जाती है। और जब उसे अपनापन महसूस होता है, तो वह अपनी आवाज़ पहचानने लगता है।

इन प्रारंभिक वर्षों के केंद्र में बुनियादी साक्षरता और अंकगणित के प्रति एक मजबूत राष्ट्रीय प्रतिबद्धता निहित है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से, भारत ने एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है: कक्षा 2 के अंत तक प्रत्येक बच्चा समझ के साथ पढ़ सके और बुनियादी अंकगणित कर सके। ध्यान उत्तरों को रटने से हटकर अवधारणाओं को समझने पर केंद्रित है। कक्षाओं को बच्चों को केवल उत्तर दोहराने के बजाय प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यह दृष्टिकोण अकादमिक शिक्षा से परे है। कला, खेल और मूल्य सीखने की प्रक्रिया के अनिवार्य अंग हैं। शिक्षा को 'संपूर्ण बच्चे' का निर्माण करना चाहिए- न केवल मन का, बल्कि शरीर और हृदय का भी। शारीरिक गतिविधि और पोषण दैनिक स्कूली जीवन का अभिन्न अंग हैं। एक स्वस्थ बच्चा बेहतर सीखता है, अधिक भाग लेता है और आत्म-सम्मान की स्वस्थ भावना के साथ विकसित होता है।

**उभरती चुनौतियों का सामना-** वैश्विक स्तर पर, बच्चों की जीवनशैली में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। खान-पान की आदतों में बदलाव और शारीरिक गतिविधि में कमी कई देशों के लिए चिंता का विषय बन गई है। भारत इस चुनौती का सक्रिय रूप से सामना कर रहा है। अनिवार्य शारीरिक शिक्षा, स्कूलों में मोटापे से निपटने के लिए 'ऑयल बोर्ड' और 'शुगर बोर्ड' जैसे उपाय और पोषण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने वाली मजबूत पीएम-पोषण योजना स्कूलों को स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली की ओर उन्मुख कर रही है। इन प्रयासों का उद्देश्य एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना है जो स्वास्थ्य को समग्र विकास का केंद्र मानती हो।

हालांकि प्रौद्योगिकी शिक्षा और पहुंच के लिए एक शक्तिशाली माध्यम है, सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग से स्क्रीन टाइम, ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। यह एक वैश्विक चिंता है, न कि केवल भारत तक सीमित। स्कूलों और परिवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसका उपयोग सीखने के साधन के रूप में किया जाए, न कि ध्यान भटकाने के साधन के रूप में। इस दृष्टिकोण में बच्चों का मानसिक और भावनात्मक कल्याण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। स्कूली पाठ्यक्रम और शिक्षण विधियों में सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा को शामिल किया गया है ताकि बच्चों के विकास में सहयोग मिल सके, ऐसे समय में जब बच्चे पिछली किसी भी पीढ़ी की तुलना में अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण दुनिया का सामना कर रहे हैं। सुरक्षित और तनावमुक्त वातावरण बनाने के लिए स्कूलों, अभिभावकों, शिक्षकों और समुदायों के संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं।

**शिक्षकों की भूमिका-** सुधार केवल नीतिगत दस्तावेजों के माध्यम से बच्चों तक नहीं पहुंचता, यह शिक्षकों के माध्यम से ही लागू होता है। वे ही शिक्षा के परिवर्तन के सच्चे सूत्रधार हैं, जो दूरदृष्टि और कक्षा की वास्तविकता के बीच की खाई को पाटते हैं। शिक्षकों को बहुभाषी वातावरण में पढ़ाना चाहिए और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चे की मातृभाषा का सम्मान किया जाए और उसे सीखने के एक सशक्त साधन के रूप में उपयोग किया जाए। इसे महत्व देकर, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि औपचारिक शिक्षा में उनका संक्रमण सहज, आत्मविश्वासपूर्ण और उनकी अपनी पहचान से जुड़ा हो। मैं अपने शिक्षकों से आह्वान करता हूं कि वे प्रत्येक बच्चे की गति, व्यक्तित्व का सम्मान करते हुए और अपनी देखरेख में प्रत्येक छात्र के भावनात्मक और मानसिक कल्याण के प्रति सचेत रहते हुए योग्यता-आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दें।

**माता-पिता की भूमिका-** शिक्षा विद्यालय के द्वार पर शुरू या समाप्त नहीं होती। घर ही पहला कक्षास्थल है और माता-पिता ही पहले शिक्षक। घर पर बच्चे जो अनुभव प्राप्त करते हैं, वही उनके विद्यालय में सीखने के तरीके को आकार देता है।

# आधी आबादी की सदन में बढ़ेगी भागीदारी

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीति में कम हिस्सेदारी को सुधारने का प्रयास है। आबादी में लगभग आधी हिस्सेदारी के बावजूद संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बेहद कम है। लंबे इंतजार के बाद यह कानून लोकतंत्र को संतुलित बनाएगा, नीतियों में महिलाओं की आवाज बढ़ाएगा।**



प्रेम शर्मा

सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम) में तत्काल प्रभाव से संशोधन लाने की संभावना है, जिसके तहत लोकसभा , राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत (एक तिहाई) आरक्षण अनिवार्य है। यह कोटा अब नए परिसीमन (निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण) के पूरा होने से पहले ही लागू हो जाएगा। वर्तमान अधिनियम के अनुसार, इसे 2029 में लागू किया जाना था, इसलिए यह बदलाव किया जा रहा है। भारत ने अपनी आजादी के साथ ही महिलाओं को पुरुषों के बराबर मतदान का अधिकार देकर एक स्वच्छ राजनीति परम्परा की शुरूआत की थी। लेकिन राजनीति में उनकी बराबर भागीदारी आज भी दयनीय है। साल 1996 में एचडी देवेगौड़ा की सरकार में पहली बार महिला आरक्षण बिल लाया गया था और तब से तीन दशकों में चार असफल प्रयास हो चुके हैं। अब सरकार ने बिल पास करने के लिए 16 से 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया है। सम्भव है कि इस बार मोदी सरकार कुछ ऐतिहासिक कर पाए। मोदी सरकार लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी की संवैधानिक व्यवस्था को शीघ्र लागू करना चाहती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 आगामी जनगणना के पश्चात होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू होना है। वर्ष 2027 में जनगणना और 2028 में परिसीमन होगा। इसमें दो वर्ष का समय लगेगा। इस स्थिति में 2030 से ही महिला आरक्षण लागू हो सकेगा और लोकसभा चुनाव में तो 2034 से लागू हो पाएगा। इस हिसाब से महिलाओं को 33 प्रतिशत राजनीतिक हिस्सेदारी देने में 8 से 11 वर्ष का समय लग सकता है लेकिन मोदी सरकार परिसीमन की अनिवार्यता से महिला आरक्षण को मुक्त कर उसे जल्द लागू करना चाहती है।




वैसे भी वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत की जनसंख्या में महिलाओं की आबादी 48.5 प्रतिशत थी। अनुमान है कि पिछले करीब डेढ़ दशक में इसमें कुछ सुधार ही हुआ होगा, लेकिन जो नहीं बदला, वह है देश की संसद और राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) इसी स्थिति को बदलने वाला कानून है और इसके पास व लागू होने में देरी नहीं होनी चाहिए।आधी आबादी को विधानसभा एवं लोकसभा में प्रतिनिधित्व देने की यह पहल स्वागतयोग्य है। लागू परिसीमन के अनुसार सभी राज्यों में अभी 4,123 विधायक हैं, जिनमें 392 महिलाएं हैं। 33 प्रतिशत आरक्षण से उनकी संख्या बढ़कर 1,300 से अधिक हो जाएगी। वर्तमान लोकसभा में 75 महिलाएं हैं। आरक्षण के प्रविधान के बाद 2029 के लोकसभा चुनाव में 181 महिलाएं चुनी जाएंगी। यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण का ऐतिहासिक अवसर होगा। जब सदन में ज्यादा महिलाएं होंगी, तो आधी आबादी से जुड़े मुद्दों को ज्यादा आवाज मिलेगी। उनकी समस्याओं पर ज्यादा सटीक और संवेदनशील चर्चा हो सकेगी, जिससे नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। महिलाओं की अनगिनत उपलब्धियों के बावजूद राजनीति उन कुछ क्षेत्रों में है, जहां उन्हें बराबर मौके नहीं मिल पाते। महिला आरक्षण बिल इस कमी को दूर करेगा। इस बदलाव का असर पूरे समाज पर पड़ेगा। महिला आरक्षण का सवाल सिर्फ सीटों का बंटवारा नहीं, भारत के लोकतंत्र को और संतुलित व न्यायपूर्ण बनाने का मुद्दा है। मौजूदा लोकसभा में महज 14 प्रतिशत महिला सांसद और विधानसभाओं में केवल 10 प्रतिशत महिला विधायक होना आधाी आबादी के हिसाब से नैसर्गिक न्याय के विपरीत है।

गत दिवस पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल में एक चुनावी रैली में महिलाओं से विपक्षी दलों पर दबाव बनाने की अपील करते हुए कहा कि संसद में महिला आरक्षण बिल बिना किसी विरोध के पास होना चाहिए। वैसे तो आदर्श स्थिति तो यह होगी कि बिल को हर दल का साथ मिले, दबाव बनाने और विरोध की नौबत ही न आए। देर से ही सही, कम से कम अब इस काम को अंजाम तक पहुंच जाना चाहिए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीति में कम हिस्सेदारी को सुधारने का प्रयास है। आबादी में लगभग आधी हिस्सेदारी के बावजूद संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बेहद कम है। लंबे इंतजार के बाद यह कानून लोकतंत्र को संतुलित बनाएगा, नीतियों में महिलाओं की आवाज बढ़ाएगा और राजनीति में समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वैसे भी 'आधी आबादी' की पूरी आज़ादी और नारी सशक्तीकरण की बात तब तक पूरी नहीं होगी जब तक संसद और राज्य विधायिका में महिलाओं के लिए कम-से-कम एक-तिहाई राजनीतिक प्रतिनिधित्व आरक्षित व सुनिश्चित न हो जाए।यह भी सुनिश्चित करना होगा कि महिलाओं की हिस्सेदारी केवल उपस्थिति तक सीमित न रहे।

गौरतलब है कि वर्ष 2014 के आम चुनावों में महज 66 महिलाएं चुनाव जीतकर संसद पहुंची थीं। ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि आजादी की आधी सदी से ज्यादा का समय बीत जाने के बावजूद महिलाएं इतनी कम संख्या में संसद पहुंचीं। विचारणीय है कि वर्ष 1951 में 22 महिला सांसदों के साथ संसद में आधी आबादी की भागीदारी 4.5 फीसद थी। हालांकि साल-दर-साल इस संख्या में बढ़ोतरी हुई है, पर यह गति बेहद धीमी है। वर्ष 2009 में 10.87 प्रतिशत भागीदारी के साथ महिला सांसदों की संख्या 59 और 2014 में 66 महिला सांसदों की संख्या के बूते 12.15 फीसद रही है।दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने की यह धीमी गति यकीनन विचारणीय है। हमारे देश में महिलाएं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, लोकसभा में विपक्ष की नेता और लोकसभा अध्यक्ष के अलावा कई महत्वपूर्ण राजनीतिक पदों पर आसीन रही हैं, लेकिन राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में अधिक सुधार नहीं हुआ। दरअसल महिलाओं की ऐसी भागीदारी का बढ़ना सामाजिक बदलाव का द्योतक भी है और समाज में बदलाव लाने का जरिया भी। वर्ष 1917 में ही राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को लेकर मांग उठी थी जिसके बाद वर्ष 1930 में पहली बार महिलाओं को मताधिकार मिला। देखा जाय तो महिला मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता का ही नतीजा है कि उनका सियासी प्रतिनिधित्व बढ़ाने को लेकर सोचा जा रहा है। यह एक कटु सच है कि भारतीय राजनीति में महिलाओं की हिस्सेदारी को लेकर बदलाव आ तो रहा है, पर अब भी हार-जीत का गणित ऐसे फैसलों पर हावी है। हां, एक सकारात्मक पक्ष यह है कि अब जनता और सरकार की भी यही राय बदल रही है।

# युद्ध अपराधी है डोनॉल्ड ट्रंप व नेतन्याहू

**7 अक्टूबर 2023 से 25 मार्च 2026 तक इस्राईली सेना द्वारा 72,265 फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 1,71,959 लोग घायल हुए। यहाँ तक कि 10 अक्टूबर 2025 को लागू हुये युद्धविराम के बाद भी इस्राईल ने लगभग 700 लोगों को मार दिया है। हालाँकि कुछ स्वतंत्र अध्ययन कुल मौतों का आंकड़ा 75,000 से ज़्यादा बता रहे हैं।**



तनवीर जाफ़री

अमेरिका व इस्राईल द्वारा संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान पर थोपे गये बलात युद्ध को पांच सप्ताह बीत चुके हैं। पूरी दुनिया में अपनी फ़ज़ीहत होती देख राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अब खिसियाहट में ईरान के आधारभूत ढांचों को नुक़सान पहुँचाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अमेरिका ने पिछले दिनों ईरान की राजधानी तेहरान और कराज़ को जोड़ने के लिए बनाये जा रहे राजधानी के सबसे ऊँचे सस्पेंशन ब्रिज को ध्वस्त कर दिया। लगभग 1 किलोमीटर से अधिक लंबे और 136 मीटर ऊँचे इस निर्माणाधीन हाई-राइज़ ब्रिज पर पिछले दिनों अमेरिका और इज़राइल ने मिलकर दो बार एयरस्ट्राइक की। इन हवाई हमलों के परिणामस्वरूप पुल का बड़ा हिस्सा बर्बाद हो गया। इस हमले में कम से कम 8 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए। इस हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इस पुल के ढहते हुए वीडियो शेयर कर ईरान को धमकी देते हुये लिखा कि 'डील कर लो, वरना बहुत देर हो जाएगी '। उन्होंने लिखा कि अगर ईरान ने अपना रुख़ नहीं बदला तो 'उस देश में कुछ भी नहीं बचेगा जो कभी महान देश बन सकता था, '। ट्रंप ने इस हमले को 'अमेरिकी सेना की ताक़त का छोटा नमूना' बताया और यह संकेत दिया कि अगर ईरान डील से मना करता है तो देश के पावर प्लांट, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क आदि अन्य इंफ़्रास्ट्रक्चर भी अगले निशाने हो सकते हैं।

इसी अमेरिका ने युद्ध की शुरुआत में 28 फ़रवरी को ही ईरान के मिनाब शहर में शजारेह तैय्येबह बालिका प्राथमिक स्कूल की ईमारत पर टॉमहॉक मिसाइल मिसाइल से हमला कर लगभग 175 लोगों को शहीद कर दिया था इनमें अधिकांश स्कूल की बच्चियां शामिल थीं। स्कूल के पास ही दवाख़ाना व अन्य नागरिक सुविधाएं भी थीं। इसी हमले के चलते न केवल ईरान ने अमेरिका को युद्ध अपराध का दोषी ठहरा दिया था बल्कि दुनिया भर में भी इसे 'युद्ध अपराध' क़रार दिया गया। ग़ौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय क़ानून के मूल सिद्धांतों के तहत जिनेवा कन्वेंशन्स 1949 व इसके एडिशनल प्रोटोकॉल्स 1977 के अंतर्गत युद्ध में रिहाइशी इलाक़ों,स्कूलों, अस्पताल, पानी की व्यवस्था संबंधित प्लांट्स, बिजली ग्रिड,पुल जैसे बुनियादी ढांचों पर हमले सामान्यतः नहीं किए जा सकते। ये युद्ध अपराध माने जाते हैं। युद्ध में लड़ाई के दौरान सैनिकों,सैन्य लक्ष्यों और नागरिकों व नागरिक सुविधा संबंधी वस्तुओं के बीच स्पष्ट अंतर करना ज़रूरी है।? परन्तु अमेरिका तो क्या उसकी शह व संरक्षण में युद्धरत इस्राइल को भी न तो मानवीय क़ानून की फ़िक्र है न ही जिनेवा कन्वेंशन्स में निर्धारित युद्ध के सिद्धांतों की। इसीलिये अपनी अपार शक्ति व सर्वोच्चता के नशे में चूर अमेरिका व उसके पिछलग्गू इस्राईल द्वारा हर संभव युद्ध अपराध किया जा रहा है।



ग़ज़ा में तो नेतन्याहू के नेतृत्व में इस्राईल ने दरिन्दिगी का वह इतिहास रचा है जिसने युद्ध अपराध की सभी सीमाओं को पार कर दिया है। सरकारी आंकड़े बताते है कि 7 अक्टूबर 2023 से 25 मार्च 2026 तक इस्राईली सेना द्वारा 72,265 फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 1,71,959 लोग घायल हुए। यहाँ तक कि 10 अक्टूबर 2025 को लागू हुये युद्धविराम के बाद भी इस्राईल ने लगभग 700 लोगों को मार दिया है। हालाँकि कुछ स्वतंत्र अध्ययन कुल मौतों का आंकड़ा 75,000 से ज़्यादा बता रहे हैं। स्वयं इस्राईली सेना ने जनवरी 2026 में 70,000 मौतों का आंकड़ा स्वीकार किया था। कुल लगभग 22-23 लाख की आबादी वाले इस इलाक़े में 19 लाख से ज़्यादा लोग एक या कई बार विस्थापित हुए हैं। नतीजतन आज भी 17 लाख से ज़्यादा लोग अस्थायी विस्थापन कैंप्स में रह रहे हैं। इनमें से ज़्यादातर लोगों के घर-मकान नष्ट हो चुके हैं जिसके चलते लोग बेघर हैं। नेतन्याहू के इशारों पर यह हत्याएं घने रिहायशी इलाक़ों, स्कूल्स, बाज़ार, अस्पताल, स्कूल यहाँ तक कि शरणार्थी कैम्पस में और भूख की तपिश से जूझ रहे खाद्य सामग्री लेने की लाइन में लगे असहाय लोगों पर बम व गोले बरसा कर उनकी जान लेकर की गयी हैं। यही वजह है कि नेतन्याहू पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने युद्ध अपराध वारंट जारी किया हुआ है। नेतन्याहू पर भुखमरी को युद्ध का हथियार बनाना, जानबूझकर नागरिक आबादी पर हमला निर्देशित करना,मानवता के ख़िलाफ़ अपराध,हत्या,उत्पीड़न व अन्य अमानवीय कृत्य जैसे युद्ध अपराध शामिल हैं। आज भी नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के भगौड़े अपराधियों की श्रेणी में शामिल हैं। परन्तु युद्ध अपराधी भगौड़ा नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता। उल्टे इसे 'यहूदी-विरोधी' तथा राजनीतिक साज़िश बताकर अपने युद्ध अपराध पर पर्दा डालने की कोशिश करता है।

इसी युद्ध अपराधी नेतन्याहू के जाल में फंसकर राष्ट्रपति ट्रंप भी युद्ध अपराध करते जा रहे हैं। ईरान को 'पाषाण युग' में पहुंचाने की उनकी धमकी इस बात का सुबूत है कि ऐसे मानसिक रोगी राजनीतिज्ञ की जगह जेल में होनी चाहिये। दुनिया को यह सोचना पड़ेगा कि आख़िर क्या वजह है कि उनके सलाहकारों से लेकर सैन्य विभाग के अनेक बड़े अधिकारी तक इस अवैध युद्ध का विरोध करते हुये क्योंकर इस सनकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े होने के बजाये अपने इस्तीफ़े दे रहे हैं। नाटो सहित उसके कई सहयोगी देश खुलकर ट्रंप के ईरान में सैन्य हस्तक्षेप का विरोध कर रहे हैं। और आज ईरान की ताक़त व उसकी रक्षात्मक व आक्रामक शक्ति का अंदाज़ा किये बिना ईरान पर हमला बोल देने और परणामस्वरूप अमेरिका द्वारा ऐतिहासिक क्षति का सामना करने से अमेरिका के महाशक्ति होने का जो भरम टूटा है उसका ज़िम्मेदार भी ट्रंप ही है। और इसी सन्दर्भ में ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची को यह कहना पड़ा है कि -'अधूरे बने पुलों समेत इंफ्रास्टक्चर पर हो रहे हमले ईरानियों को सरेंडर करने के लिये मजबूर नहीं कर सकते। यह केवल अव्यवस्था में फंसे दुश्मन की हार और उस के नैतिक पतन को दिखाता है। साथ ही अरागची ने यह भी कहा कि हर पुल और ईमारत को पहले से ज़्यादा मज़बूती के साथ बनाया जायेगा। परन्तु जिसकी कभी भरपाई नहीं हो पायेगी वह है अमेरिकी साख को हुआ नुक़सान।

# महापौर के निरीक्षण में अवस्थाओं की खुली पोल

■ मोहल्ले में डंप किया जा रहा कूड़ा कचरा

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद में सोमवार को एक मोहल्ले का निरीक्षण करने निकली महापौर अर्चना वर्मा के निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की पोल खुल गई , जिसको लेकर महापौर ने नगर आयुक्त को एक लेटर जारी कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को पत्र लिखा है।

दरअसल महापौर सोमवार को वार्ड संख्या 24 मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने निकली थी जहां उन्होंने एक तरफ मोहल्ले के अंदर ही कूड़ा कचरा डंप किए जाने को लेकर नाराजगी जाहिर की वहीं उन्होंने पत्र में बताया कि मोहल्ले में कई स्थानों पर नालियां चोक है रोड पर पानी बह रहा है लोग गंदे पानी से निकलने को मजबूर है रोड पर गंदगी है और सफाई नहीं हो रही है रोड के किनारे कूड़ा डाले जाने से लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है गौशाला तक जाने के लिए कच्चा रास्ता है और गोवंशीय पशुओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है इस दौरान उन्होंने पत्र में लिखा है कि हनुमत धाम से ग्रीन वैली मार्ग पर लोगों ने नाले के ऊपर अवैध कब्जा कर रखा है इस दौरान उन्हें पक्के पुल के पास शौचालय बंद पड़ा मिला और मूत्रालय में गंदगी व्याप्त थी उन्होंने कहा खुले नाले लोगों की जान जान खतरे में डाल रहे हैं लोग उसमें गिर रहे हैं इनकी बाउंड्री करने की आवश्यकता है फिलहाल महापौर का निरीक्षण और निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया सामने आई है लोगों का कहना है कि इन समस्याओं को लेकर लगातार शिकायतें होती हैं लेकिन कोई नगर निगम में सुनने वाला नहीं है फिलहाल अब देखना होगा महापौर के पत्र पर क्या व्यवस्था में सुधार होता है या फिर यह पत्र भी एक शिकायती पत्र बनकर रह जाएगा।

# मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण नारी शक्ति का नया आयाम

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं नोडिल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (उत्तरी) श्री कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी /सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान श्री दीपक कुमार के नेतृत्व में आज दिनाँक 06.04.2026 को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' (द्वितीय



चरण) अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/ पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नत हुए शशिमौली पांडे का पीपिंग सेरेमनी में सम्मान

**आज़मगढ़।** जनपद में आयोजित गरिमामय पीपिंग सेरेमनी कार्यक्रम के दौरान उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय से पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नत हुए प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर शशिमौली पांडे को औपचारिक रूप से स्टार लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी द्वारा उन्हें पदोन्नति की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल की कामना की गई। पीपिंग सेरेमनी कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर श्री आस्था जायसवाल भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा पदोन्नति को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी जनसेवा के प्रति इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

# रिंग रोड पर हुई लूट का पुलिस ने किया पर्दाफास

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** मुगलसराय रिंग रोड पर पिकअप चालक से हुई लूट की घटना का मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। इस वारदात में बाहरी बदमाश नहीं, बल्कि चालक का ही सगा भाई और उसके साथी शामिल निकले। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी, मोबाइल, सोने का लॉकेट और घटना में प्रयुक्त तलवार बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 1 अप्रैल की रात कुरहना अंडरपास के पास रिंग रोड पर सर्विस लेन में पिकअप चालक रोहित पटेल ने वाहन बहाने से रुकवा दिया। इसी दौरान मोटरसाइकिल से पहुंचे उसके भाई विपिन कुमार सिंह, आकाश सिंह और विशाल पटेल ने वादी रविन्द्र कुमार को तलवार दिखाकर मारपीट की और करीब 45 हजार रुपये व मोबाइल फोन लूट लिया।

पूछताछ में सामने आया कि रोहित पटेल ने ही पहले अपने भाई को फोन कर जानकारी दी थी कि वह गोरखपुर से लौट रहा है और उसके पास बिक्री के पैसे हैं। इसी सूचना पर पूरी साजिश रची गई। वारदात को असली दिखाने के लिए आरोपियों ने रोहित के साथ भी मारपीट कर उसका मोबाइल और लॉकेट छीनने का नाटक किया।

घटना के अगले दिन सभी आरोपी इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी स्थित नाचघर मैदान में लूट के पैसे बांटने के लिए इकट्ठा हुए थे, तभी पुलिस ने दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 23 हजार रुपये नगद, दो मोबाइल फोन, एक सोने का लॉकेट और तलवार बरामद हुई।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# दहेज हत्या के प्रकरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**आज़मगढ़।** थाना निजामाबाद - वादिनी सबनम पत्नी अल्ताफ अहमद निवासी पठान टोला सरायमीर थाना द्वारा थाना निजामाबाद पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनकी पुत्री साहेवा की शादी दिनांक 20.11.2022 को अफताब पुत्र अली अहमद निवासी हुसैनाबाद थाना निजामाबाद के साथ दान-दहेज देकर की गई थी। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल पक्ष द्वारा कम दहेज का ताना देते हुए बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी तथा पीड़िता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। दिनांक 03.04.2026 को समय लगभग 02:00 बजे अभियुक्त अफताब (पति), सादिका (सास), एकलाख (जेठ), असफाक (जेठ) व तब्बू (ननद) द्वारा एक राय होकर साहेवा की हत्या कर शव को दुपट्टे से लटका कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना निजामाबाद पर मु0अ0सं0 81/2026 धारा 85, 80(2), 352 बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती आस्था जायसवाल द्वारा की जा रही है। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष हीरेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह क्षेत्र में तलाश वांछित में मामूर थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण से संबंधित अभियुक्त अफताब फरहाबाद क्षेत्र में मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम अफताब अहमद पुत्र अली अहमद निवासी ग्राम हुसैनाबाद थाना निजामाबाद करीब 28 वर्ष बताया।

# फोटोग्रॉफी एण्ड फाइन आर्ट्स क्लब द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन

**सुलतानपुर।** के0 एन0 आई0 टी0 सुलतानपुर में फोटोग्रॉफी एण्ड फाइन आर्ट्स क्लब द्वारा एक प्रतियोगिता आर्ट हस्ल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से बी0टेक0 प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे कि ओरिगेमी तथा लाइव स्केचिंग में प्रतिभाग किया गया। ओरिगेमी में कागज को मोड़कर सजावटी एवं रचनात्मक आकृतियां तैयार की गयीं। लाइव स्केचिंग में व्यक्तियों एवं वस्तुओं के जीवन्त रेखाचित्र तैयार किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 एच0 वी0 सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया गया, जिसमें एक्स्ट्रा क्यूरीकुलर एक्टिविटीज का मुख्य शैक्षणिक पाठ्यक्रम से अलग, व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता और स्वास्थ्य के लिए होने वाले महत्व को बताया गया।

# जालौन की नवीन गल्ला मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था पटरी से उतरी

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जालौन की नवीन गल्ला मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था अभी पूरी तरह सुचारु नहीं हो पाई है। शासन द्वारा निर्धारित 15 क्रय केंद्रों में से मात्र 4 से 5 केंद्र ही अभी तक शुरू हो सके हैं, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कई क्रय केंद्रों पर बारदाने (बोरियों) की कमी बनी हुई है, जबकि कुछ स्थानों पर केंद्र प्रभारी अभी तक कार्यभार ग्रहण करने नहीं पहुंचे हैं। जिन केंद्रों पर खरीद कार्य शुरू भी हुआ है, वहां किसानों को खसरा (भूमि अभिलेख) से संबंधित औपचारिकताओं को लेकर परेशान किया जा रहा है। इससे किसानों में नाराजगी देखी जा रही है।किसान अजीत सिंह जगतपुरा, रामेन्द्र खर्रा, सुनील कैथ आदि ने बताया कि शनिवार को वह खाद्य एवं रसद विभाग पर गेहू बेचने के लिये गये तो वहा तैनात क्रय प्रभारी राजकपूर ने खसरा आँफ लाइन लगाने के लिये कहा जब वह तहसील लेखपाल के पास गये तो कोई भी लेखपाल खसरा आँफ लाइन नही दे रहा है

इसी स्थिति को देखते हुए उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने नवीन गल्ला मंडी पहुंचकर विभिन्न क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।और उन्होने किसानो को आश्वासन दिया कि खसरा को लेकर आ रही समस्या का वह जल्द ही हल निकालकर किसानो की समस्या दूर करेगे।

मंडी सचिव अंकित गुप्ता ने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने केंद्रों पर स्पष्ट रूप से बैनर लगवाएं, जिससे किसानों को केंद्र की पहचान करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त कर सभी क्रय केंद्रों को पूर्ण रूप से संचालित किया जाएगा।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि गेहूं खरीद व्यवस्था को शीघ्र सुचारु किया जाए, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# एसपी चन्दौली द्वारा मुगलसराय कस्बा में पैदल गश्त कर सड़क किनारे दुकान लगाने वालों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**चन्दौली (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस अधीक्षक चन्दौली आकाश पटेल द्वारा कस्बा मुगलसराय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आमजन को जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से पैदल गश्त किया गया। गश्त के दौरान सड़क के किनारे अनियमित रूप से दुकान लगाने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देशित किया गया कि अपनी दुकानों को निर्धारित स्थान (सड़क किनारे बनी लाइन) के पीछे व्यवस्थित रूप से लगाना सुनिश्चित करें। अन्यथा नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा आम नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें एवं प्रशासन का सहयोग करें, ताकि नगर में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनी रहे। पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सदर, अनंत चंद्रशेखर, क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर, अरुण कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुगलसराय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# इन्टैक उरई के तत्वावधान में नाव एवं जहाज दीर्घा का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** राष्ट्रीय समुद्र दिवस के अवसर पर इनटैक उरई अध्याय और भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य दीर्घा आयोजित की गई। इस दीर्घा का शुभारंभ शंख ध्वनि के मध्य अपने जनपद के मुख्य विकास अधिकारी श्री के0 के0 सिंह तथा जनपद के जिला पंचायत राज अधिकारी श्री राम अयोध्या प्रसाद जी ने संयुक्त रूप से श्री गणेश जी एवं श्री मॉ सरस्वती मैया के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित कर संपन्न किया।

मुख्य अतिथि श्री के0 के0 सिंह जी ने कहा कि यह दीर्घा अतुलनीय है और इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। एक साथ इतने देशों के विभिन्न आकार प्रकार के जहाजों के चित्रों से युक्त सिक्कों को देखकर मैं अविभूत हूं। इस दीर्घा में टाइटेनिक जहाज तथा कामागाटामारू नामक विश्व प्रसिद्ध जहाजों की जो जानकारी दी गई, वह बच्चों के ज्ञानार्जन में बहुत प्रभावशाली है।

इस दीर्घा में उपस्थित विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत राज अधिकारी श्री राम अयोध्या प्रसाद जी गुप्त ने कहा की मैं तो यहां पर आता रहता हूं और इस प्रकार की तमाम दीर्घायें मैंने देखी है।मुझे बहुत अच्छा लगता है इन सब चीजों को देखकर। पुरवार दंपति यह जो कार्य करते हैं, वह अपनी संस्कृति के प्रति इन लोगों का समर्पण है। उसके लिए मैं इनको साधुवाद देता हूं। इस दीर्घा में तमाम सारे अपने देश तथा विदेशों के सिक्के प्रदर्शित किये गये जिनमें अल्बानिया ,अरूबा, बरमूडा, बहमाश ,बहरीन, कनाडा, केप वर्दी, साइप्रस, कैरीबियन आईलैंड, डेनमार्क, दुबई, इंग्लैंड, इजिप्ट, पोकलैंड ,फ्रांस ,फिजी ,गांबिया, गिल्बर्ट, ग्रीस, इटली, कोरिया ,कुवैत ,लेबनान ,लाइबेरिया, माल्टा, मॉरीशस, मालदीव्स ,न्यू आइलैंड, न्यूजीलैंड ,नॉर्थ कोरिया, पनामा, पाकिस्तान, पोलैंड ,पुर्तगाल, कतर ,सेंट हेलेना, स्पेन, सिंगापुर ,साउथ अफ्रीका, सोमालिया ,टोंगा ,यूएई वेस्ट पाकिस्तान ,वियतनाम , आदि देश प्रमुख हैं। इसी भांति कनाडा ,यूएई सिंगापुर, पुर्तगाल ,ऑस्ट्रेलिया, कज़ाकिस्तान इंडिया आदि के बैंक नोट भी प्रदर्शित किए गए। इस दीर्घा में हंगरी, मंगोलिया , वर्जिन आइलैंड ,नाइजीरिया, इंग्लैंड, दुबई ,केन्या ,इटली ,कोरिया, सूडान,आदि देशों के जहाज चित्रों से युक्त डाक टिकट भी प्रस्तुत किए गए। इस दीर्घा मे बारगी, बोट, कैनोई, फैरी ,याच,सेल बोट,शिप और गोंडोला आदि प्रकार के नावों तथा जहाजों के मॉडल भी प्रदर्शित किये गए। केरल की स्नेक बोट और कुचीपुरम मास्कवाली तथा बोर्ड लोकल ट्राइबल आर्ट से युक्त नावें भी प्रदर्शित की गईं।

इस दीर्घा के संयोजक डॉक्टर हरीमोहन पुरवार ने बतलाया कि आदिकाल से अपने भारत में नौकाओं का प्रचलन रहा है। भगवान श्री विष्णुजी का मत्स्य अवतार इस बात का विशिष्ट परिचायक है कि वह एक नाव को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिये हुआ था क्योंकि प्रलय के समय इसी नाव नें प्रकृति के समस्त बीज रखे हुये थे।हमारे देश में नौकाओं का प्रचलन बहुत पुराना है। जब श्री रामचंद्र जी को वनवास हुआ था तो उन्होंने भी सरयू पार नाव के द्वारा की थी। एक बात और। हम लोग अपने घरों में भगवान श्री सत्यनारायणजी की कथा करते हैं। इस कथा में भी नाव के द्वारा दूर-विदेश में नोका के द्वारा जाकर व्यापार करने का उल्लेख मिलता है।

# करौंदी कलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लटका ताला, मरीज बेहाल

**सुलतानपुर।** करौंदीकलां क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर सामने आई है। रविवार को अस्पताल परिसर में ताला बंद मिला, जिससे इलाज के लिए दूर-दराज से आए मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंचे, लेकिन मुख्य गेट पर ताला लटका देखकर सभी हैरान रह गए। इलाज के अभाव में कई मरीजों को बिना उपचार के ही वापस लौटना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि अक्सर यहां डॉक्टरों की अनुपस्थिति बनी रहती है। मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि सरकारी अस्पताल होने के बावजूद समय पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहते, जिससे उन्हें मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है और आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल में नियमित रूप से डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जाए।

# जीरो बैलेंस खाते के नाम पर खुली लूट

अवधनामा संवाददाता




**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के आसफाबाद क्षेत्र में बैंकिंग सुविधा के नाम पर खुले कस्टमर सर्विस प्वाइंट (सी.एस.पी) अब गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए राहत की बजाय शोषण का जरिया बनते जा रहे हैं। ताजा मामला पंजाब नेशनल बैंक पी.एन.बी के एक सी.एस.पी संचालक से जुड़ा है, जहां जीरो बैलेंस खाता खोलने के नाम पर खुलेआम 200 रुपये वसूले जा रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार ऐसे खाते पूरी तरह निशुल्क खोले जाने चाहिए।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सी.एस.पी संचालक द्वारा यह वसूली एक तरह से फिक्स रेट बना दी गई है। जो व्यक्ति पैसे देने से इनकार करता है, उसका खाता खोलने में आनाकानी की जाती है या फिर उसे बार-बार चक्कर कटवाए जाते हैं। इससे साफ है कि सरकारी योजनाओं के तहत दी जाने वाली बैंकिंग सुविधाओं का लाभ आम जनता तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा। जब इस पूरे मामले में संबंधित सी.एस.पी संचालक से बात कर सच जानने की कोशिश की गई, तो उसका जवाब और भी चौंकाने वाला था। उसने बेखौफ अंदाज में कहा कि आपको किसका खाता खुलवाना है ? शहर में सभी लोग ऐसा ही करते हैं। यह बयान न सिर्फ उसकी मनमानी को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि अवैध वसूली को अब सिस्टम का हिस्सा मान लिया गया है। गौरतलब है कि जीरो बैलेंस खाते का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। लेकिन सी.एस.पी संचालकों की इस मनमानी ने इस योजना की मूल भावना को ही ठेंगा दिखा दिया है। सूत्रों की मानें तो यह मामला अकेले एक सी.एस.पी तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के कई सी.एस.पी संचालक इसी तरह अवैध वसूली कर रहे हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर बैंक प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी इस खुलेआम हो रही लूट पर चुप क्यों हैं ? जरूरत है कि संबंधित बैंक और जिला प्रशासन इस मामले का संज्ञान लेकर जांच कराए और दोषी संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि आम जनता का भरोसा बैंकिंग व्यवस्था पर बना रह सके।

# हार्डवेयर व्यापारी पर हमले के बाद आगजनी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में हार्डवेयर व्यापारी व उसके भाई पर हमले के बाद जमकर बवाल हुआ। यहां पथराव के साथ ही तोड़फोड़ व आगजनी की गई। एक ट्रैक्टर व बाइक फूंक दी गई और कार में तोड़फोड़ की गई। बवाल के दौरान दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग जख्मी हुए। इनमें से हार्डवेयर व्यापारी के भाई की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। उसे लखनऊ रेफर किया गया है। तनाव को देखते हुए मौके पर फोर्स तैनात कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव के रहने वाले मुन्ना यादव हार्डवेयर की दुकान संचालित करते हैं। रात में लगभग दस बजे दुकान बंद करने के बाद वह अपने भाई नितिन के साथ घर लौट रहे थे। हथिगहां बाजार के पास वहीं के रहने वाले कालीचरण से विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इसी दौरान खबर फैल गई कि मुन्ना यादव व नितिन को घेरकर पीटा जा रहा है। इसकी सूचना पर मोहम्मदपुर गांव से दर्जनों की संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए। इसके बाद बवाल शुरू हो गया। दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे पर पथराव किया गया। मौके पर तोड़फोड़ शुरू हो गई।

कालीचरण के घर पहुंचकर भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने उसके ट्रैक्टर में आग लगा दी और घर के बाहर खड़ी एक बाइक भी फूंक दी। उसकी कार में भी तोड़फोड़ कर दी।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन बवाल शांत करा पाने में नाकाम रही। इसके बाद कई थानों की फोर्स लेकर अफसर मौके पर पहुंचे। तब जाकर भीड़ को खदेड़ा गया। तब जाकर करीब दो घंटे बाद मौके पर स्थिति नियंत्रित की जा सकी। तनाव को देखते हुए मौके पर फोर्स तैनात कर दी गई है। सुबह एक बार फिर मौके पर पहुंचकर अफसरों ने जांच पड़ताल की है।

पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में सामने आया है कि मुन्ना यादव और कालीचरण के बीच 2019 से जमीन को लेकर रंजिश चली आ रही है। रविवार रात घर लौटते वक्त मुन्ना व नितिन साथ थे। इसी दौरान कालीचरण के घर के पास से वह गाड़ी टर्न कर रहे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया। पहले मुन्ना से मारपीट हुई और बीच बचाव करने पर नितिन पर हमला किया गया जिसमें वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। यह खबर गांव में पहुंची तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद बवाल शुरू हो गया।

डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया, दोनों पक्षों में पूर्व से विवाद की बात सामने आई है। मौके से तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुन्ना यादव पक्ष से छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

# द वॉयस ऑफअवध की प्रथम विजेता हुई कीर्ति चौरसिया

**सुल्तानपुर।** शहर के पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में रविवार को सत्यधाम आश्रम के तत्वावधान में आयोजित 'द वॉयस ऑफअवध' सिंगिंग प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में 12 प्रतिभागियों के बीच महा मुकाबला हुआ। जिसमें प्रथम विजेता कीर्ति चौरसिया हुई जिन्हें सत्यधाम आश्रम द्वारा रु. पचास हजार तथा ट्रॉफी सर्टिफिकेट से द वॉयस ऑफ अवध का सम्मान दिया गया। वही द्वितीय विजेता शिवकुमार सूफी को रु. इक्कीस हजार एस एल होमियोफर्मा तथा तृतीय विजेता अनमोल चौधरी को ग्यारह हजार रुपए, एस राज ज्वेलर्स द्वारा प्रदान किया गया। ग्रैंड फिनाले में मुख्य जज 'द इंडिया वॉयस किड्स' की विजेता निष्ठा शर्मा, संगीतविद जे पी शर्मा और भोजपुरी संगीतकार आशीष वर्मा ने बारीकियों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष निर्णय दिया। निष्ठा शर्मा ने कहा कि सुल्तानपुर में पहली बार गायन प्रतियोगिता का महान मंच सजा जिसके लिए उन्होंने आयोजक सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराजदेव जी महाराज जी को बधाई दिया।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर कांग्रेस हुई मुखर, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** जिले में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस पार्टी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि निजी स्कूलों की लूट पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो कांग्रेस के लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन के बाद जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा कि प्राइवेट स्कूलों ने शिक्षा को व्यापार बना दिया है और गरीब व मध्यम वर्ग के अभिभावकों का खुला शोषण हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह आखिरी चेतावनी है, अगर फीस की लूट, जबरन ड्रेस और किताबों के नाम पर वसूली बंद नहीं हुई तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर निर्णायक संघर्ष करेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। शहर अध्यक्ष ने कहा कि निजी स्कूलों की मनमानी अब बर्दाश्त



के बाहर हो चुकी है। हर साल अभिभावकों से मोटी रकम वसूली जा रही है। यह गरीबों के हक पर सीधा डाका है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर रोक लगाई जाए, बिना अनुमति पाठ्यक्रम व किताबें बदलने वाले स्कूलों पर कार्रवाई हो, बार-बार ड्रेस बदलने की प्रथा खत्म की जाए और कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाए। साथ ही निजी स्कूलों की सालाना आय की जांच कराने की भी मांग की गई है। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी बृहस्पतिवार को जिले में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे हालात गरमा सकते हैं। इस मौके पर राहुल त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह, हरीश त्रिपाठी, सलाहुद्दीन हाशमी, सुरेन्द्र शुक्ल, रणजीत सिंह सलूजा, निकलेस सरोज,शरद श्रीवास्तव, शुव्रत सिंह, अपरबल सिंह, जाकिर हसन, मो मंसूर, अतीक अहमद, उमाकांत त्रिपाठी, इमरान अहमद, प्रभा शंकर मिश्र, सुरेश चंद्र मिश्र, विकास मिश्र, शीतला प्रसाद साहू समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा चौपाल एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन

**सुल्तानपुर।** जिले के कुड़वार ब्लॉक अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय धारूपुर में शिक्षा चौपाल, वार्षिकोत्सव एवं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक कुड़वार अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता निजाम खान ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान निजाम खान ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जो बच्चों के सपनों को साकार करने की ताकत देती है। मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें अच्छे संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# हज़रत सूफी इसहाक मियां का 31 वां उर्स मुबारक मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** हज़रत सूफी इसहाक मियां का 31 वां उर्स मुबारक रविवार को उनके गद्दी नशीन व मुरीद सूफी उमर मियां छाता वालों के नेतृत्व में मेहफिल ए शमां के साथ उनके मजार शरीफ कब्रस्तान अंधी कुइय्या में कराया गया।

इस अवसर पर सूफी उमर मियां ने अपने पीर की याद में भावपूर्ण होकर उनके जीवन और कार्यो को याद किया।

सूफी उमर मियां ने बताया कि मेरे पीर हज़रत इसहाक मियां का 31 वां उर्स मुबारक मनाया गया जिसमें शाम 06:00 बजे उनके मजार शरीफ पर चादर पोशी की रस्म अदायगी हुई इसके बाद फातिहा पढ़ी गई और लंगर खाना वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सूफी और अनुयायी उपस्थित थे।

इसके बाद मेहफिल ए शमां में कव्वाल ताज साबरी फिरोजाबादी ने अपने अंदाज में हज़रत मोहम्मद साहब, हज़रत मौला अली, हज़रत छोटे बड़े सरकार, हज़रत साबिर पाक, हज़रत इसहाक मियां की शान में एक से एक उम्दा कलाम पढ़े, जैसे कि:

'मेरा पीर साखी है, साखी के सदके;

पिलाई है जिसने शराब ए मोहम्मद; 'कव्वाली के दौरान सूफी हाजी सूफी सईद हसन, सूफी उमर मियां, सूफी मुकीम मियां, सूफी मिर्ची वाले बाबा, सूफी इरफान आदि वज्द में आकर झूमने लगे। कव्वाल ताज साबरी फिरोजाबादी ने जबरदस्त कव्वाली का प्रदर्शन कर लोगों को मनमोहक कर लिया।

कव्वाली प्रोग्राम समापन के दौरान सभी लोगों ने एक साथ अल्लाह से अपने वतन हिन्दोस्तान की खुशहाली तरक्की और अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस मौके पर सूफी उमर मियां, हाजी सूफी सईद हसन, सूफी मुकीम मियां, सूफी नईम, हाजी सूफी इरफान, सूफी मिर्ची वाले बाबा, पूर्व सभासद इक़बाल कुरैशी, सूफी जहीर, शाहिद कुरैशी आदि मोजूद रहे। सभी ने मिलकर अपने पीर की याद में दुआ की और उनके जीवन को याद किया।

# मथुरा में 6 बाल श्रमिक मिले, कार्यवाही से हड़कंप

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी मथुरा , मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में और सहायक श्रमायुक्त एम एल पाल के निर्देश पर दिनांक 06/04/2026 को बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सौंख अड्डा , भैंस बहोरा और भरतपुर गेट एवं दरेसी रोड के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमे 06 बालश्रमिक खतरनाक तथा 01किशोर गैरखतरनाक प्रक्रिया में 05 प्रतिष्ठानों में काम करते हुए पाए गए तब श्रम विभाग द्वारा इनके सेवायोजको के विरुद्ध मौके पर नोटिस जारी किये गए द्य टीम में प्रमुख रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस. पी .पाण्डेय, प्रकाश चंद चाइल्ड हेल्पलाइन से परियोजना समन्वयक कृष्ण कुमार सैनी, केस वर्कर नवीन और थाना ए एच टी से उप निरीक्षक संदीप राणा, मुख्य आरक्षी योगेश कुमार, जीतेन्द्र कुमार , महिला मुख्य आरक्षी श्री मति सुशीला उपस्थित रहे बाल श्रमिकों से कार्य कराए जाने पर 50000 तक जुर्माना अथवा तीन साल की सजा या दोनों व किशोरों से नियम विरुद्ध कार्य करने पर कानून में रुपया 10000 तक जुर्माने अथवा 03माह तक जेल अथवा दोनो सजा का प्राविधान है।मौके पर सेवायोजकों को नोटिस जारी की गई।कार्यवाही के दौरान कुछ सेवायोजकों व दुकानदारों द्वारा प्रतिरोध करने पर उन्हें बाल व किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986,के प्राविधानों से अवगत कराते हुए बाल श्रमिकों का नियोजन न करने के बारे में जानकारी दी गई।

# सय्यद मेराज मियां की सरपरस्ती में मनाया गया जिलानी बाबा का उर्स

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल।** आशिके मखदूम साबिर पाक, फिदाए औलिया हुजूर बाबा गुलाम जिलानी साबरी रह0 का सालाना उर्स मुबारक परम्परागत रस्मों के साथ सम्पन्न हो गया। सम्भल से बड़ी संख्या मे अकीदतमन्द कलियर शरीफ हुजूर बाबा गुलाम जिलानी साबरी रह0 का सालाना उर्स मनाने के लिए जबकि यहां उत्तराखण्ड, पानीपत, हल्द्वानी, मुरादाबाद और पंजाब व दिल्ली के ज़ायरीन ने भी शिरकत करते हुए उर्स को भव्य बनाया। अमन शांति और भाईचारे के लिए दुआ की गई। दरगाह शाह विलायत हज़रत ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्की पानीपति के सज्जादानशींन व अंजुमन गुलामाने चिश्तीया साबरिया वैलफेयर सोसायटी के चैयरमेन हाजी ख्वाजा सैयद मेराज हुसैन साबरी ने कुल शरीफ मे मुल्क अमन शांति एवं भाईचारे को दुआ कराई और सूफीवाद का पैग़ाम दिया। मेराज मियां की सरपरस्ती मे परम्परागत उर्स पुर सुकून माहौल मे एकता और भाईचारे के पैग़ाम के साथ सम्पन्न हो गया। नामचीन कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। कुल के बाद सभी को तर्बरूक बांटा गया और लंगर का आयोजन हुआ। इस मौके पर हज कमेटी उत्तराखण्ड के पूर्व चैयरमेन हाजी राव शेर मौहम्मद, वक्फ बोर्ड उत्तराखण्ड के पूर्व चैयरमेन राव काले खां, संजय बाबा, सूफी इसरार साबरी, सलीम उदयपुर, बाबा मेक्षी शाह, हाजी इश्तियाक, इस्तेकार अमन साबरी, शराफत हुसैन, ख्वाजा हसनैन, शान साबरी, तस्लीम साबरी, धर्मेन्द्र, सौहराब साबरी, नितिन पहलवान, आदि मौजूद रहे। सम्भल से पहुंचने वालों मे इंतेज़ार हुसैन, बाबर खान साबरी, फरज़न्द अली वारसी, मौ0 वसीम, साबिर हुसैन, फाज़िल, मौ0 काशिफ, असद, मास्टर रूकील अहमद आदि मौजूद रहे।

# राजीव इंटरनेशनल स्कूल के होनहार लक्ष शर्मा ने रचा इतिहास

**अवधनामा संवाददाता**

- स्केटिंग में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया नाम
- वृंदावन की व्यस्त सड़क पर दर्ज की ऐतिहासिक उपलब्धि

**मथुरा।** राजीव इंटरनेशनल स्कूल के होनहार छात्र लक्ष शर्मा ने स्केटिंग में अद्भुत कारनामा करते हुए अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। 19 फरवरी को 6 साल 10 महीने की उम्र में लक्ष ने वृंदावन की व्यस्त सड़क पर 13.03 किलोमीटर की दूरी 39 मिनट 34 सेकेंड में पूरी कर यह इतिहास रचा है। विद्यालय के चेयरमैन मनोज अग्रवाल ने होनहार लक्ष को शाबाशी देते हुए उसका हौसला बढ़ाया तथा कहा कि यह समूचे ब्रज मण्डल के लिए गौरव की बात है।

राजीव इंटरनेशनल स्कूल का चमकता सितारा लक्ष स्केटिंग में अब तक दर्जनों पदक जीत चुका है। इससे पहले गाजियाबाद में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर नॉर्थ जोन-1 रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में लक्ष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया था। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने वाले इस होनहार लक्ष के कारनामे और उपलब्धि से उसके माता-पिता तथा कोच बहुत खुश हैं। खुश होना भी चाहिए क्योंकि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। लक्ष की इस शानदार उपलब्धि पर इंडिया बुक द्वारा उसे स्वर्ण पदक, इंडिया बुक, बैज और सर्टिफिकेट आदि देकर सम्मानित किया गया।

राजीव इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन मनोज अग्रवाल और प्रधानाचार्या प्रिया मदान ने लक्ष की इस असाधारण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह



ऐतिहासिक प्रदर्शन ब्रज क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। चेयरमैन श्री अग्रवाल ने कहा कि लक्ष का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में आधिकारिक रूप से दर्ज होना अविस्मरणीय बात है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि भविष्य में भी लक्ष राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर अपने जनपद, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेगा। उन्होंने कहा कि इससे अन्य बच्चों को भी खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि अब खेलों के मायने बदल गए हैं। छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को कुछ समय देकर तन और मन से स्वस्थ रह सकते हैं।

प्रधानाध्यापिका प्रिया मदान ने कहा कि राजीव इंटरनेशनल स्कूल में हर क्षेत्र की नायाब प्रतिभाएं हैं। लक्ष ने रोलर स्केटिंग जैसे खेल में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर यह साबित किया है कि उसमें गजब की क्षमता है। प्रधानाध्यापिका प्रिया मदान ने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा की प्रतिभा को पहचान कर उसे प्रगति पथ पर अग्रसर करना ही राजीव इंटरनेशनल स्कूल का उद्देश्य है। भविष्य में भी यहां के छात्र-छात्राएं इसी तरह सफलताएं हासिल कर अपने जिले और प्रदेश को गौरवान्वित करेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है।

## मुख्यमंत्री आज वृंदावन में

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार 07 अप्रैल को कान्हा की नगरी वृंदावन के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री यहाँ श्रीमद् जगद्गुरू द्वाराचार्य श्री मलूकदास जी महाराज के 452वें पावन जयंती महोत्सव में सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम में आर एस एस मुखियाजी मोहन भागवत भी शामिल होंगे। शासन द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार मुख्यमंत्री का कार्यक्रम मिनट-दर-मिनट तय कर दिया गया है। जिलाधिकारी सीपी सिंह एसएसपी श्लोक कुमार ने जिले के अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए हैं।

तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 1:25 बजे लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से राजकीय वायुयान द्वारा प्रस्थान करेंगे और 2:10 बजे आगरा के खेरिया एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वे राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2:35 बजे पवन हंस हेलीपैड, वृंदावन पहुंचेंगे।

# प्राइवेट स्कूलों की फीस वसूली के खिलाफ प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**




**फतेहपुर।** निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वसूली के विरोध में युवा विकास समिति के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने आरोप लगाया कि जिले के प्राइवेट स्कूल अभिभावकों से मनमाने ढंग से फीस वसूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि फीस जमा करने में देरी होने पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाता है, जबकि एडमिशन, ट्यूशन, विकास शुल्क समेत अन्य मदों में 15 से 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के समय ही अभिभावकों से बिल्डिंग, खेल, पानी, बिजली, चिकित्सा और ट्यूशन फीस के नाम पर भारी भरकम रकम वसूली जाती है। इसके अलावा री-एडमिशन के नाम पर भी अलग से शुल्क लिया जा रहा है। कॉपी-किताब और ड्रेस की खरीद में भी अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, जिससे आम लोग परेशान हैं। ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि कई विद्यालयों में केजी से कक्षा 8 तक 2500 से 3000 रुपये मासिक फीस ली जा रही है, जबकि उच्च कक्षाओं के लिए यह राशि 3000 से 5000 रुपये तक पहुंच जाती है। इसके अलावा कंप्यूटर, परिवहन, बिजली और अन्य शुल्कों के नाम पर अलग-अलग रकम वसूली जाती है। बिजली शुल्क 1500 से 2000 रुपये, आईटी चार्ज 600 रुपये और मेंटेनेंस के नाम पर 5000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिले के दर्जनों निजी विद्यालयों पर किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं है, जिससे संचालक अपनी मनमर्जी से फीस तय कर रहे हैं।

## व्यापारी अधिवेशन में अभिषेक 'पिंटू' बने जिलाध्यक्ष, व्यापारियों में हर्ष

**मथुरा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश (पंजी.) के व्यापारी अधिवेशन में प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल द्वारा अभिषेक कुमार 'पिंटू भईया' को मथुरा का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। उनकी नियुक्ति के साथ ही संगठन में अन्य पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया। पिंटू भईया पूर्व में भी कई व्यापारिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों में महत्वपूर्ण पदों पर रहकर सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में मथुरा जनपद में व्यापार मंडल और अधिक मजबूत व संगठित होगा तथा व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। इस दौरान जिला महामंत्री पद पर बबलू सैनी, नगर अध्यक्ष पद पर राजेंद्र लोधी, नगर महामंत्री पद पर सतीश पटेल, नगर कोषाध्यक्ष पद पर गजेंद्र सिंह तथा महावन तहसील अध्यक्ष पद पर कमल सिंह सैनी (भैयाजी) को जिम्मेदारी सौंपी गई। पिंटू भईया की नियुक्ति पर जिले के व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में शोभित भारद्वाज, आलोक बंसल, राजेश शर्मा, अनिल शर्मा, अंकित वार्ष्णेय, हेमू शर्मा, सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

# ओलावृष्टि से अन्नदाता की जो क्षति हुई है उसकी भरपाई करे सरकार



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी ने जिलामुख्यालय कार्यालय पर समाजवादियों ने जिलाधिकारी के नाम एडीएम प्रशासन को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसलों का भारी नुकसान हुआ है, जिससे जनपद भर के किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। मथुरा-वृंदावन विधानसभा प्रत्याशी अनिल अग्रवाल ने कहा कि अन्नदाताओं का बारिश ओलावृष्टि से हुए भारी नुकसान की तत्काल आकलन कर पीड़ीत किसानों को सम्मानजनक और पर्याप्त मुआवजा दिया जाए। साथ ही जागेश्वर यादव प्रदेश सचिव, शबनम कुरैशी महिला सभा की प्रदेश सचिव, राजेंद्र प्रसाद लोधी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने संयुक्त रूप से कहा कि बेमौसम बारिश से किसानों की फसल बड़े पैमाने पर बर्बाद हो गई है, अन्नदाताओं की पीड़ा को संज्ञान लेते हुए किसानों का लोन माफ़ किया जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिल भुगतान के लिए किसानों को मजबूर न किया जाए और अन्नदाताओं को किसान बीमा योजना का लाभ शीघ्र दिलाया जाए। इस अवसर पर नरेश यादव जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, देवेन्द्र निषाद महानगर उपाध्यक्ष, मुकेश सैनी महानगर उपाध्यक्ष अम्बेडकर वाहिनी, छैल बिहारी सैनी, शब्बीर कुरैशी, सियास शाह, नरेंद्र सिंह, भोला पंडित, कृष्णा सैनी आदि उपस्थित रहे।

## जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**फतेहपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला व शहर नेतृत्व के संयुक्त आह्वान पर सोमवार को बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जनपद की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली, गैस, जाम, नाला निकासी और अतिक्रमण जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए त्वरित समाधान की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में विद्युत कंपनियों द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटरों का विरोध करते हुए कहा कि सरकार द्वारा इसे वैकल्पिक व्यवस्था बताया गया था, लेकिन इसे जबरन लागू किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगवाया है, उन्हें बिल जमा करने के बावजूद 'माइनस बैलेंस' दिखाकर कनेक्शन काट दिया जाता है और कई दिन बाद बहाल किया जाता है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके साथ ही गैस किल्लत और कालाबाजारी का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बाजार में रसोई गैस की कमी के चलते उपभोक्ताओं को अधिक दामों पर सिलेंडर खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# सभी सभासद पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करें

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत समधन के नवनिर्वाचित शासकीय सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी ने सभी सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान सभासदों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।

सोमवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय एवं उपजिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी का पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता द्वारा फूलमालाये पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद एसडीएम ने शासकीय सभासदों शिवमराज वर्मा, चन्दन चौरसिया, कृष्ण मुरारी कठेरिया, राकेश कुशवाहा, किरन दुवे को पद व गोपनियता की शपथ दिलानें के उपरान्त कहा कि सभी सभासद जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करें और वार्ड के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने पर जोर दिया। पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्थानीय निकायों की भूमिका जनहित के कार्यों में बेहद महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों से अपील की कि वे आपसी समन्वय बनाकर वार्ड के विकास कार्यो को गति दें। कार्यक्रम के अंत में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और नगर के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, भाजपा पिछडा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा, रेखा त्रिपाठी, भाजपा जिला महामंत्री इतेन्द्र राजपूत, भाजपा जिला मंत्री राजीव ठाकुर एवं संजीव कुमार उर्फसंजू गुप्ता, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार पाठक, नीरज मिश्रा सहित सभासद धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फबडे, परमजीत, विपिन चौरसिया, चरणजीत, सिराज अहमद, सैयद शंहशाह, सुरेन्द्र राठौर, निर्मल श्रीवास्तव, जीतू गुप्ता, शिवा गुप्ता, मनोज गुप्ता, गंगा सिंह, राहुल राठौर, रानू ठाकुर, अमन कठेरिया, मोनू गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे। उधर नगर पंचायत समधन में उपजिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी द्वारा नामित सभासद अंकित गुप्ता, प्रवीण दीक्षित, अमित कुमार उर्फ टीटू को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान ईओ दिव्या गुप्ता सहित तमाम सभासद व नागरिक मौजूद रहे।

## विशेष टीम ने माल मुकदमाती आतिशबाजी को नष्ट कराया



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र में जब्त की गई अवैध आतिशबाजी को नष्ट करने के लिए लखनऊ से आई विशेष टीम ने प्रशासन की मौजूदगी में कार्रवाई की। निर्धारित स्थान पर सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आतिशबाजी को नष्ट किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में दीपावली से पूर्व छापेमारी के दौरान दस गत्ते अवैध पटाखे एवं आतिशबाजी सामग्री बरामद की गई थी, जिसे माल मुकदमाती के रूप में सुरक्षित रखा गया था। सोमवार को शासन के निर्देश पर इस सामग्री को नष्ट करने के लिए लखनऊ से विशेषज्ञ टीम को बुलाया गया। कार्रवाई के दौरान उपनिरीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह, हेड माहर्रिर पवन शर्मा, राघवेन्द्र सिंह सहित पुलिस बल की टीम मौके पर मौजूद रही। विशेष टीम ने सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कोतवाली के समीप ग्राउन्ड में आतिशबाजी को नियंत्रित तरीके से नष्ट किया। इसके उपरान्त हेड मोहर्रिर पवन शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि माल मुकदमाती धान के बीज की कोतवाली परिसर में 10 अप्रैल की सुबह सार्वजनिक नीलामी की जायेगी।

# शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को समय से पूर्ण करें

**अवधनामा संवाददाता**




**कन्नौज।** सोमवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी एवं आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की। जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में शौचालय निर्माण हेतु निर्धारित 7373 के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास खण्डवार लक्ष्य आवंटित कर पात्र लाभार्थियों का चयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जनसुनवाई एवं तहसील दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर ब्लॉक स्तर पर शौचालय एवं आवास का पात्रता रजिस्टर तैयार कर पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में लंबित एवं अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर एक माह के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अपूर्ण 'अन्नपूर्णा मॉडल शॉप' के निर्माण कार्य को अप्रैल माह में हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। गौशालाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत गौवंशों के लिए छाया, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रूप से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही सभी गौआश्रय स्थलों पर तैनात केयरटेकरों की सूची एवं संबंधित विवरण तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त फैमिली आईडी एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाते हुए उन्होंने कहा कि इस सप्ताह कार्यों में स्पष्ट प्रगति परिलक्षित होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, प्रभागीय वन अधिकारी हेमंत सेठ, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फसल के नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिया जाए : अभिषेक

- जय जवान जय किसान लोकशक्ति प्रदेश अध्यक्ष ने ओलावृष्टि और बरसात से पीडित किसानों की उठाई आबाज

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** हाल ही में हुई ओलावृष्टि और बे मौसम बरसात ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। गेहूं, सरसों और अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसान आर्थिक संकट में आ गए हैं। कहा कि किसान पहले ही महंगाई और लागत के बोझ से जूझ रहे हैं, ऐसे में प्राकृतिक आपदा ने उनकी स्थिति और भी खराब कर दी है। यह बात सोमवार को नगर के जीटी रोड स्थित प्रदेश कार्यालय पर जय जवान जय किसान लोक शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कही। उन्होनें किसानों की पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि किसानों की पूरी फसल बर्बाद हो गई है और अब उनके सामने परिवार का पालन-पोषण करना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए सरकार से मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए और नुकसान का सही आंकलन कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। जिलाध्यक्ष विपिन चौरसिया का कहना है कि हर साल इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को नुकसान होता है, लेकिन राहत कार्यों में देरी होने से उनकी मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। ऐसे में समय रहते ठोस कदम उठाना बेहद जरूरी है।

# बार एसोसिएशन चुनाव 2026: बाबू सिंह यादव ने कलेक्ट्रेट में किया जनसंपर्क

- अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन, जीत को बताया सभी की जीत

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** फतेहपुर जिला बार एसोसिएशन के चुनाव 2026 को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सर्व समाज एवं व्यवस्था परिवर्तन अधिवक्ता संगठन से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बाबू सिंह यादव ने अपनी टीम के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर समर्थन मांगा।

जनसंपर्क अभियान के दौरान बाबू सिंह यादव ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने पूर्व में भी कचहरी परिसर में कई महत्वपूर्ण कार्य कराए हैं और यदि उनकी कार्यकारिणी को जीत मिलती है तो वे हर अधिवक्ता के साथ हर समय खड़े रहेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी अधिवक्ता का काम शासन-प्रशासन में रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि सभी अधिवक्ताओं की जीत होगी। उन्होंने अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक समर्थन देने की अपील करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान उनकी पूरी कार्यकारिणी टीम भी उनके साथ मौजूद रही। जनसंपर्क अभियान में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी शशिकांत वर्मा पटेल, सचिन मोहम्मद शाहजहां, उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी देवनारायण तिवारी, कृष्ण कुमार गौतम, कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी विनोद कुमार पासवान, पुस्तकालय सचिव पद के प्रत्याशी लखन कुमार मौर्य, प्रकाशन सचिव पद के प्रत्याशी रकिया याकूब, रूही बौद्ध, प्रिया गौतम सहित कई पदों के प्रत्याशी शामिल रहे। इसके अलावा वरिष्ठ सदस्य पद के प्रत्याशी शिवकुमार चौरसिया, रामसनेही पासवान, विजय सिंह पटेल, अमर सिंह यादव, ओम प्रकाश शर्मा, राकेश कुमार यादव तथा कनिष्ठ सदस्य पद के प्रत्याशी अविनाश राव अंबेडकर, सरोज देवी लोधी, विकास यादव, सिद्धार्थ सिंह लोधी, अरुण कुमार यादव, गीता देवी कुशवाहा सहित अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट परिसर में चले इस जनसंपर्क अभियान के दौरान अधिवक्ताओं के बीच चुनावी माहौल गर्म नजर आया।

# लिएंडर पेस को मिली एक्स श्रेणी की सुरक्षा
## सीआईएसएफ जवानों के घेरे में रहेंगे दिग्गज खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक्स श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है। पेस की सुरक्षा में अब सीआईएसएफ के जवान तैनात रहेंगे।

लिएंडर पेस भारतीय टेनिस के बड़े नामों में एक हैं और देशभर में लोकप्रिय हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में उन्हें बड़ी भूमिका मिलने की संभावना है। उन्हें चुनाव प्रचार के लिए पूरे राज्य का दौरा करना पड़ सकता है। ऐसे में उनकी सुरक्षा चिंताओं का आकलन करने के बाद गृह मंत्रालय ने उन्हें एक्स श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला लिया है।

एक्स श्रेणी की सुरक्षा में दो सशस्त्र पुलिस कर्मियों की सुरक्षा दी जाती है। इसमें कोई कमांडो शामिल नहीं होता है। हाल ही में लिएंडर पेस भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के बाद लिएंडर पेस ने कहा था कि मोदी जी ने मुझे बुलाकर एक बंगाली होने के नाते सम्मान दिया और युवाओं व खेलों को लेकर अपना विजन भी साझा किया। आज मैं उसी मिशन को आगे बढ़ाने के लिए यहां मौजूद हूं।

पेस ने कहा था कि पीएम मोदी ने उन्हें 2036 ओलंपिक की तैयारियों में अहम जिम्मेदारी सौंपी है। देश की सेवा करने का जज्बा उनके अंदर पूरी तरह से मौजूद है और वे हर चुनौती का सामना करते हुए देश के लिए काम करने को तैयार हैं।

लिएंडर पेस भारत के एकमात्र टेनिस खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलंपिक में एकल वर्ग में देश के लिए पदक जीता है। 1996 में अटलांटा ओलंपिक में पेस ने कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा पेस डबल्स और मिश्रित डबल्स मिलाकर 18 बार ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके हैं।

# चेस मुकाबले में दिखा भारतीय संस्कारों का सम्मान
## उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी ने हरिका को नमस्ते कर जीता दिल

**नई दिल्ली।** ग्रेनके फ्रीस्टाइल चेस ओपन 2026 में उज्बेक खिलाड़ी नोदिरबेक याकुब्बोएव का नमस्ते जेस्चर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। भारतीय ग्रैंडमास्टर हरिका द्रोणावल्ली के साथ यह पल भारतीय संस्कृति के सम्मान का प्रतीक बन गया और फैंस का दिल जीत लिया।

जर्मनी में खेले जा रहे ग्रेनके फ्रीस्टाइल चेस ओपन 2026 के दौरान एक खास पल ने सोशल मीडिया पर लोगों का दिल जीत लिया। भारतीय ग्रैंडमास्टर हरिका द्रोणावली और उज्बेकिस्तान के नोर्डीबेक याकुबोएव के बीच मुकाबले से पहले का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

**हैंडशेक की जगह नमस्ते**

मैच शुरू होने से पहले हरिका द्रोणावल्ली ने खेल भावना के तहत हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया, लेकिन याकुबोएव ने हाथ मिलाने के बजाय दोनों हाथ जोड़कर नमस्ते किया। यह दृश्य न सिर्फ अनोखा था, बल्कि भारतीय संस्कृति के सम्मान का प्रतीक भी बन गया। सोशल मीडिया पर फैंस इस जेस्चर की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

**विश्व रिकॉर्ड**

**जर्मनी में खेले जा रहे ग्रेनके फ्रीस्टाइल चेस ओपन 2026 के दौरान एक खास पल ने सोशल मीडिया पर लोगों का दिल जीत लिया।**



**पहले भी हो चुका है ऐसा**

यह पहली बार नहीं है जब नोर्डीबेक याकुबोएव ने हाथ मिलाने से परहेज किया हो। इससे पहले भी वह भारतीय खिलाड़ी के साथ ऐसी स्थिति में नजर आ चुके हैं। पिछले साल विज्क आन जी चैलेंजर्स में उन्होंने आर वैशाली से हाथ नहीं मिलाया था, जिससे थोड़ी असहज स्थिति बन गई थी।

**बाद में मांगी थी माफी**

उस घटना के बाद नोर्डीबेक याकुबोएव ने सफाई देते हुए कहा था, मैं जो हुआ उसके लिए माफी मांगता हूं। यह दोनों के लिए अजीब स्थिति थी। मैं उस दिन जल्दी में था, शायद यह गलतफहमी थी। मैं आप सभी खिलाड़ियों का सम्मान करता हूं। इस पर वैशाली ने भी सकारात्मक जवाब देते हुए कहा, यह समझने वाली बात है। मैंने इसे गलत तरीके से नहीं लिया। आपने माफी मांगी, यह काफी है। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है।

**खेल से बढ़कर संदेश**

इस बार हरिका के साथ उनका नमस्ते करना एक सकारात्मक और सम्मानजनक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। यह घटना दिखाती है कि खेल सिर्फ जीत-हार का नहीं, बल्कि संस्कार और सम्मान का भी मंच है।

# जापान की ओलंपिक पहलवान सुगुमी सकुराई का चौंकाने वाला फैसला, 24 की उम्र में लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में 57 किलोग्राम भार वर्ग की महिला कुश्ती चैंपियन सुगुमी सकुराई ने महज 24 साल की उम्र में संन्यास लेने का फैसला किया है। जापान की यह खिलाड़ी अब पहलवानों की नई पीढ़ी को तैयार करने के साथ पश्चिमी जापान में अपने गृह क्षेत्र कोची प्रीफेक्चर के लिए खेलों की सद्भावना दूत के तौर पर काम करेंगी। सकुराई साल 2021, 2022 और 2023 में लगातार तीन बार वर्ल्ड चैंपियन रही थीं, जिसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में अपने देश के लिए गोल्ड जीता।



**सोशल मीडिया पर किया एलान**

सोशल मीडिया पर संन्यास की जानकारी देते हुए सकुराई ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, आपके लगातार समर्थन के लिए धन्यवाद। मैंने संन्यास लेने का फैसला किया है। अब तक, मैं बहुत से लोगों के समर्थन से एक बेहतरीन माहौल में कुश्ती में आगे बढ़ पाई हूं। मैं ओलंपिक में गोल्ड जीतने का सपना पूरा कर पाई। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद।

फैंस का आभार जताते हुए सकुराई ने लिखा, आपके लगातार मार्गदर्शन और समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, तब भी जब नतीजे हासिल करना मुश्किल था। कुश्ती के जरिए मुझे बहुत सारे अनुभव मिले हैं। पीछे मुड़कर देखती हूं, तो बहुत दर्द भी हुआ, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने कुश्ती जारी रखी।

**नए सफर के लिए क्या बोलीं?**

अपने नए सफर की जानकारी देते हुए सकुराई ने बताया, %यह फैसला मैंने पिछले एक साल में बहुत से लोगों से बात करने और सोचने-समझने के बाद लिया है। मैं अब से कोची रेसलिंग क्लब, कोनान सिटी में एक क्लासरूम शुरू करना चाहती हूं, और रेसलिंग को फैलाने और मजबूत करने के लिए अपना पूरा जोर लगा दूंगी।% 2016 में अंडर-17 विश्व चैंपियन बनीं सकुराई ने 2022 और 2023 में क्रमशः एशियन चैंपियनशिप और एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीते। हालांकि, एशियन चैंपियनशिप 2024 के फाइनल में उन्हें अपने करियर की गिनी-चुनी शिकस्त में से एक का सामना करना पड़ा। इसके बाद सकुराई ने शानदार वापसी की और महज पांच महीने बाद पेरिस में अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की। सेमीफाइनल में उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक की चैंपियन हेलेन मारौलिस (अमेरिका) को 10-4 से हराया। इसके बाद फाइनल में मोल्दोवा की अनास्तासिया निकिता को 6-0 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया।

# 75 लाख के सरफराज 28 करोड़ के प्रशांत-कार्तिक पर भारी



आईपीएल के शुरुआती मैचों में सीएसके के लिए सरफराज खान सबसे बड़े स्टार बनकर उभरे हैं, जबकि करोड़ों में खरीदे गए कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर संघर्ष कर रहे हैं। यह स्थिति साफ तौर पर दिखाती है कि क्रिकेट में कीमत नहीं, बल्कि प्रदर्शन ही असली पहचान तय करता है।

**75 लाख के सरफराज बने टीम की रीढ़**

सरफराज, जिन्हें सिर्फ 75 लाख रुपये में खरीदा गया था, इस समय सीएसके के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बनकर उभरे हैं। तीन मैचों में 99 रन, 33 का औसत और 200 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट, ये आंकड़े किसी भी टी20 बल्लेबाज के लिए शानदार माने जाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि सरफराज को आमतौर पर टेस्ट क्रिकेट का खिलाड़ी माना जाता रहा है, लेकिन उन्होंने अपने खेल में आक्रामकता और नवाचार जोड़कर टी20 में भी अपनी उपयोगिता साबित कर दी है। मिडिल ऑर्डर में उनकी स्थिरता और स्पिन के खिलाफ उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी ने टीम को कई मुश्किल हालात से निकाला है।

**28.4 करोड़ का सवाल- उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे सितारे**

दूसरी ओर, नीलामी में भारी-भरकम रकम पाने वाले खिलाड़ी अब सवालों के घेरे में हैं। कार्तिक शर्मा, जिन्हें 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया, तीन मैचों में केवल 25 रन ही बना सके हैं। उनका खराब फॉर्म टीम के टॉप ऑर्डर पर दबाव बढ़ा रहा है। वहीं, प्रशांत वीर की स्थिति और भी उलझी हुई है। 14.20 करोड़ में खरीदे गए इस ऑलराउंडर ने अभी तक गेंदबाजी ही नहीं की है। बल्लेबाजी में उन्होंने 49 रन जरूर बनाए हैं, लेकिन यह प्रदर्शन उस कीमत के हिसाब से काफी नहीं माना जा रहा।

**टीम संतुलन पर उठे सवाल**

सीएसके ने रवींद्र जडेजा के जाने के बाद टीम संतुलन बनाने के लिए प्रशांत वीर पर भरोसा जताया था, लेकिन अब तक उनकी भूमिका स्पष्ट नहीं हो पाई है। गेंदबाजी में उनका उपयोग न होना टीम मैनेजमेंट की रणनीति पर सवाल खड़े करता है। क्या टीम उन्हें सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पा रही, या फिर उनकी भूमिका ही स्पष्ट नहीं है, यह बड़ा सवाल बन गया है।

**नीलामी रणनीति पर चर्चा तेज**

इस पूरे घटनाक्रम ने सीएसके की नीलामी रणनीति पर भी बहस छेड़ दी है। दो खिलाड़ियों पर 28 करोड़ से ज्यादा खर्च करने के बाद भी अपेक्षित प्रदर्शन न मिलना टीम के लिए चिंता का विषय है। इससे टीम की लचीलापन भी प्रभावित हुई है, क्योंकि सैलरी कैप का बड़ा हिस्सा इन खिलाड़ियों पर खर्च हो चुका है।

**दबाव में कोचिंग स्टाफ**

जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, टीम मैनेजमेंट और कोचिंग स्टाफ पर दबाव बढ़ता जाएगा। उन्हें यह तय करना होगा कि क्या प्रशांत वीर को गेंदबाजी में शामिल किया जाए या टीम संयोजन में बदलाव किया जाए अगर जल्द ही सुधार नहीं हुआ, तो सीएसके को प्लेऑफ की दौड़ में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

आईपीएल का इतिहास बार-बार यह साबित करता रहा है कि महंगे खिलाड़ी हमेशा मैच जिताने वाले नहीं होते। इस सीजन में सरफराज खान इसका ताजा उदाहरण बनकर सामने आए हैं। उनका प्रदर्शन उन सभी फ्रेंचाइजियों के लिए एक सबक है, जिन्होंने नीलामी में उन्हें नजरअंदाज किया था।

## 84 साल की उम्र में जिम में एक्सरसाइज करते रंजीत का वीडियो हुआ वायरल

**मुंबई।** बॉलीवुड के खूंखार विलेन सुपरस्टार रंजीत इन दिनों जिम में पसीना बहा रहे हैं। दिग्गज अभिनेता रंजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रंजीत 84 साल की उम्र में भी जिम में जमकर कसरत करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को खुद रंजीत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इसमें उनकी बेटी, जो उनकी जिम ट्रेनर भी हैं, उन्हें एक्सरसाइज करने के लिए प्रोत्साहित करती नजर आ रही हैं। शुरू में रंजीत को एक्सरसाइज सही से करने में थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन तब उनकी बेटी ने मजाकिया अंदाज में उन्हें पुरानी फिल्मों की याद दिलाती हैं, तब रंजीत जोश में आ जाते हैं।

रंजीत की बेटी कहती हैं कि फिल्मों में वे खलनायक बनकर नायिकाओं को कैसे पकड़ते थे। यह सुनते ही रंजीत हंस पड़े और बोले, तो ऐसे बोलो ना।

# वर्दी पहनते ही रीढ़ की हड्डी को अकड़ मिल जाती है; पर्दे पर ऑफिसर यूनिफॉर्म पहनने के अनुभव पर बोले अक्षय

**मुंबई।** एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म भूत बंगला को लेकर सुर्खियों में हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस बीच हाल ही में एक्टर ने क्विज रियलिटी शो व्हील ऑफ फॉर्च्यून में सेनाधिकारी की भूमिका अदा करने का अनुभव शेयर किया। उन्होंने सेना की वर्दी पहनने पर कुछ ऐसा कहा, जिसने लोगों का दिल जीत लिया है।



अक्षय ने एक सेनाअधिकारी की वर्दी पहनने के बाद भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक रूप से होने वाले बदलाव का जिक्र किया। अक्षय कुमार ने कहा, एक बात मैं सब से जरूर कहना चाहूंगा कि जब आदमी वर्दी पहनता है ना, अपने आप रीढ़ की हड्डी को एक अकड़ मिल जाती है। मुझे नहीं पता क्या है? आप सूट पहनो, अकड़ नहीं मिलेगी। लेकिन, जब आप वर्दी पहनते हो, रीढ़ की हड्डी में पता नहीं कहां से वो जोश आता है...तड़ाक कर के सीधी हो जाती है।

अक्षय कुमार ने सेना के अधिकारी की भूमिका निभाने को लेकर कहा कि किसी भूमिका के लिए वर्दी पहनने से भी मुद्रा और माइंडसेट में बदलाव आता है। उन्होंने आगे कहा, जैसा मैं रुस्तम फिल्म के अंदर खड़ा था, मुझे नहीं लगता मैं हमेशा ऐसा खड़ा हो सकता हूं। वो नकली वर्दी थी, लेकिन वर्दी की बात ही अलग होती है। बता दें कि अक्षय ने फिल्म रुस्तम में नेवी ऑफिसर की भूमिका अदा की। इस फिल्म में अपने प्रदर्शन के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

अक्षय ने फिल्म से जुड़ी कुछ लाइनें सुनाते हुए कहा, मेरी वर्दी मेरी आदत है, जैसे सांस लेना। अपने देश की रक्षा करना, ये झिझक के बिना, निस्वार्थ अपना फर्ज निभाना। मुझे अभी भी सारी लाइनें याद हैं। बात करें अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला की तो यह फिल्म 16 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

# हेरा फेरी 3 में देरी की अफवाहों को परेश रावल ने किया खारिज, कहा जल्द इसकी शूटिंग शुरू करूंगा

**निगाहें**

**परेश रावल के हेरा फेरी 3 छोड़ने के बाद यह खबर फैल गई कि अक्षय ने उन पर 25 करोड़ रुपये के हर्जाने का मुकदमा किया है। उन्होंने समय रहते चीजों को सुलझा लिया, जिसके चलते अक्षय को मामला वापस लेना पड़ा।**



**मुंबई।** फिल्म हेरा फेरी 3 को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह है। फैंस इस फिल्म को लेकर जिस बेकरारी से इंतजार कर रहे हैं, इसे लेकर उतनी ही तरह-तरह की अफवाहें आती रहती हैं। फिल्म को लेकर बीते दिनों ऐसी खबरें आईं कि इसमें देरी होगी। मगर, अब परेश रावल ने इस पर बात की और ऐसी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग पर भी अपडेट दिया। परेश रावल ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म भूत बंगला के प्रमोशन के दौरान फिल्म हेरा फेरी 3 में देरी होने की अफवाहों को खारिज कर दिया। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि जिस सीक्वल का बेसब्री से इंतजार हो रहा था, वह जरूर बनेगा। अभिनेता ने मनी कंट्रोल से बात करते हुए कहा, किसी भी बात पर ध्यान न दें। 'हेरा फेरी 3' आ रही है। मैं जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करूंगा। बता दें कि इस फिल्म का एलान बीते वर्ष हुआ था। तब से ही 'हेरा फेरी 3' सुर्खियों में छाई हुई है। पहले ऐसी चर्चा थी कि परेश रावल ने इस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया है, लेकिन अब वे इस फ्रैंचाइजी के साथ फिर से जुड़ गए हैं। परेश रावल के हेरा फेरी 3 छोड़ने के बाद यह खबर फैल गई कि अक्षय ने उन पर 25 करोड़ रुपये के हर्जाने का मुकदमा किया है। उन्होंने समय रहते चीजों को सुलझा लिया, जिसके चलते अक्षय को मामला वापस लेना पड़ा। बात करें भूत बंगला की तो यह फिल्म 16 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसमें अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। भूत बंगला हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है। इस फिल्म में अक्षय और प्रियदर्शन ने 14 साल बाद काम किया है। फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा तब्बू, परेश रावल, राजपाल यादव, असरानी, मिथिला पालकर और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# हार्दिक के परिवार के साथ दिखीं नताशा

**मुंबई।** इंडियन क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक ने जुलाई 2024 में उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला कर लिया था, और फिलहाल हार्दिक माहिका शर्मा को डेट कर रहे हैं। कपल अक्सर अपनी फोटो भी सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करते रहते हैं।



लेकिन इस बीच नताशा स्टेनकोविक ने एक पोस्ट शेयर की है, जो काफी वायरल हो रही है, क्योंकि वह पोस्ट हार्दिक पांड्या से जुड़ा हुआ है।

**हार्दिक के परिवार के साथ दिखीं नताशा**

बता दें कि नताशा स्टेनकोविक की यह हालिया पोस्ट में वह अपने एक्स-हसबैंड हार्दिक पांड्या के परिवार के साथ नजर आईं। खास बात यह है कि इसमें हार्दिक की मां नलिनी पांड्या और उनका बेटा अगस्त्य भी दिखाई दे रहे हैं।

तलाक के बाद नताशा बहुत कम ही हार्दिक के परिवार के साथ नजर आई हैं, इसलिए यह तस्वीर फैंस के लिए काफी सरप्राइजिंग रही। सोशल मीडिया पर यह फोटो तेजी से वायरल हो गई।

**पर्सनल लाइफ को प्राइवेट रखतीं हैं मॉडल**

तलाक के बाद नताशा अपनी पर्सनल लाइफ को काफी प्राइवेट रख रही हैं। वह ज्यादातर समय अपने बेटे अगस्त्य और अपने करीबी दोस्तों के साथ बिताती हैं। लेकिन इस नई तस्वीर से साफ लगता है कि अलग होने के बावजूद दोनों परिवारों के बीच सम्मान और जुड़ाव अभी भी बना हुआ है, खासकर अपने बेटे की परवरिश के लिए।

**कब हुआ था हार्दिक और नताशा का तलाक**

बता दें कि नताशा और हार्दिक ने जनवरी 2020 में सगाई की थी और उसी साल लॉकडाउन के दौरान शादी कर ली थी। 2020 में ही उनके बेटे अगस्त्य का जन्म हुआ। बाद में 2023 में दोनों ने फिर से ग्रैंड तरीके से शादी की थी।

लेकिन कुछ समय बाद दोनों के रिश्ते में दूरियां आ गईं और जुलाई 2024 में उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला कर लिया। फिलहाल हार्दिक माहिका शर्मा को डेट कर रहे हैं।

## पति से बहस के बाद फंदे पर लटकी साउथ की यह एक्ट्रेस!

**मुंबई।** तमिल टीवी इंडस्ट्री से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। लोकप्रिय अभिनेत्री सुभाषिनी ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। पारिवारिक विवाद के बाद अभिनेत्री ने कथित तौर पर फांसी लगाकर जान दी है। उन्होंने अपने जन्मदिन से चंद दिन पहले यह कदम उठाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुभाषिनी ने अपने चेन्नई स्थित आवास पर सुसाइड की।

सुभाषिनी के निधन की खबर ने फैंस और इंडस्ट्री को शॉक कर दिया है। सुभाषिनी ने सीरियल 'कयाल' के जरिए दर्शकों के बीच अच्छी पहचान बनाई। वे मूल रूप से श्रीलंका की रहने वाली थीं। उन्होंने साल 2012 में आई फिल्म 'इनी अवन' से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों और सोशल अवेयरनेस वीडियो में भी काम किया था।

# डेटा संप्रभुता को लेकर सरकार की चुप्पी पर राहुल गांधी का वार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत की डेटा संप्रभुता को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। इससे पहले लोकसभा में एक अप्रैल को नेता विपक्ष गांधी ने सरकार से डेटा और इसे लेकर अन्य देशों के साथ किए जा रहे समझौतों पर भी कई सवाल पूछे थे। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने तब उनके हर सवाल का लिखित में जवाब दिया था।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि भारत का डेटा उसके लोगों का है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अर्थव्यवस्था में यह सबसे बड़ी ताकतों में से एक हो सकता है - आई बनाने, कंपनियों को बढ़ाने और रोजगार पैदा करने के लिए। राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट में कहा, ÷इसलिए मैंने सरकार से अमेरिका के साथ हालिया व्यापार सौदे के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सवाल पूछे हैं÷ अमेरिका के साथ %बाधाओं को कम करने% का हमारे डेटा के लिए क्या मतलब है? क्या हमारा स्वास्थ्य डेटा, वित्तीय डेटा और सरकारी डेटाबेस भारत में ही रहेंगे? क्या भारत अभी भी विदेशी कंपनियों को डेटा यहां संग्रहीत करने और इसका इस्तेमाल अपना खुद का एआई बनाने के लिए कर सकता है? पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ÷हमारी डेटा संप्रभुता, स्वास्थ्य डेटा, एआई और स्थानीय डेटा भंडारण के बारे में हर सवाल का एक ही जवाब मिलता है÷ ढांचा, संतुलन स्वायत्तता - बड़े शब्द, कोई विशिष्टता नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार देश को यह बताने से इनकार कर रही है कि वह क्या बातचीत कर रही है।

गांधी ने कहा, हमें वैश्विक तकनीकी दौड़ में अग्रणी होना चाहिए, लेकिन इसके बजाय हमें इस बारे में अंधेरे में रखा जा रहा है कि भारत के डेटा की सुरक्षा कैसे की जाएगी।÷ उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों को देश के डेटा के संबंध में पारदर्शिता और जवाबदेही का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हम एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए अपने डेटा के मालिक होने और उसका उपयोग करने के हकदार हैं।

एक अप्रैल को लोकसभा में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री से अपने प्रश्न में गांधी ने पूछा था कि सरकार अमेरिका-भारत संयुक्त वक्तव्य के तहत डिजिटल व्यापार के लिए बाधाओं को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता को भारत के डेटा स्थानीयकरण नियमों, सीमा-पार डेटा नियमों और व्यापक डिजिटल ढांचे के साथ कैसे सामंजस्य बिठाती है।

उन्होंने यह भी पूछा था कि क्या नियामक स्वायत्तता की रक्षा के लिए कोई नीतिगत परिवर्तन प्रस्तावित हैं; यदि हां, तो क्या ये प्रतिबद्धताएं महत्वपूर्ण डेटा के स्थानीय भंडारण को अनिवार्य करने, संवेदनशील डिजिटल बुनियादी ढांचे तक विदेशी पहुंच को सीमित करने या कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अब या भविष्य में विनियमित करने की भारत की क्षमता को प्रतिबंधित कर सकती हैं। गांधी ने यह भी पूछा कि क्या वित्तीय प्रणालियों, डिजिटल पहचान, स्वास्थ्य और कल्याण डेटाबेस, दूरसंचार नेटवर्क और एआई डेटासेट जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विवरण प्रभावित हुए हैं और किस हद तक, और अगर नहीं, तो इसके कारण क्या हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने वाले सुरक्षा उपायों के विवरण के बारे में भी पूछताछ की कि ये प्रतिबद्धताएं स्वदेशी एआई विकास, घरेलू मूल्य निर्माण और विशेष रूप से डेटा स्थानीयकरण, बाजार पहुंच की स्थिति, सीमा-पार प्रतिबंधों और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के संबंध में रणनीतिक डिजिटल स्वायत्तता के लिए घरेलू डेटा का उपयोग करने की भारत की क्षमता को कमजोर न करें। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री जितेंद्र प्रसाद ने अपने लिखित जवाब में कहा था कि भारत का एक जीवंत आईटी पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसका वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक और निर्यात 225 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

## हाईवे पर मवेशियों की आवाजाही रोकने की मांग

**नई दिल्ली।** हाईवे पर मवेशियों की एंट्री रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस याचिका में मवेशियों की हाईवे पर एंट्री रोकने के लिए राष्ट्रव्यापी दिशा-निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देशभर के राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा मवेशियों की आवाजाही रोकने के लिए दायर याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। याचिका में प्राधिकरणों को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे हाईवे पर मवेशियों के प्रवेश को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक दिशानिर्देश तैयार करें और उन्हें सख्ती से लागू करें।

# सत्ता में बने रहने के लिए एलडीएफ और भाजपा के बीच समझौता, प्रियंका गांधी का आरोप



**तिरुवनंतपुरम** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल में एलडीएफ और भाजपा के बीच गुप्त समझौते का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए एलडीएफ ने अपनी विचारधारा छोड़ दी है। प्रियंका ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई न होने को इस डील का सबूत बताया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को केरल के कन्नूर में एक चुनावी सभा को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ ने भाजपा के साथ समझौता कर लिया है। प्रियंका ने कहा कि एलडीएफ 10 साल तक सत्ता में बने रहने के लिए अपनी विचारधारा और जिम्मेदारी से समझौता कर रही है। वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी ने पेरावूर में कहा कि एलडीएफ ने उस भाजपा से समझौता किया है जो अल्पसंख्यकों को परेशान करती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ईसाई समुदाय और उनकी नन को परेशान करती है, फिर भी एलडीएफ उनके साथ है। प्रियंका ने सबरीमाला में हुई चोरी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर एक शब्द भी नहीं बोला। उनके अनुसार, यह चुप्पी दोनों पार्टियों के बीच समझौते का बड़ा सबूत है। प्रियंका गांधी ने केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब भी कोई प्रधानमंत्री के खिलाफ आवाज उठाता है, तो उसे सीबीआई, ईडी या इनकम टैक्स के मुकदमों का सामना करना पड़ता है। लेकिन केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ ऐसा एक भी मामला नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि एलडीएफ सरकार, उसके मंत्रियों और नेताओं में अहंकार आ गया है। उनमें जनता के प्रति जवाबदेही और जिम्मेदारी की भावना अब खत्म हो गई है।

# शांत अंदाज और भरोसे के साथ मैदान में नजर आ रहे सीएम रंगासामी



**नई दिल्ली।** पुदुचेरी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री एन. रंगासामी शांत और सादगीपूर्ण अंदाज में प्रचार कर रहे हैं। वे दो सीटों से चुनाव लड़ते हुए घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं और लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। आइए विस्तार से जानते हैं।

पुदुचेरी विधानसभा चुनाव का प्रचार अपने चरम पर है, लेकिन इस राजनीतिक गर्मी के बीच ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के संस्थापक और मुख्यमंत्री एन रंगासामी अपने शांत, संयमित और सादगीपूर्ण अंदाज से अलग पहचान बना रहे हैं। 75 वर्षीय रंगासामी सफेद धोती और कुर्तेनुमा लंबी शर्ट में घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं और खुद ही सरकार की उपलब्धियों के पर्चे बांटते नजर आते हैं।

करीब चार दशक लंबे राजनीतिक करियर वाले रंगासामी इस बार पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनने की कोशिश में हैं। वे थट्टांचावडी और मंगलम दो विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। कानून की पढ़ाई कर चुके और अविवाहित रंगासामी की राजनीति में जड़ें कांग्रेस से जुड़ी रही हैं, लेकिन 2011 में उन्होंने अपनी पार्टी AINRC बनाकर अलग पहचान बनाई।

उनका चुनाव प्रचार कई जगहों पर जन-सुनवाई में बदल जाता है। लोग सीधे मुख्यमंत्री से अपनी समस्याएं साझा करते हैं किसी ने अपने समुदाय को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग की, तो किसी ने आवास पट्टा की। रंगासामी अपने अभियान वाहन से ही हर मांग को धैर्यपूर्वक सुनते हुए जवाब देते हैं और भरोसा दिलाते हैं कि उनकी सरकार बनने पर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। चाहे वोट मांगना हो, जनता से संवाद करना हो या राजनीतिक विरोधियों पर टिप्पणी रंगासामी हर स्थिति में बेहद संयमित और नरम भाषा का इस्तेमाल करते हैं। यही वजह है कि समर्थक उन्हें वाझुम कामराज (जीवित कामराज) और मक्कलिन मुथलवर (जनता के मुख्यमंत्री) जैसे नामों से पुकारते हैं।

# चार दिन तक जंगल में पानी पीकर जिंदा रही शरण्या



**नई दिल्ली।** केरल की ट्रेकर शरण्या कर्नाटक के जंगल में रास्ता भटकने के बाद चार दिनों तक अकेली फंसी रहीं और सिर्फ पानी पीकर जिंदा रहीं। बड़े सर्च ऑपरेशन के बाद उन्हें ढूंढ लिया गया। इस कठिन अनुभव के बावजूद उनका ट्रेकिंग के प्रति जुनून बरकरार है। आइए विस्तार से जानते हैं।

केरल की एक ट्रेकर की साहसिक कहानी इन दिनों चर्चा में है। 36 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल जी एस शरण्या, जो कोझिकोड की रहने वाली हैं, कर्नाटक के कोडागु जिले स्थित ताडियांडामोल हिल्स में ट्रेकिंग के दौरान रास्ता भटक गईं और चार दिनों तक घने जंगल में अकेली फंसी रहीं। रविवार रात उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया।

शरण्या 2 अप्रैल को 10 सदस्यीय ट्रेकिंग ग्रुप के साथ ट्रेक पर गई थीं। वापसी के दौरान उन्होंने एक अलग रास्ता चुन लिया, जिससे वह समूह से बिछड़ गईं। उनका आखिरी संपर्क कक्काबे गांव के एक होमस्टे से फोन कॉल के जरिए हुआ, जिसमें उन्होंने बताया कि वह रास्ता खो चुकी हैं। इसके तुरंत बाद मोबाइल की बैटरी खत्म हो गई और उनका बाहरी दुनिया से संपर्क टूट गया।

घने जंगल, लगातार बारिश और ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाकों के बीच शरण्या ने चार दिन तक बिना भोजन के गुजारा किया। उनके पास सिर्फ एक जैकेट, मोबाइल फोन और 500 मिलीलीटर की पानी की बोतल थी। हालांकि, पास में बह रही एक धारा ने उन्हें पानी की कमी नहीं होने दी। खुद को सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने घबराने के बजाय सूझबूझ दिखाई। वह चट्टानों के ऊपर रहीं, क्योंकि उन्हें लगा कि जंगली जानवर पानी पीने नीचे आते हैं और ऊंचाई पर रहना ज्यादा सुरक्षित होगा।

अकेलेपन और मुश्किल हालात के बावजूद शरण्या ने इस अनुभव को अलग नजरिए से देखा। उन्होंने बताया कि हर शाम जंगल जुगनुओं की रोशनी से जगमगा उठता था। चांदनी रात और साफ आसमान में तारे साफ दिखाई देते थे, जो उनके लिए एक सुकून भरा अनुभव था। रात में झींगुरों और अन्य कीड़ों की आवाजें सुनाई देती थीं, लेकिन चार दिनों में उनका किसी जंगली जानवर से सामना नहीं हुआ।शरण्या ने बताया कि उन्होंने डर को खुद पर हावी नहीं होने दिया और हमेशा उम्मीद बनाए रखी कि मदद जरूर पहुंचेगी। वह बीच-बीच में खुले इलाकों में रुकती रहीं ताकि ड्रोन या सर्च टीम उन्हें देख सके। उनकी तलाश के लिए व्यापक अभियान चलाया गया, जिसमें वन विभाग, एंटी-नक्सल स्क्वॉड और स्थानीय आदिवासी समुदाय शामिल थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निर्देशन में थर्मल ड्रोन कैमरों की मदद से खोज तेज की गई।

चार दिन बाद स्थानीय लोगों ने जंगल के एक कम इस्तेमाल होने वाले इलाके में शरण्या को देखा। जब रेस्क्यू टीम वहां पहुंची, तो वह शांत और संयमित नजर आईं और खुद चलकर बाहर आईं।

रविवार रात नादापुरम स्थित घर पहुंचने पर उनका भावुक स्वागत हुआ। उनकी मां, जो लगातार उनकी सलामती की दुआ कर रही थीं, बेटी को सुरक्षित देखकर भावुक हो गईं और कहा कि उन्हें पूरा विश्वास था कि शरण्या वापस आएंगी।

इस पूरे अनुभव के बाद भी शरण्या का ट्रेकिंग के प्रति जुनून बरकरार है। उन्होंने कहा कि ट्रेकिंग उनका पैशन है और वह गर्मियों के बाद फिर से ट्रेक पर जाने की योजना बना रही हैं।

## देश की समृद्धि और सुरक्षा ही व्यक्तिगत प्रगति की कुंजी

**कोच्चि।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि समृद्धि और सुरक्षा को अलग-अलग हासिल नहीं किया जा सकता। भागवत ने कहा कि जब देश समृद्ध और सुरक्षित होता है, तभी परिवार भी समृद्धि और सुरक्षा प्राप्त करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब व्यक्ति राष्ट्र की समृद्धि और सुरक्षा के लिए काम करते हैं, तो वे स्वयं भी समृद्ध होते हैं। आरएसएस प्रमुख ने यह बात कोच्चि में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध छात्रों के सांस्कृतिक संगठन बालागोकुलम के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कही। मोहन भागवत ने जोर देकर कहा कि समृद्धि और सुरक्षा को अलग-अलग हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, ÷जब देश समृद्ध और सुरक्षित होता है, तभी परिवार भी समृद्धि और सुरक्षा प्राप्त करते हैं।

# ब्रह्मांड में कहीं और जीवन संभव है: सितारों के चारों ओर मिलीं प्लाज्मा रिंग



क्या ब्रह्मांड में कहीं और जीवन संभव है? अब इसका जवाब खोजने का नया तरीका सामने आया है। वैज्ञानिकों ने कुछ सितारों के चारों ओर घूमने वाली विशाल प्लाज्मा रिंग्स खोजी हैं। ये रिंग्स अंतरिक्ष के खतरनाक स्पेस वेदर को समझने में मदद करती हैं। इससे पता चलेगा कि किसी ग्रह का वातावरण सुरक्षित है या नहीं और वहीं तय होगा कि वहां जीवन की संभावना है या नहीं।

क्या ब्रह्मांड में कहीं और जीवन संभव है? अब इसका जवाब खोजने का एक नया तरीका सामने आया है और वह खुद सितारों से जुड़ा है। वैज्ञानिकों ने ऐसी विशाल प्लाज्मा रिंग्स की खोज की है, जो कुछ सितारों के चारों ओर गैस के घने, गर्म छल्लों की तरह घूमती हैं। ये रिंग्स अंतरिक्ष के खतरनाक मौसम जैसे तेज विकिरण और ऊर्जावान कणों की गतिविधि को समझने में मदद करती हैं। आसान शब्दों में ये प्राकृतिक सेंसर की तरह बताती हैं कि किसी ग्रह का वातावरण सुरक्षित रह सकता है या नहीं, और उसी से तय होगा कि वहां जीवन की संभावना बनती है या खत्म हो जाती है।

अब तक किसी ग्रह को समझने के लिए वैज्ञानिक उसके तापमान और रोशनी पर ध्यान देते थे, लेकिन असली खतरा स्पेस वेदर से आता है। इसमें सौर हवाएं, चुंबकीय तूफान और ऊर्जावान कण शामिल हैं, जो किसी ग्रह के वातावरण को धीरे-धीरे खत्म कर सकते हैं। कार्नेगी इंस्टीट्यूशन के वैज्ञानिक ल्यूक बौमा के मुताबिक कई मामलों में ये कण रोशनी से भी ज्यादा असर डालते हैं, लेकिन इन्हें दूर से मापना अब तक लगभग असंभव था।

कुछ युवा एम-ड्वार्फ सितारों की रोशनी में बार-बार गिरावट देखी जा रही थी। वैज्ञानिकों को समझ नहीं आ रहा था कि यह सतह के धब्बों की वजह से है या किसी बाहरी पदार्थ के कारण। विस्तृत विश्लेषण के बाद पता चला कि यह गिरावट दरअसल प्लाज्मा के विशाल बादलों के कारण होती है, जो सितारे के शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र में फंसे रहते हैं। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि अपने शुरुआती चरण में करीब 10 प्रतिशत एम-ड्वार्फ सितारों के आसपास ऐसे प्लाज्मा रिंग मौजूद हो सकते हैं।

इस खोज से अब यह समझना आसान होगा कि कौन से ग्रह लंबे समय तक अपना वातावरण बचा सकते हैं और किन पर जीवन की संभावना खत्म हो सकती है। आगे वैज्ञानिक यह भी जानने की कोशिश

# पश्चिम एशिया में तनाव: तेहरान के रिहायशी इलाकों पर बमबारी से 13 लोगों की मौत



**तेहरान।** तेहरान की सुबह धमाकों की गूंज से दहल उठी, जब तड़के हुए हवाई हमलों ने पूरे शहर में डर और अनिश्चितता फैला दी। वहीं तेहरान के पास इस्लामशहर में हुए एक बड़े हमले में कम से कम 13 लोगों की जान चली गई। सोमवार तड़के ईरान की राजधानी तेहरान के दक्षिण-पश्चिम में स्थित इस्लामशहर के पास एक रिहायशी इमारत पर हुए हवाई हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। ईरानी मीडिया के अनुसार, यह हमला शहर के नजदीकी इलाके में हुआ, हालांकि इमारत को निशाना बनाए जाने की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। स्थानीय समाचार एजेंसियों ने बताया कि हमले के बाद इलाके में भारी तबाही का मंजर है और राहत व बचाव कार्य जारी है। कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका भी जताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं और कुछ के अभी भी दबे होने की आशंका है।

इसी दौरान तेहरान स्थित शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी को भी निशाना बनाया गया। ईरानी मीडिया के अनुसार, हमले में विश्वविद्यालय की कुछ इमारतों को नुकसान पहुंचा, साथ ही पास स्थित गैस वितरण केंद्र भी प्रभावित हुआ। हालांकि, विश्वविद्यालय परिसर के भीतर असल लक्ष्य क्या था, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। युद्ध के चलते देशभर के शैक्षणिक संस्थान बंद हैं और सभी कक्षाएं ऑनलाइन चल रही हैं, जिससे कैंपस पहले से ही खाली था। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई घंटों तक आसमान में नीचे उड़ते लड़ाकू विमानों की आवाजें गूंजती रहीं, जिससे हालात और भयावह हो गए।

गौरतलब है कि इस यूनिवर्सिटी पर पहले भी कई देशों ने प्रतिबंध लगाए हैं, क्योंकि इसका नाम ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और सैन्य अनुसंधान से जोड़ा जाता रहा है। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से ईरान की अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के नियंत्रण में है। इधर, इस्राइल में सुरक्षा एजेंसियों ने एक मिसाइल अलर्ट जारी किया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भी दो बार ऐसे अलर्ट बजाए गए। वहां एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय हो गया, लेकिन यह साफ नहीं हो पाया कि ईरान की ओर से किस लक्ष्य को निशाना बनाया गया था। कुवैत ने भी दावा किया है कि उसने रातभर कई बार अपने एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए संभावित खतरों को रोका। इस बीच, ईरान के सरकारी अखबार IRAN डेली ने ऑनलाइन जानकारी देते हुए बताया कि कोम शहर के एक रिहायशी इलाके में हुए हवाई हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। कोम, तेहरान के दक्षिण में स्थित एक प्रमुख शिया धार्मिक केंद्र है। हालांकि, इस हमले का असली लक्ष्य क्या था, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। ईरान ने पिछले कुछ दिनों से युद्ध में हुए कुल नुकसान या हताहतों के आंकड़े भी सार्वजनिक नहीं किए हैं।

## ब्रह्मोस डिजाइन करने वाले रूसी वैज्ञानिक लियोनोव का निधन, 74 वर्ष में ली अंतिम सांस

**मॉस्को।** रूस के शीर्ष मिसाइल डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे जिरकॉन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल और भारत-रूस के संयुक्त प्रोजेक्ट ब्रह्मोस ह्व के विकास से जुड़े थे। रूस के एक प्रमुख मिसाइल डिजाइनर, अलेक्जेंडर लियोनोव, जिनका हाइपरसोनिक मिसाइल जिरकॉन और नई पीढ़ी की भारत-रूस ब्रह्मोस ह्व के विकास से जुड़ाव था, का रविवार को 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लियोनोव का निधन रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। अलेक्जेंडर लियोनोव, एनपीओमाशिंनोस्त्रोयेनियाके सीईओ और मुख्य डिजाइनर थे। यह संस्था नई दिल्ली स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस में रूसी संयुक्त उद्यम भागीदार है।

# पश्चिम एशिया में तेज होती युद्ध की आग, क्या चीन और रूस खत्म करा पाएंगे संघर्ष

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में ईरान, अमेरिका और इस्राइल के बीच संघर्ष तेजी से बढ़ रहा है। मिसाइल हमले और जवाबी कार्रवाई से क्षेत्र में भय का माहौल है। इसी बीच चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से बात कर तुरंत युद्धविराम की अपील की। चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के ढांचे में रूस के साथ मिलकर शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई है।



पश्चिम एशिया इस समय युद्ध की आग में धधक रहा है, जहां हालात हर घंटे और ज्यादा खतरनाक होते जा रहे हैं। ईरान, अमेरिका और इस्राइल के बीच सीधी टक्कर अब भीषण रूप ले चुकी है। एक महीने से ज्यादा समय से जारी संघर्ष में मिसाइल हमले, धमाके और जवाबी कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। शहरों में दहशत का माहौल है, लोग सहमे हुए हैं और हालात नियंत्रण से बाहर जाते दिख रहे हैं, जिससे बड़े युद्ध का खतरा लगातार गहराता जा रहा है। ऐसे में अब संघर्ष को लेकर चीन और रूस सक्रिय होते दिख रहे हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से फोन पर बात की और पश्चिम एशिया में तुरंत युद्धविराम का आह्वान किया। वांग यी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा कि चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के ढांचे के भीतर रूस के साथ मिलकर काम करने और समय-समय पर संवाद बनाए रखने के लिए तैयार है। उनका उद्देश्य क्षेत्रीय शांति और वैश्विक सुरक्षा बनाए रखना है। वांग यी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है और संघर्ष को रोकने के लिए जल्दी युद्धविराम करना जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से सुरक्षित समुद्री यातायात सुनिश्चित होगा, जो दुनिया के ऊर्जा व्यापार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं, अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाते समय निष्पक्ष और संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। रूसी विदेश मंत्री ने भी जताई चिंता दूसरी ओर रूस के विदेश मंत्री लावरोव ने भी पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सैन्य अभियान तुरंत रोकने की जरूरत है और समाधान के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक रास्तों पर लौटना जरूरी है।

# ईरान के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट कर फंसे ट्रंप



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग हो रही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईस्टर की सुबह ईरान को टारगेट करते हुए अपशब्दों से भरा एक पोस्ट ट्रुथ सोशल पर साझा किया था। इसके बाद अमेरिकी सांसदों ने उनके खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी कांग्रेस के लोगों का कहना है कि ट्रंप शायद मानसिक तौर पर ठीक नहीं हैं।

कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस मर्फी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, %अगर मैं ट्रंप की कैबिनेट में होता, तो मैं ईस्टर पर सांविधानिक वकीलों को 25वें संशोधन के बारे में बताता। बता दें, अमेरिका का 25वां संशोधन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें उपराष्ट्रपति और कैबिनेट के ज्यादातर लोग अपनी ड्यूटी न कर पाने की वजह से राष्ट्रपति को बदलने का विकल्प चुन सकते हैं और फिर उपराष्ट्रपति प्रेसिडेंट की भूमिका निभाते हैं।

डेमोक्रेटिक सांसद यासमीन अंसारी ने भी पोस्ट किया, 25वां संशोधन किसी वजह से है। पूर्व होस्ट मेहदी हसन ने लिखा, राष्ट्रपति का ईस्टर मैसेज, जिसके लिए वीपी और कैबिनेट को सच में 25वां संशोधन लागू करना चाहिए। डेमोक्रेटिक रिप्रेजेंटेटिव मेलानी स्टैंसबरी की एक और अपील में कहा गया, सम्राट के पास कपड़े नहीं हैं। 25वें संशोधन का समय आ गया है। कांग्रेस और कैबिनेट को कार्रवाई करनी चाहिए।

ट्रंप की पूर्व समर्थक मार्जोरी टेलर ग्रीन ने एक लंबा पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से ट्रंप के पागलपन में दखल देने की अपील की। उन्होंने कहा, वो पागल हो चुके हैं और आप सभी इसमें शामिल हैं। ट्रंप के विरोधी और पूर्व कांग्रेसी जो वॉल्श ने कहा, उनकी ईस्टर की सुबह की पोस्ट। और सिर्फ 2 दिन पहले, उनके एक धार्मिक सलाहकार ने उनकी तुलना ईसा मसीह से की थी। वह हमेशा इस देश और दुनिया पर भी एक दाग रहेंगे। अभी 25वां संशोधन हो।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति के जिस पोस्ट को लेकर इतना बवाल मचा है, उसमें उन्होंने ईरान के लिए मंगलवार तक की चेतावनी जारी करते हुए ट्रुथ सोशल पर लिखा, ईरान में मंगलवार का दिन पावर प्लांट और ब्रिज डे के रूप में जाना जाएगा, जो अपनी तरह का अनोखा होगा। मूर्ख लोगों, इस जलमार्ग (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) को तुरंत खोलो, वरना नरक जैसी स्थिति झेलने के लिए तैयार रहो- बस देखते जाओ!

# एकजुट समाज में बढ़ता है सहयोग, विश्वास और भाईचारा : ज्ञान प्रकाश

**अवधनामा संवाददाता**

**होली मिलन समारोह में सोलंकी परिवार का भजुटान, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**

**जौनपुर।** शहर से सटे ग्रामसभा गोधना में जय सोलंकी सेवा समिति के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सोलंकी परिवार के सदस्य ज्ञानप्रकाश सिंह ने की। कार्यक्रम में सोलंकी परिवार के सदस्यों, अभिभावकों एवं युवा साथियों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ज्ञानप्रकाश सिंह ने समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज को मजबूत और विकसित बनाने के लिए एकजुटता और सद्भाव सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं। जब समाज एकजुट होता है तो सच्चे अर्थों में प्रगति संभव होती है। एकजुट समाज में सहयोग, विश्वास और भाईचारा बढ़ता है, जिससे समस्याओं का समाधान भी आसान हो जाता है। हमें चाहिए कि हम प्रेम, सहिष्णुता और आपसी समझ को बढ़ावा दें तथा दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास, जैसे मिल-जुलकर त्योहार मनाना और जरूरतमंदों की मदद करना, समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।



मुख्य अतिथि के रूप में श्रीप्रकाश सिंह (आईएएस, पूर्व प्रमुख सचिव, नगर विकास, उत्तर प्रदेश सरकार) ने कहा कि एक सशक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब उसमें रहने वाले सभी लोग आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना को अपनाएं। विविधताओं के बावजूद यदि लोग एक-दूसरे को समझने और स्वीकार करने का प्रयास करें, तो सामाजिक समरसता स्वतः विकसित होती है। उन्होंने कहा कि हमें नफरत और भेदभाव से दूर रहकर समानता, करुणा और सम्मान के मूल्यों को बढ़ावा देना चाहिए। जब समाज एकजुट होता है तो विकास की गति तेज होती है। आपसी संवाद, सहयोग और विश्वास के जरिए हम एक ऐसा वातावरण बना सकते हैं, जहां हर व्यक्ति सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे।

इस अवसर पर जनपद के 16 गांवों से आए सोलंकी परिवार के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के गौरवशाली व्यक्तित्वों का स्मरण किया गया तथा युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। होली मिलन का आयोजन हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में योगेंद्र नाथ सिंह (सलाहकार समिति अध्यक्ष), वंशलोचन सिंह (संयोजक) एवं जीतेन्द्र प्रताप सिंह (कार्यकारिणी अध्यक्ष) सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता का श्रेय सोलंकी राजपूत वंश की कुलदेवी माँ क्षेमंकरी की कृपा, वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन तथा युवा साथियों के समर्पित प्रयास को दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी सद्भाव को मजबूत करना, राष्ट्र के गौरवों का स्मरण करना तथा युवाओं को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में दीपक सिंह, पंकज सिंह, वेद प्रकाश सिंह 'बेदी', राजन सिंह, सुनील सिंह 'मुन्ना', इन्द्रबहादुर सिंह, सुनील सिंह 'प्रधान', सुशील सिंह (पहलवान), अजय सिंह, इंद्रसेन सिंह, विद्याप्रकाश सिंह, संतोष सिंह, सत्यम सिंह (भोले), विमल सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पुलिस बल प्रशासन की रीढ़: डीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस आरक्षियों से डीएम ने किया संवाद**

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस आरक्षियों से संवाद किया गया। इस दौरान उन्होंने आरक्षियों से उनके प्रशिक्षण अनुभव, दैनिक दिनचर्या, अनुशासन एवं कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस बल प्रशासन की रीढ़ है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छे पुलिसकर्मी के लिए शारीरिक दक्षता के साथ-साथ मानसिक संतुलन, धैर्य एवं संवेदनशीलता भी बेहद आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से जनता के साथ विनम्र एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखने पर जोर दिया और कहा कि आमजन की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने आगे कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई बातों को व्यवहारिक जीवन में अपनाना ही वास्तविक सफलता है। उन्होंने सभी आरक्षियों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में कानून का पालन सुनिश्चित करें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करें। इस अवसर पर उन्होंने आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आशा व्यक्त की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# अभिनव ने राष्ट्रीय भाषण प्रतियोगिता में पाया द्वितीय स्थान

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, हरिद्वार (उत्तराखंड) में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। शिविर से वापसी के उपरांत कुलपति कार्यालय में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने सभी प्रतिभागी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और उनके अनुभवों को जाना। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे शिविरों के माध्यम से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है। कुलपति ने सभी स्वयंसेवकों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के जिन स्वयंसेवकों का चयन इस शिविर में प्रतिभाग हेतु हुआ था, उनमें प्रियांशी मौर्य, ज्योति यादव, अंशुमान शाह एवं अभिनव कीर्ति पाण्डेय शामिल रहे। इस शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।शिविर के दौरान आयोजित राष्ट्रीय स्तर की भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य से निर्णायक मंडल को प्रभावित करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विश्वविद्यालय बल्कि उत्तर प्रदेश का भी मान बढ़ा है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. शशिकांत यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता पर होगा निस्तारण: डीएम

**सैनिकों की तुलना में राजनेताओं का दसवां नंबर : ब्रिगेडियर**

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** सोमवार को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड एवं राजीव यादव के संयुक्त संयोजकत्व में श्री देवी मेला के कादंबरी मंच पर पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह हुआ सम्पन्न। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय पूर्व सैनिक लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेवानिवृत ब्रिगेडियर I.M Singh और विशिष्ट अतिथि मैनपुरी जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह के साथ कई पूर्व सेनाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर किया। तत्पश्चात सैनिक स्कूल मैनपुरी के बच्चों ने सुन्दर नृत्य के साथ और भी कई सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनको देखकर पूरा पांडाल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम में सेवानिवृत पैरा कमांडो राजीव यादव को भारतीय पूर्व सैनिक लीग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में सभी पूर्व सैनिकों का आश्वत किया कि उनकी सभी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा और अगर किसी भी विभाग में उनकी समस्या नहीं सुनी जाती है तो वो निसंकोच उनसे मिलकर अपनी समस्या बता सकते हैं वे अपने स्तर से पूर्व सैनिकों की हर समस्या का निराकरण प्राथमिकता से कराने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी ग्रुप कैप्टन रमेश शर्मा ने पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को संबोधित करते हुए शासन की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में सभी सैनिकों को नम्बर 1 पर तथा राजनेताओं को 10वें नम्बर पर बताया। उन्होंने पूर्व सैनिकों का आवाहन करते हुए कहा कि संगठित रहें और अपने सभी पूर्व साथियों का सहयोग करें।कार्यक्रम के अंत में सह संयोजक राजीव यादव ने आए हुए सभी अतिथियों और वीर नारियों को शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत ब्रिगेडियर हरिश्चंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में ये भारतीय पूर्व सैनिक लीग के यूपी प्रदेश अध्यक्ष मेजर योगेंद्र सिंह कटियार, रक्क के प्रदेशाध्यक्ष विंग कमांडर राजेंद्र सिंह, कर्नल जयवीर सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेश चंद्र यादव, सैनिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत मिश्रा, अरविंद यादव, अभिषेक जैन, मनीष मिश्रा, प्रवीण पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## डिवाइडर से टकराकर कार कई राउंड पलटी, परखच्चे उड़े

**प्रयागराज।** सिविल लाइन्स क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार से दौड़ रही बलेनो कार अनियंत्रित होकर भीषण हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि युवक हाई स्पीड में स्टंट कर रहा था तभी कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और कई बार पलटते हुए दूसरी लेन में जा पहुंची।

हादसा इतना जोरदार था कि कार के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, यहां तक कि उसकी सीट, पहिए और कई बॉडी पार्ट्स अलग होकर सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गए। टक्कर की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सड़क के डिवाइडर पर लगे बिजली के खंभे भी टूटकर गिर गए।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चला रहा युवक स्टंट कर रहा था और उसी दौरान यह दुर्घटना हुई। घटना के तुरंत बाद युवक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस फरार युवक की तलाश में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## वरिष्ठ पत्रकार की माता के निधन पर शोक



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** प्रयागराज प्रेस क्लब की ओर से सिविल लाइंस में अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार आलोक मालवीय की माता स्वर्गीय माधुरी मालवीय निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गयी। क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में संरक्षक अनुपम मिश्र, उपाध्यक्ष सुधीर शुक्ला, सचिव अचिन्त्य रंजन मिश्र, पूर्व अध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह, काशी केसरवानी, सुनील बच्चन, अभय मिश्रा, रफीक अहमद, रविन्द्र सहित बड़ी संख्या पत्रकार एवं फोटो जर्नलिस्ट मौजूद रहे।

## भानु प्रताप क्लब को मिली जीत



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** भानु प्रताप सिंह क्लब ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब को दो विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी ए डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किए। केपी कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब ने 38.2 ओवर में 208 रन (सौरभ त्रिपाठी 101, शहजान अहमद 29, सुहैब खान 22, अनुज सिंह परिहार 12, सूरज सिंह राठौड़ 3/33, अकांत गुप्ता 2/29, आदित्य तिवारी 2/40) बनाए। जवाब में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 39.5 ओवर में 8 विकेट पर 209 रन (प्रमोद यादव 60, अंशुमन शुक्ला 50 नाबाद, वर्तुल शुक्ला 27, सौरभ त्रिपाठी 3/44, सुहैब खान 2/24, हर्ष शर्मा 2/28) बना लिए। मैच में मोहम्मद आरिफ व सुधीर सोनकर अंपायर एवं अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

# महाप्रबंधक ने गिनाई उत्तर मध्य रेलवे की 2025-26 की उपलब्धियां

**संरक्षा, सेवा और संचालन में सुदृढ़ रहा उत्तर मध्य रेलवे का वर्ष 2025-26**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने वर्ष 2025-26 में उत्तर मध्य रेलवे के प्रदर्शन एवं प्रमुख उपलब्धियों के संबंध में जानकारी प्रदान की।

महाप्रबंधक ने उत्तर मध्य रेलवे के समग्र कार्यनिष्पादन का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 में परिचालन दक्षता, संरक्षा सुदृढ़ीकरण, आधारभूत संरचना विकास, माल ढुलाई वृद्धि तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। उन्होंने आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग, नवाचार आधारित पहल एवं बेहतर समन्वय के माध्यम से रेलवे सेवाओं को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय एवं यात्री-केंद्रित बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्तर मध्य रेलवे की प्रमुख उपलब्धियां बताते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे द्वारा अब तक का सर्वाधिक ओरिजिनेटिंग लोडिंग 20.97 मिलियन टन दर्ज किया गया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 12.6 प्रतिशत अधिक है , जिससे माल यातायात में ?2276 करोड़ की आय प्राप्त हुई। मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की समयपालनता 79.1 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.3 प्रतिशत अधिक है। उत्तर मध्य रेलवे ने पिछले वित्तीय वर्ष में 02 ऑरिजिनेटिंग ट्रेनों सहित 42 नई ट्रेन सेवाओं का संचालन किया।

महाप्रबंधक ने बताया कि 4 जोड़ी ट्रेनों को आईसीएफ से एलबीएच रेक में परिवर्तित किया गया और 6 जोड़ी ट्रेनों को आईसीएफ से मेमू रेक में बदला गया। यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए पिछले वित्तीय वर्ष में 46 ट्रेनों को नए ठहराव दिए गए, 12 ट्रेनों का विस्तारिकरण किया गया और 02 ट्रेनों की आवृत्ति में वृद्धि की गई है।

उत्तर मध्य रेलवे सभी चयन प्रक्रियाएं कंप्यूटर आधारित केंद्रीकृत प्रणाली से कर रहा है , जिससे पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हुई है।

उत्तर मध्य रेलवे उत्कृष्टता, संरक्षा एवं विश्वसनीयता को केंद्र में रखते हुए आधुनिक तकनीकों, सुदृढ़ अवसंरचना एवं यात्री-केंद्रित सेवाओं के माध्यम से निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

## गेहूं फसल की क्रॉप कटिंग कराकर उत्पादन की जांच की गई

**आजमगढ़ (अवधनामा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जनपद में रबी फसल गेहूं के वास्तविक उत्पादन के आकलन हेतु सांख्यिकीय विधि से कराए गए क्रॉप कटिंग प्रयोग के अंतर्गत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा तहसील सदर के विकास खण्ड पल्हनी के ग्राम हाफिजपुर में गेहूं फसल की क्रॉप कटिंग कराकर उत्पादन की जांच की गई। जिलाधिकारी ने किसान सुभाष सिंह एवं सोनू के खेत में निर्धारित क्षेत्रफल 43.3 वर्ग मीटर में गेहूं की फसल की कटाई कराकर थ्रेसिंग कराया गया क्रॉप कटिंग के दौरान क्रमशः 14.830 किलोग्राम एवं 16.500 किलोग्राम उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसके आधार पर औसत उत्पादन क्रमशः लगभग 34 व 38 कुंतल प्रति हेक्टेयर आंका गया। यह क्रॉप कटिंग प्रयोग भारत सरकार द्वारा विकसित सी0सी0ई0 एग्री ऐप के माध्यम से ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में शबनम खातून (SHABANAM KHATUN) पत्नी सफीउल हक खान (SAFIUL HAQUE KHAN) था। इसके जगह मेरा सही नाम शबनम खातून (SHABANAM KHATUN) पत्नी (SAFIUL KHAN) है। इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सर्व साधारण सूचना**

मैं शिवराम पुत्र बनवारी लाल निवासी मोहल्ला ऊपरी मंडई कस्बा व तहसील संडीला जिला हरदोई का हूं मेरा एक पुत्र अंकित गुप्ता है जो मेरे ही घर मे मुझसे अलग रहता है तथा कुछ समय से उसके चाल चलन संदिग्ध है तथा किसी दूसरी कास्ट (जाति ) की लड़की के प्रेम जाल मे फसा हुआ है इसलिए उसके सोचने समझने की क्षमता कम हो गयी है हर समय अंकित मुझसे लड़ने के लिए आमादा रहता है जिससे मै बहुत आहत हूं मुझे शंका है कि वह किसी गलत काम को अंजाम ना दे डाले तथा सूचना करना है कि यदि अंकित कोई लेन देंन करता है या विधि विरुद्ध गतिविधियां करता या संबंधित लड़की के प्रेम जाल मे लिप्त होकर कहीं चला जाता है तो इन सब प्रकरण से मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होंगी। अंकित स्वंम जिम्मेदार होगा तथा अंकित के इस आचरण से क्षुब्ध होकर मै अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं।

शिवराम पुत्र बनवारी लाल
निवासी मोहल्ला ऊपरी मंडई कस्बा व तहसील संडीला जिला हरदोई।

**जिला पंचायत, बदायूँ**

पंत्राक- 18/ जि0पं0/नि0अनु0/2026-27 दिनांकः- 06-04-2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

उ0प्र0 शासन के आदेश सं0 05/2019/2902/33-2-2019-198जी/2018 दिनांक 16 अगस्त, 2019 व शासनादेश सं0 1129/33-2-2020-167जी/2018 दिनांक 03 जून, 2020 में दी गई व्यवस्था के अधीन समस्त जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों, लो0नि0वि0 एवं सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग, 15 वाँ वित्त (टाइड /अनटाइड) अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत 47 कार्यो की ई- निविदायें दिनांक 21.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक बेवसाइड http://etender.up.nic.in पर अपलोड करने हेतु आमन्त्रित की जाती हैं जो इसी दिनांक 21.04.2026 की दोपहर 02.00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत, बदायूँ में खोली जायेगी। निविदा शुल्क की धनराशि आर0टी0जी0एस0 (RTGS)/एन0ई0एफ0टी0 (NEFT) के माध्यम से जिला निधि के खाता सं0 09830100009167 आई0एफ0एस0सी0 कोड BARBOBADAUN में जमा करना अनिवार्य होगा और जमा निविदा शुल्क की युनिक नम्बर रसीद व 10% (दस प्रतिशत) धरोहर (जमानत) धनराशि की एफ0डी0आर0 जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो के साथ-2 जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर व ठेकेदारी का नवीनीकरण/ पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा पर बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी/अध्यक्ष, जिला पंचायत में निहित होगा। सन्दर्भित वेबसाइड पर निविदा दिनांक 08.04.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे से देखी व अपलोड की जा सकती है। सशर्त प्राप्त निविदा तथा नियत तिथि व समय उपरान्त कोई भी वाद व प्रार्थना पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। लेपन कार्य हेतु मैक्सफाल्ट व इमल्शन सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा क्रय कर भुगतान से पूर्व सी0आर0सी0 कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तथा सी0आर0सी0 का सत्यापन उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी बेवसाइड http://etender.up.nic.in व BUDAUN.NIC.IN पर भी देखा जा सकता है। निविदा सम्बन्धी अन्य कोई जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर प्राप्त की जा सकती है।

**(पवन कुमार गोयल)** अभियन्ता जिला पंचायत, बदायूँ
**(विनोद कुमार सिंह)** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बदायूँ
**(वर्षा सिंह)** अध्यक्ष जिला पंचायत बदायूँ

**कार्यालय ग्राम पंचायत परियॉवा, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

पत्रांक : मेमो/2026-2027 दिनांक : 06/04/2026

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 07-04-2026 से 16-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 17-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 11:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सत्य प्रकाश (मानव)** ग्राम प्रधान ग्राम पं. परियॉवा, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर
**रत्नेश सोनकर** ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि. ग्राम पं. परियॉवा, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

# बिकवाली के बाद बाजार में हरियाली, सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध में संघर्ष विराम के प्रयासों की खबरों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बाद शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद सोमवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेज उछाल देखने को मिला। इसके अलावा, बैंक शेयरों में भारी खरीदारी ने भी निवेशकों के मनोबल को समर्थन दिया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे बढ़कर 93.05 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

एक उतार-चढ़ाव भरे सत्र में, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 787.30 अंक या 1.07 प्रतिशत बढ़कर 74,106.85 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 887.91 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़कर 74,207.46 पर पहुंच गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 255.15 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 22,968.25 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से ट्रेंट के शेयरों में सबसे ज्यादा 7.89 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। एक्सिस बैंक, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस भी प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक और सन फार्मा पिछड़ गए।

**उछाल**

**कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बाद शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद सोमवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेज उछाल देखने को मिला।**

**एशियाई बाजारों में दिखी तेजी**

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हांगकांग और शंघाई में छुट्टी के कारण बाजार बंद रहे। गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अमेरिकी और घरेलू शेयर बाजार बंद रहे।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में जोरदार उछाल देखने को मिला क्योंकि सभी क्षेत्रों में वैल्यू बाइंग को बढ़ावा मिला।



युद्धविराम प्रयासों की खबरों के चलते कच्चे तेल की कीमतों में मामूली नरमी आई, जबकि उत्साहजनक अस्थायी बैंकिंग आंकड़ों ने ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में रुचि को बल दिया।

हालांकि, लगातार मुद्रास्फीति के दबाव और वैश्विक व्यापार में संभावित व्यवधानों को लेकर चिंताओं के कारण समग्र जोखिम लेने की प्रवृत्ति सतर्क बनी हुई है, उन्होंने आगे कहा।

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि आज की रिकवरी मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में मामूली गिरावट के कारण हुई, जिसमें ब्रेंट क्रूड की कीमत 105 अमेरिकी डॉलर से नीचे आ गई। मध्य पूर्व के मध्यस्थों द्वारा प्रस्तावित अस्थायी युद्धविराम की खबरों के बीच, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने निचले स्तरों पर स्थिरता बनाए रखी, जिससे बिकवाली का दबाव कम हुआ और व्यापक बाजार संरचना को समर्थन मिला।


भारतीय मुद्रा में सट्टेबाजी की प्रवृत्ति को रोकने और अस्थिरता को कम करने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए कदमों के बाद सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे बढ़कर 92.90 पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि हालांकि आरबीआई के उपाय रुपये के लिए सकारात्मक हैं, लेकिन विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, मजबूत डॉलर और अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतें रुपये पर दबाव डालना जारी रख रहे हैं।

आरबीआई ने सट्टेबाजी की स्थितियों पर अंकुश लगाने के लिए अपने नियमों को सख्त किया और बैंकों की शुद्ध खुली स्थिति को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.13 पर खुला और दिन के कारोबार में गति पकड़ते हुए डॉलर के मुकाबले 92.79 के उच्च स्तर को छू गया। सोमवार के कारोबारी सत्र के अंत में, रुपया डॉलर के मुकाबले 92.90 पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 28 पैसे अधिक था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड में 0.71 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 108.3 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# वायासैट ने 2026 के लिए 'स्पेस फॉर गुड' की भारत संस्करण की घोषणा की

**नई दिल्ली।** वैश्विक संचार कंपनी वायासैट ने पृथ्वी पर जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को टिकाऊ स्पेस सॉल्यूशंस विकसित करने के लिए प्रेरित करने के लिए डिजाइन अपनी प्रमुख वैश्विक STEM पहल- Viasat: Space for Good Challenge का वैश्विक विस्तार करने की आज घोषणा की। वर्ष 2025 के कार्यक्रम की सफलता के आधार पर अगली पुनरावृत्ति अमेरिका, ब्रिटेन एवं आयरलैंड, भारत और पहली बार ऑस्ट्रेलिया में 2026 और 2027 के दौरान की जाएगी। वायासैट इंडिया के प्रबंध निदेशक गौतम शर्मा ने कहा, 'वायासैटः स्पेस फॉर गुड को दूसरे वर्ष वापस भारत लाना, इस गतिशील टेक्नोलॉजी परिदृश्य को लेकर हमारी गहरी प्रतिबद्धता दर्शाती है। पिछले वर्ष विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत जो नवप्रवर्तन हमने देखा, वह वास्तव में असाधारण था और हम उम्मीद करते हैं कि इस वर्ष के प्रतिभागी भारत और विश्व के लिए सार्थक, टिकाऊ अंतरिक्ष




समाधान विकसित करने के लिए डिजिटल समावेशन के हमारे मिशन में योगदान करेंगे। दि वायासैटः स्पेस फॉर गुड चैलेंज नवप्रवर्तकों की अगली पीढ़ी को अंतरिक्ष टिकाऊपन विशेषकर कक्षीय मबले के शमन से लेकर सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रभाव के लिए उपग्रह संपर्क का लाभ उठाने के बारे में गहन चिंतन करने के लिए सशक्त बनाता है। इसमें प्रतिभागियों को एक कठिन तीन चरणीय प्रक्रियाओः संकल्पना अभिव्यक्ति, डिजिटल परिशोधन और उद्योग विशेषज्ञों के एक पैनल के समक्ष अंतिम प्रस्तुति से गुजरना होता है। यह पैनल तकनीकी व्यवहार्यता, डिजाइन और नीतिगत जटिलताओं का आंकलन करता है। जैसा कि वायासैट वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिबद्धताओं का निरंतर निर्माण एवं मजबूती की दिशा में अग्रसर है, 2026 के कार्यक्रम में एशिया प्रशांत क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है जिससे स्थानीय प्रतिभाएं क्षेत्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों को हल करने के लिए प्रेरित हों।

**अगली पीढ़ी का सशक्तिकरण**

यद्यपि इस कार्यक्रम का तत्काल ध्यान भारत और ऑस्ट्रेलिया में आगामी आयोजनों पर है, 2027 में इसमें अमेरिका और ब्रिटेन एवं आयरलैंड को शामिल करने की तैयारी है।

## 300 करोड़ रुपये तक की हाईवे परियोजनाओं के लिए 12 महीने की अधिकतम समय सीमा तय

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने सोमवार बताया कि मैदानी और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए आधार निर्माण अवधि कुल सिविल लागत के आधार पर होनी चाहिए, क्योंकि वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर मौजूदा दिशानिर्देशों में बदलाव की जरूरत महसूस हो रही थी। दूसरी ओर सरकार की ओर से 501-1,500 करोड़ रुपये की कुल सिविल लागत वाली राजमार्ग परियोजना के मामले में, आधार निर्माण अवधि 24 महीने तय की गई है।। मंत्रालय ने एक परिपत्र ने कहा कि परियोजना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए (जैसे कि कई आरओबी, एलिवेटेड स्ट्रक्चर की लंबाई या सुरंग की लंबाई), आधार निर्माण अवधि को बढ़ाया जाना चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भूभाग की कठिनाई से संबंधित निर्माण कटाई और ढलान स्थिरीकरण की भरपाई के लिए उन्नत आधार निर्माण अवधि में अतिरिक्त 12 महीने जोड़े जाने चाहिए। ये मानक निर्माण अवधियां 6 मई, 2026 को या उसके बाद इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड, हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएम), या बिल्ट-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) मोड पर बोली लगाने वाली सभी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर लागू होंगी। हाईवे निर्माण परियोजनाओं से जुड़ा यह नियम हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू को छोड़कर जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, सिक्किम, दार्जिलिंग की पहाड़ियों, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और मेघालय जैसे हिमालयी/पूर्वोत्तर राज्यों के पहाड़ी/पर्वतीय दुर्गम इलाकों में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर लागू होगा। सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने वाले सलाहकार को एक यथार्थवादी नजरिए से निर्माण की अवधि का अनुमान भी लगाना होगा। पहले, मानक ईपीसी अनुबंध दस्तावेज में समयसीमा निर्धारित रहती थी, इसके तहत 50 किलोमीटर से अधिक लंबाई के हाइवे और 200 मीटर से कम लंबाई के एक बड़े पुल का निर्माण 24-30 महीनों में पूरा करना जरूरी था।

# DAAKit ने टियर-II भारत में सबसे तेज़ गति वाले मॉडल को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया, जिसे लखनऊ में वेयरहाउस के लिए लॉन्च किया

**नोएडा।** हरियाणा मुख्यालय वाली तेजी से उभरती हाइपरलोकल फुलफिलमेंट और लास्ट-माइल लॉजिस्टिक्स ट्रायल डीएकिट टेक्नोलॉजीज ने आज नासिक में अपने मोटोरोला वेयरहाउस के लॉन्च की घोषणा की। यह कंपनी के मेट्रो शहरों की दिशा में आगे विस्तार एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहली DAAKit को एक नई टेक-आधारित लॉजिस्टिक्स कंपनी में शामिल करती है, जो टियर-II और टियर-III शहरों में एमएसएमई और एसएमई कर्मचारियों के लिए उसी दिन और अगले दिन के लिए आर्किटेक्चर तैयार कर रही हैं। कंपनी ने दिल्ली, गुड़गांव, मुंबई, कॉलेज और कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों में तेजी से अपनी मजबूत उपस्थिति बनाई है। मेट्रो शहरों से बाहर क्विक कॉमर्स की भारी मांग के बीच, लखनऊ में डकैत की शुरूआत उसे भारत की अगली बिक्री वेव में लीड बनाती है। यह नया




केंद्र एक पायलट हब के रूप में काम करता है, जिससे कंपनी अपनी विस्तार की रणनीति को मजबूत करने और मजबूत करने के लिए उभरती है, जहां तेज और शानदार फुलफिल आर्किटेक्चर की अभी भी कमी है।

वर्तमान में, DAAKit प्रतिदिन 10,000 से अधिक ऑर्डर्स प्रोडक्ट्स कर रही है, जो इसके फुलफिलमेंट सेंटर्स के नेटवर्क के माध्यम से प्रति माह लगभग 3,00,000 ऑर्डर्स के बराबर है। नैशनल वेयरहाउस के लॉन्च के बाद कंपनी ने ऑर्डर में तेजी से बढ़ोतरी की उम्मीद की है और निकट भविष्य में अपने नेटवर्क के माध्यम से लगभग 5 लाख ऑर्डर प्रति माह तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है।

इस विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, DAAKit Technologies के संस्थापक और CEO, चंदन सिंह घुगत्याल ने कहा, भारत की अगली राजधानी मेट्रो शहरों में नहीं, बल्कि टियर-II और टियर-III शहरों में लिखी जाएगी। हमारा कहना है कि लखनऊ में यह लॉन्च सिर्फ एक वेयरहाउस ओपनिंग नहीं है, लेकिन भारत में फास्ट बिजनेस के लिए मजबूत आधार तैयार करना है।

उन्होंने आगे कहा, लखनऊ वेयरहाउस के माध्यम से हम सिर्फ ग्राफिक्स नहीं जोड़ रहे हैं, बल्कि हजारों छोटे जूम को पहली बार उसी दिन और अगले दिन लॉन्च तक पहुंच प्रदान कर रहे हैं।

DAAKit की तीव्र प्रगति इसके प्रमुख साझीदारों-जैसे आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप और कृष्णा आयुर्वेदा- के साथ सहयोग में भी दिखाई देती है, प्रोटोकॉल लॉजिस्टिक्स और फुलफिलमेंट साझीदारों की कंपनी अलग-अलग उद्यमों में पूरी कर रही है। नाइक में अपनी कंपनी, कंपनी अधिक क्षेत्रीय और राष्ट्रीय ब्रांडों को उच्च स्तर वाले उद्यमों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में सक्षम बनाएगी।

## होर्मुज से गुजरने के लिए लेवी पर कोई बातचीत नहीं, सरकार बोली- सुरक्षित हैं एलपीजी लाने वाले जहाज

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने होर्मुज से गुजरने के लिए ईरान के साथ किसी भी तरह की लेवी पर बातचीत की खबरों को निराधार बताया है। जानें एलपीजी सप्लाई, जहाजों की सुरक्षा और घरेलू गैस वितरण पर सरकार के ताजा अपडेट को विस्तार से पढ़ें। भारत सरकार ने सोमवार को उन मीडिया रिपोर्ट्स का सिरे से खंडन किया, जिनमें दावा किया जा रहा था कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ट्रांजिट लेवी लगाने के विषय पर भारत और ईरान के बीच बातचीत हो रही है। सरकार ने इन दावों को पूरी तरह निराधार और आधारहीन बताते हुए कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी अहम जानकारी साझा की।

नौवहन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि ट्रांजिट लेवी के विषय पर ईरान के साथ भारत की कोई बातचीत नहीं हुई है। क्षेत्र में बढ़े हुए भू-राजनीतिक तनाव के बीच चिंताओं को दूर करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे किसी घटनाक्रम की जानकारी नहीं है। व्यापारिक जहाजों की स्थिति पर अपडेट देते हुए मंगल ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में मौजूद 16 भारतीय जहाजों की कड़ी निगरानी (ट्रैकिंग) की जा रही है। ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता को पुख्ता करते हुए उन्होंने बताया कि एलपीजी ले जाने वाले दो महत्वपूर्ण जहाज- ग्रीन संघवी और ग्रीन आशा इस बेहद अहम और संवेदनशील समुद्री मार्ग को सुरक्षित रूप से पार कर चुके हैं। ग्रीन संघवी 46,500 टन और ग्रीन आशा 15,500 टन एलपीजी लेकर आ रहे हैं, जिनके क्रमशः 7 अप्रैल और 9 अप्रैल को भारत पहुंचने की उम्मीद है।

ऊर्जा के मोर्चे पर स्थिति का आकलन करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि एलपीजी के आयात में थोड़ी गिरावट देखी गई है, जबकि घरेलू उत्पादन भी सीमित स्तर पर है। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि इस कमी को पाटने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस बीच, पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट का असर लोगों की आवाजाही पर भी पड़ा है। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर. महाजन ने बताया कि इस क्षेत्र में तेजी से बदलती भू-राजनीतिक स्थिति के कारण 28 फरवरी से अब तक लगभग 7.3 लाख भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं। यात्रियों की सुरक्षित और सुगम आवाजाही की सुविधा के लिए सोमवार को कतर एयरवेज भारत के लिए आठ से 10 उड़ानों का संचालन कर रहा है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने जारी रखा तेज़ विकास


**लखनऊ।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2026 में भी अपनी मजबूत विकास गति को जारी रखते हुए क्यू1 जनवरी-मार्च में 20,028 यूनिट्स की बिक्री के साथ अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री दर्ज की है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में बेची गई 17,138 कारों की तुलना में 17प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2025 के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी विकास गति को बनाए रखा है और लगातार नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है, जिससे भारतीय बाजार में इसकी पकड़ और मजबूत हो रही है। स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रदर्शन को स्कोडा काइलैक की मजबूत और लगातार मांग ने प्रमुख रूप से आगे बढ़ाया है, जिसने हाल ही में 50,000 बिक्री का आंकड़ा पार किया है। इसके साथ ही नए स्कोडा कुशाक की शुरुआत, स्कोडा स्लाविया का स्थिर योगदान, और प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में स्कोडा कोडिएक की निरंतर मांग ने भी इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, आशीष गुप्ता, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहा, 2026 में अपनी



अब तक की सबसे बड़ी तिमाही के साथ विकास की इस तेज़ रफ्तार को जारी रखना पिछले एक वर्ष में बनाए गए हमारे मजबूत आधार का प्रमाण है। 2025 में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल करने के बाद, यह देखना उत्साहजनक है कि हम इस गति को बनाए रखते हुए लगातार नए मानक भी स्थापित कर रहे हैं। यह वृद्धि हमारे मजबूत और अधिक सुलभ प्रोडक्ट पोर्टफोलियो, व्यापक बाज़ार पहुंच और ग्राहक-केंद्रित पहलों पर बढ़ते फोकस का परिणाम है। स्कोडा काइलैक लगातार नए ग्राहकों और नए क्षेत्रों तक ब्रांड की पहुंच बढ़ा रही है, वहीं हाल ही में लॉन्च की गई स्कोडा कुशाक ने भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इसके साथ ही स्कोडा स्लाविया और स्कोडा कोडिएक अपने-अपने सेगमेंट में स्थिर मांग बनाए हुए हैं। आगे बढ़ते हुए, हमारा ध्यान प्रासंगिक उत्पादों के लॉन्च, अपने नेटवर्क के विस्तार और समग्र ओनरशिप अनुभव को बेहतर बनाकर इस गति को बनाए रखने पर केंद्रित रहेगा। विश्वास का निर्माणः स्कोडा ऑटो इंडिया ग्राहकों के भरोसे को मजबूत करने के लिए ओनरशिप अनुभव और आफ्टरसेल्स सपोर्ट पर विशेष ध्यान देना जारी रखे हुए है। स्कोडा सुपर केयर की शुरुआत ने एक नया मानक स्थापित किया है, जिसमें पूरे रेंज पर 4 वर्ष की स्टैंडर्ड वारंटी, 4 वर्षों की रोडसाइड असिस्टेंस और 4 लेबर-फ्री सर्विस शामिल हैं– जिससे ग्राहकों को पूरी तरह मानसिक शांति और अनुमानित मेंटेनेंस लागत का लाभ मिलता है। यह ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण सेवा प्रक्रियाओं, पारदर्शिता और पहुंच में निरंतर सुधार के साथ और भी मजबूत होता है। 330 से अधिक कस्टमर टचपॉइंट्स के बढ़ते नेटवर्क के साथ, जो 180 से अधिक शहरों में फैला हुआ है, स्कोडा ऑटो इंडिया अपनी पहुंच का विस्तार कर रहा है और स्थापित तथा उभरते बाजारों में ग्राहकों को सहज और विश्वसनीय ओनरशिप अनुभव सुनिश्चित कर रहा है। उत्कृष्टता की ओर अग्रसर स्कोडा ऑटो इंडिया का 2026 की पहली तिमाही में प्रदर्शन उसके मजबूत और निरंतर विकसित हो रहे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो पर आधारित है, जो बदलती ग्राहक अपेक्षाओं के अनुरूप है। स्कोडा काइलैक कंपनी की वृद्धि का एक प्रमुख चालक बना हुआ है, जो सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में ब्रांड की मौजूदगी को मजबूत कर रहा है और नए ग्राहकों को स्कोडा से जोड़ रहा है।

## चांदी में 5000 रुपये का भारी उछाल, सोना 1.53 रुपये लाख के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने का सीधा असर घरेलू सर्राफा बाजार पर देखने को मिला है। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में मूल्यवान धातुओं की कीमतों में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई, जिसमें चांदी 5,000 रुपये की भारी छलांग लगाकर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। वहीं, सोने की कीमतों में भी जोरदार उछाल देखने को मिला है। विश्लेषकों का मानना है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और मूल्य खरीदारी इस उछाल के प्रमुख कारण हैं। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार के 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर के मुकाबले सोमवार को चांदी की कीमत 2.11 प्रतिशत (5,000 रुपये) बढ़कर 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी 1.52 प्रतिशत या 2,300 रुपये की जोरदार बढ़त दर्ज की गई। यह पिछले सत्र के 1,51,500 रुपये से उछलकर 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के स्तर पर पहुंच गया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) सौमिल गांधी के अनुसार, कीमती धातुओं में हालिया गिरावट के बाद व्यापारियों द्वारा की गई वैल्यू बाइंग (बार्गेन हंटिंग) के साथ-साथ डॉलर तथा कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट ने इस तेजी को समर्थन दिया है। घरेलू बाजार की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कीमती धातुओं में चमक दिखी है, जहां हाजिर चांदी 0.5 प्रतिशत बढ़कर 73.37 डॉलर प्रति औंस और सोना 0.14 प्रतिशत बढ़कर 4,682.80 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## एयरटेल ने यूपी ईस्ट में 4300 से अधिक नई 5जी साइट्स के साथ अपने नेटवर्क का विस्तार किया




**लखनऊ।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रदाता कंपनियों में से एक भारती एयरटेल ने आज घोषणा की है कि उसने पिछले 12 महीनों में यूपी ईस्ट में 4300 से अधिक नई 5जी साइट्स स्थापित की हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में उसकी उपस्थिति और प्रदर्शन को उल्लेखनीय मजबूती मिली है। व्यापक पैमाने पर किया गया यह नेटवर्क विस्तार यूपी ईस्ट सर्कल के सभी 48 जिलों में हुआ है, जिससे शहरी केंद्रों, तेजी से विकसित होते कस्बों और दूरदराज के गांवों में रहने वाले 34 मिलियन लोगों को कवर किया गया है। प्रतिदिन औसतन 12 नई साइट्स जोड़ते हुए एयरटेल ने हाई स्पीड कनेक्टिविटी के रोलआउट को तेज किया है, जिससे ग्राहकों को काम, शिक्षा, मनोरंजन और डिजिटल भुगतान के लिए निरंतर और स्थिर प्रदर्शन का अनुभव मिले। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, अयोध्या और झांसी सहित सभी जिलों में ग्राहक इस विस्तारित नेटवर्क का सीधे लाभ उठाएंगे। यह बढ़ा हुआ कवरेज हाई स्पीड 5जी सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करेगा, जिससे शहरी और ग्रामीण बाजारों में नागरिकों, छात्रों, सूक्ष्म उद्यमियों, एंटरप्राइज और सरकारी संस्थानों की दैनिक डिजिटल जरूरतों को पूरा करने की सुविधा प्राप्त होगी। अमित गुप्ता, सीईओ, भारती एयरटेल, यूपी ईस्ट ने कहा, यूपी ईस्ट एयरटेल के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है, और यह विस्तार पूरे क्षेत्र में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पिछले एक वर्ष में हमने 4300 से अधिक नई 5जी साइट्स स्थापित की है, जिससे एक मजबूत डिजिटल बैकबोन तैयार हुआ है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश में विकास, समावेशन और नवाचार को सक्षम बनाएगा। यह बड़े पैमाने पर किया गया रोलआउट सुनिश्चित करता है कि प्रमुख शहरी केंद्रों, तेजी से विकसित हो रहे कस्बों और दूरस्थ ग्रामीण समुदायों में रहने वाले लाखों लोग अपनी दैनिक डिजिटल जरूरतों को पूरा करने के लिए तेज और विश्वसनीय कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकें। यूपी ईस्ट एयरटेल के लिए एक प्रमुख फोकस क्षेत्र बना रहेगा, और हम उन्नत नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर, विस्तारित कवरेज और बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए निरंतर निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि भारत डिजिटल-फर्स्ट भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यूपी ईस्ट में ग्राहकों को निर्बाध डिजिटल एक्सेस प्रदान करने के लिए एयरटेल अब स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए अपने 399 के रिचार्ज पैक में 28 दिनों के लिए पूरी तरह अनलिमिटेड डेटा प्लान प्रदान कर रहा है, जिसमें 24 घंटे के लिए अनलिमिटेड 4जी और 5जी डेटा के साथ अनलिमिटेड कॉलिंग शामिल है, जिसे इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि उपयोगकर्ता बिना डेटा लिमिट की चिंता के सहज स्ट्रीमिंग, पढ़ाई, काम करने और जुड़े रहने का अनुभव प्राप्त कर सकें। ग्रामीण और अर्ध-शहरी गांवों, हाईवे, सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रमुख आर्थिक एवं सांस्कृतिक कॉरिडोर में नेटवर्क घनत्व में निरंतर निवेश के बल पर, एयरटेल उच्च गतिशीलता और अधिक उपयोग वाले क्षेत्रों में भी मजबूत तथा भविष्य के लिए तैयार कनेक्टिविटी सुनिश्चित करता है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आईएमए लखनऊ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रिफ्रेशर कोर्स एवं सीएमई सफलतापूर्वक संपन्न




**लखनऊ।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), लखनऊ द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आईएमए भवन, लखनऊ में राज्य स्तरीय रिफ्रेशर कोर्स एवं सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

यह दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम प्रातः 9:00 बजे प्रारंभ हुआ, जबकि औपचारिक उद्घाटन दोपहर 1:20 बजे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में चिकित्सकों एवं चिकित्सा पेशेवरों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में आईएमए उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रख्यात शल्य चिकित्सक डॉ. राजीव गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर आईएमए उत्तर प्रदेश के आगामी सत्र के अध्यक्ष-निर्वाचित डॉ. रविश अग्रवाल तथा आईएमए यूपी स्टेट, जोन-3 के उपाध्यक्ष डॉ. वी.के. त्रिपाठी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आईएमए लखनऊ के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अस्थाना ने कहा कि इस रिफ्रेशर कोर्स एवं सीएमई का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों को क्लिनिकल प्रैक्टिस में नवीनतम प्रगति से अवगत कराना तथा विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञताओं में सतत अधिगम को बढ़ावा देना है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

वैज्ञानिक सत्रों का संचालन वैज्ञानिक अध्यक्ष डॉ. संजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि समन्वय की जिम्मेदारी वैज्ञानिक सचिव डॉ. अर्चिका गुप्ता ने निभाई। आईएमए लखनऊ की मानद सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं संयोजन किया।

सीएमई में समसामयिक एवं महत्वपूर्ण चिकित्सा विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान और विचार-विमर्श आयोजित किए गए। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ताओं में डॉ. निरुपमा पाण्डेय, डॉ. राजीव सक्सेना, डॉ. अरुण पाण्डेय, डॉ. शाश्वत सक्सेना, डॉ. अभिनव श्रीवास्तव, डॉ. अर्चिका गुप्ता, डॉ. आर.बी. सिंह, डॉ. नीरज टंडन, डॉ. शशांक निगम, डॉ. दीपक दीवान, डॉ. अचल गुप्ता, डॉ. इमरान अख्तर, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. सूर्यकांत, डॉ. नईम अहमद शेख, डॉ. के.पी. चंद्रा, डॉ. राहुल यादव, डॉ. विजयंत सिंह, डॉ. अजय तिवारी, डॉ. राकेश श्रीवास्तव, डॉ. विवेक सक्सेना, डॉ. प्रांजल अग्रवाल, डॉ. तन्वी पालिवाल, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. अमलांशु रमण, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. आशुतोष शर्मा तथा डॉ. पूजा गुप्ता शामिल रहे।

सत्रों में किशोरियों एवं महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता और पोषण, पुरुष बांझपन प्रबंधन, कंटीन्यूअस ग्लूकोज मॉनिटरिंग सिस्टम, अवसाद से जुड़े मिथक, कैंसरजनित दर्द का प्रबंधन, न्यूरोलॉजी एवं लो बैक पेन, बच्चों में पेट दर्द, चिकित्सा शिक्षा की प्रगति, सिर एवं गर्दन के कैंसर का प्रबंधन, सीकेडी की पहचान एवं स्टेजिंग तथा आरआरटी की विधियां, स्पाइन सर्जरी में प्रगति, जॉइंट रिप्लेसमेंट, मिस्ड इंजरीज़, चिकित्सा अभ्यास में सॉफ्ट स्किल्स, पल्मोनरी एवं टीबी अपडेट्स, पल्मोनरी इनसाइट्स, पर्वतारोहण का चिकित्सीय दृष्टिकोण, मधुमेह में ओरल सेमाग्लूटाइड, यूरोलॉजी में रोबोटिक्स, कार्डियक सर्जरी में प्रगति, मधुमेह प्रबंधन, विटामिन-डी सप्लीमेंटेशन, बर्न्स एवं एलोपेसिया, डॉक्टरों और अस्पतालों के लिए समग्र बीमा योजना, बचपन में मायोपिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी, सूचित सहमति, प्रसवोत्तर रक्तस्राव प्रबंधन, फैमिली मेडिसिन टीम कॉन्सेप्ट तथा बढ़ती प्रजनन संबंधी समस्याएं जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

आईएमए लखनऊ ने उन मॉडरेटर्स एवं सहयोगी समन्वयकों के योगदान की भी सराहना की, जिनकी सक्रिय भूमिका से शैक्षणिक सत्रों का संचालन सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. शितांशु, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. शास्वत सक्सेना, डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. अमित मदान, डॉ. नईम, डॉ. अमित अग्रवाल तथा डॉ. तन्वी पालिवाल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इनके योगदान से कार्यक्रम अधिक सुव्यवस्थित, संवादात्मक और शैक्षणिक दृष्टि से समृद्ध बना।

प्रेस वार्ता के दौरान डॉ. राजीव गोयल ने स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य, आधुनिक तकनीकों की भूमिका तथा चिकित्सा समुदाय और जनस्वास्थ्य को सशक्त बनाने में आईएमए के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आईएमए लखनऊ ने इस सफल एवं ज्ञानवर्धक आयोजन के लिए सभी वक्ताओं, अध्यक्षों, मॉडरेटर्स, प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जांच एजेंसियों के रडार पर एक बार फिर कुशीनगर का रिजवान

- दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और यूपी एटीएस की संयुक्त कार्रवाई
- पडरौना से हिरासत में लेकर ट्रांजिट रिमांड पर ले गई टीम
- जेल से छूटने के बाद फिर संदिग्ध गतिविधियों में सक्रिय होने का शक, मोबाइल-लैपटॉप समेत कई उपकरण जब्त

**नाम :** रिजवान अहमद
**निवास :** सिसवा मठिया गांव, कसया थाना क्षेत्र, कुशीनगर
**पहली गिरफ्तारी :** 22 जनवरी 2016
**मामला :** आईएसआईएस नेटवर्क से संपर्क
**जेल से रिहाई :** 2023
**हालिया कार्रवाई :** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल व यूपी एटीएस द्वारा हिरासत



**'ऑपरेशन सात कलश' के तहत सात शहरों में धमाकों की साजिश**
एनआईए और एटीएस की जांच में सामने आया था कि आतंकियों ने 'ऑपरेशन सात कलश' के तहत देश के सात प्रमुख स्थानों पर बम धमाकों की साजिश रची थी। इस नेटवर्क में रिजवान अहम कड़ी माना गया था। वह यूपी के अलावा हैदराबाद, पुणे और बेंगलुरु के संदिग्धों के संपर्क में था। जांच में यह भी सामने आया कि साजिश को अंजाम देने के लिए उसे एक लाख रुपये नकद दिए गए थे।

**सीआईए की सूचना से खुला था नेटवर्क**
अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की सूचना के बाद इस पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ था। डिजिटल संचार की जानकारी मिलने के बाद एजेंसियों ने 22 जनवरी 2016 को अभियान चलाकर रिजवान समेत 14 संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। उस समय वह कुशीनगर के वार्ड-24 सुभाषनगर में किराए के मकान में रहता था।

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** करीब एक दशक पहले आतंकी कनेक्शन के आरोप में जेल जा चुके कुशीनगर के रिजवान अहमद एक बार फिर जांच एजेंसियों के रडार पर आ गया है। शनिवार देर रात दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और यूपी एटीएस की संयुक्त टीम ने पडरौना कोतवाली क्षेत्र के छावनी के राईनी मोहल्ले में दबिश देकर उसे हिरासत में ले लिया और ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

सूत्रों के मुताबिक खुफिया एजेंसियों को इनपुट मिल रहे थे कि जेल से छूटने के बाद रिजवान फिर से संदिग्ध गतिविधियों में सक्रिय हो गया है। जांच एजेंसियां उसके डिजिटल साक्ष्यों की पड़ताल कर रही हैं। टीम ने मौके से उसका मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं, जिनमें संदिग्ध संपर्कों के प्रमाण मिलने की संभावना जताई जा रही है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार रिजवान के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा 4/5 सहित कई धाराओं में मामला दर्ज है और वह वांछित चल रहा था। जांच एजेंसियों को यह भी जानकारी मिली है कि वह अक्सर अंतरराष्ट्रीय कॉल करता था। सूत्रों का कहना है कि जेल से बाहर आने के बाद वह सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को कट्टरपंथ की ओर प्रभावित करने की कोशिश कर रहा था और पुराने नेटवर्क को दोबारा सक्रिय करने की जुगत में था।

**फेसबुक से आईएसआईएस आतंकियों से जुड़ा था रिजवान :** वर्ष 2016 में बुद्ध इंटर कॉलेज का छात्र रहते हुए रिजवान अहमद उस समय चर्चा में आया था जब उसके तार सीरिया में बैठे आईएसआईएस आतंकियों से जुड़े पाए गए थे। जांच एजेंसियों के अनुसार फेसबुक के माध्यम से उसकी पहचान सीरिया के कुख्यात आतंकी यूसुफ से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच ई-मेल और व्हाट्सएप के जरिए लगातार संपर्क बना रहा और वह आतंकी नेटवर्क के प्रभाव में आ गया।

**जेल से छूटने के बाद किराने की दुकान की आड़ :** सजा पूरी कर 2023 में जेल से बाहर आने के बाद रिजवान ने पडरौना के छावनी क्षेत्र में किराने की दुकान खोल ली थी। पुलिस के अनुसार वह सामान्य दुकानदार की तरह व्यवहार करता था, ताकि किसी को उस पर शक न हो। हालांकि सूत्रों का कहना है कि दुकान की आड़ में वह युवाओं से संपर्क बनाए रखता था और डिजिटल माध्यम से पुराने नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

**पिता बोले, गलती की है तो सजा मिले :** रिजवान के पिता निजामुद्दीन, जो लेखपाल पद से सेवानिवृत्त हैं, ने कहा कि हमारा परिवार देश से प्रेम करने वाला है। यदि बेटे ने कोई गलती की है तो उसे कानून के अनुसार सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने मामले में अधिक जानकारी होने से इनकार किया।

# अग्निकांड की घटनाओं पर रोक के लिए डीएम की एडवाइजरी जारी, सतर्कता बरतने की अपील

**अवधनामा ब्यूरो**

**आपातकालीन संपर्क नंबर**
**फायर ब्रिगेड** - 101/100
**मुख्य अग्निशमन अधिकारी** - 9454418378
**फायर स्टेशन रविन्द्रनगर** - 9454418801
**तमकुहीराज** - 9454418805
**खड्डा** - 944418803
**कप्तानगंज** - 8299700618
**विद्युत विभाग कंट्रोल रूम** - 7054177824
**जिलाधिकारी कंट्रोल रूम** - 05564-240590
**टोलफ्री** - 1077

**कुशीनगर।** गर्मी के मौसम में संभावित अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण महेन्द्र सिंह तंवर ने जनमानस से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी और पछुआ हवाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे घर, खेत-खलिहान और जान-माल को भारी नुकसान होता है। छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर इन घटनाओं को रोका जा सकता है।

जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की कि कटाई के बाद खेतों में बचे डंठलों (पराली) में आग न लगाएं। खेतों में लगे ट्रांसफार्मरों के आसपास लगभग 10म10 फीट तक साफ-सफाई रखें, ताकि विद्युत फॉल्ट या तारों से निकलने वाली चिंगारी से फसल को नुकसान न पहुंचे। ढीले बिजली तारों की सूचना तुरंत विद्युत विभाग को दें तथा शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए समय-समय पर वायरिंग की मरम्मत कराएं। उन्होंने आमजन से कहा कि जलती माचिस, बीड़ी या सिगरेट इधर-उधर न फेंकें। खाना बनाते समय ढीले या पॉलिस्टर के कपड़े न पहनें, बल्कि सूती कपड़ों का प्रयोग करें। माचिस और लाइटर बच्चों की पहुंच से दूर रखें तथा रसोईघर में आग बुझाने के लिए बालू, मिट्टी और पानी की व्यवस्था रखें। यदि रसोई फूस की हो तो दीवारों पर मिट्टी का लेप करें और गर्मियों में भोजन प्रातः 9 बजे से पहले तथा शाम 6 बजे के बाद ही बनाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि हवन आदि धार्मिक कार्य सुबह 9 बजे से पहले ही करें। मवेशियों के पास पर्याप्त पानी की व्यवस्था रखें और निगरानी बनाए रखें। सार्वजनिक स्थानों, बसों और ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। यदि कहीं आग लगती है तो सामुदायिक सहयोग से बुझाने का प्रयास करें और तुरंत फायर ब्रिगेड व प्रशासन को सूचना दें। अंत में जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और अग्निकांड की घटनाओं को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें।

# 10 अप्रैल को कुशीनगर आएंगे बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष



सीएचसी मोतीचक में तैयारी बैठक करते स्वास्थ्यकर्मी

- सीएचसी मोतीचक में बैठक कर सम्मान समारोह की तैयारियों पर हुई चर्चा
- स्वास्थ्य कर्मियों से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** जनपद में आगामी 10 अप्रैल को बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन पुरुष एवं महिला संगठन के प्रदेश अध्यक्षों का आगमन होगा। उनके स्वागत एवं सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर सीएचसी मोतीचक में जनपद के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद संगठन के अध्यक्ष ध्रुव शर्मा एवं महिला संगठन की अध्यक्ष ममता मिश्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि जनपद कुशीनगर में पहली बार प्रांतीय स्तर के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय तिवारी और मीरा पासवान का आगमन हो रहा है। इस अवसर पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए एकता और जागरूकता सबसे बड़ा उदाहरण होती है। ऐसे कार्यक्रम संगठन को और मजबूत बनाने का काम करते हैं। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रतिमा सिंह, मंत्री सत्यप्रकाश रावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष दुबे, संप्रेक्षक सुमित श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार मद्धेशिया, आदित्यनाथ सिंह सहित सीएचसी मोतीचक के सभी पुरुष एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेपाल के बुटवल में रोटरी क्लब कुशीनगर व बुटवल डाउन टाउन की अंतरराष्ट्रीय बैठक




नेपाल के बुटवल में बैठक करते कुशीनगर रोटरी क्लब

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** रोटरी क्लब कुशीनगर (डिस्ट्रिक्ट 3120) और रोटरी क्लब बुटवल (डिस्ट्रिक्ट 3292) के बीच नेपाल के बुटवल में एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों क्लबों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान दोनों क्लबों के बीच आपसी सहयोग, सामाजिक सेवा गतिविधियों तथा भविष्य में संयुक्त रूप से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही समाजहित में मिलकर कार्य करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपसी समन्वय को और मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया। बैठक में रोटरी क्लब कुशीनगर की ओर से अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, अखिलेश शर्मा, सुनीता सिंह, आशा शर्मा और अनुभव सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं रोटरी क्लब बुटवल डाउन टाउन की ओर से अध्यक्ष बाबूराम बनजाडे, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र ढकाल, पूर्व अध्यक्ष जीवन प्रसाद अधिकारी, अध्यक्ष निर्वाचित धर्म दत्ता ग्यावली, क्लब एडमिन चेयर कमल नेपाल, सचिव केशव बश्याल और सचिवालय सचिव तिलक अधिकारी मौजूद रहे।

# सेवरही नगर आगमन पर विधायक का जोरदार स्वागत



**अवधनामा संवाददाता**

- विकास कार्यों की स्वीकृति पर स्थानीय लोगों ने जताया आभार

**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा पिपराघाट अंतर्गत बांसी नदी के गोला घाट पर बहुप्रतीक्षित दीर्घ सेतु निर्माण तथा नगर पंचायत सेवरही बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद सेवरही नगर में विधायक डॉ. असीम कुमार के आगमन पर स्थानीय लोगों व कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि यह सम्मान क्षेत्रवासियों के स्नेह, विश्वास और सहयोग का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जनता के इस प्रेम और आशीर्वाद से जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अधिक मजबूत हुई है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सेवरही रमेश ब्याहुत, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद सिंह, मंडल महामंत्री चंद्रशेखर कुशवाहा, रामजी कसेरा, मंडल उपाध्यक्ष श्रीकांत सिंह, मंडल मंत्री अजय चौबे, धर्मेंद्र भारती, जगरनाथ यादव, सुनील आर्या सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने विकास कार्यों की स्वीकृति को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए विधायक के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इसी तरह क्षेत्र के समग्र विकास की अपेक्षा जताई।

# कुशीनगर जिले में स्कूल वाहनों की होगी ऑनलाइन निगरानी

**अवधनामा संवाददाता**

- बिना फिटनेस स्कूल वाहन चलाने पर होगी कार्रवाई
- UP-ISVMP पोर्टल पर अनिवार्य हुआ पंजीकरण

**सेवरही, कुशीनगर।** जनपद में संचालित सभी परिषदीय, मान्यता प्राप्त एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के वाहनों की अब ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पत्र जारी कर सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विद्यालयों में संचालित वाहनों का विवरण UP Integrated School Vehicle Management Portal (UP-ISVMP) पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। बीएसए रामजियावन मौर्य द्वारा जारी इस निर्देश से स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

जारी निर्देश के अनुसार परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित यह पोर्टल 1 अप्रैल 2026 से लागू हो चुका है। इसके माध्यम से विद्यालयों के वाहनों का पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन तथा सुरक्षा मानकों का अनुपालन ऑनलाइन मॉनिटर किया जाएगा, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बीएसए ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि कुछ विद्यालय बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र के ही वाहनों का संचालन कर रहे हैं। साथ ही, अनधिकृत वाहनों से छात्रों को लाने-ले जाने की भी शिकायतें मिली हैं, जो गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है।

उन्होंने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया है कि वे तत्काल अपने वाहनों का पूरा विवरण पोर्टल पर अपलोड करें तथा संबंधित परिवहन अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी को भी उपलब्ध कराएं। भविष्य में यदि बिना फिटनेस या अनधिकृत वाहन संचालन पाया जाता है अथवा कोई दुर्घटना होती है, तो संबंधित विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाध्यापक को जिम्मेदार मानते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


# चोरी के आभूषण, नकदी व मोबाइल के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही पुलिस ने चोरी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आभूषण, नकदी व मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार थाने पर दर्ज मुकदमे के मामले में कार्रवाई करते हुए सुहैल आलम पुत्र रहीम आलम निवासी ठवई टोला बसडीला खुर्द थाना तमकुहीराज को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक चौटी, एक जोड़ी पायल (सफेद धातु), 730 रुपये नकद तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेज दिया है।

**दो वारंटियों को दबोचा :** वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सेवरही पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। वारंटी अभियुक्त संजय चौरसिया पुत्र अमावस प्रसाद निवासी रामलीला मैदान थाना कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार किया गया।

# आरओ / एआरओ परीक्षा में मारी बाजी

- शिवांशु को छठी और शिवम को मिली दसवीं रैंक





**अवधनामा संवाददाता**

**मुंशीगंज (अमेठी)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ / एआरओ परीक्षा 2023 के परिणाम में अमेठी के दो युवाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की टॉप-10 सूची में जगह बनाई है। दोनों का चयन समीक्षा अधिकारी पद पर हुआ है जिससे जिले में खुशी का माहौल है। भेटुआ विकासखंड के शिवगढ़ जलालपुर ग्राम पंचायत के संड़िला गांव निवासी शिवांशु शर्मा ने प्रदेश में छठी रैंक हासिल की है उनके पिता राम सजीवन शर्मा आवास विकास विभाग से सेवानिवृत्त ड्राइंग इंजीनियर हैं। जबकि माता सावित्री शर्मा गृहिणी हैं। शिवांशु ने वर्ष 2020 से तैयारी शुरू की और लखनऊ में रहकर ऑनलाइन अध्ययन के माध्यम से यह सफलता हासिल की। इससे पहले उनका चयन भारतीय स्टेट बैंक में क्लर्क और भारतीय रेलवे में स्टेशन मास्टर पद पर भी हो चुका है। उनका लक्ष्य आगे चलकर आईपीएस अधिकारी बनना है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने ईश्वर की कृपा माता-पिता के आशीर्वाद और परिवार के सहयोग को दिया। उनकी उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है और ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। इसी क्रम में पड़ोसी ग्राम पंचायत टिकरी के श्री का पुरवा निवासी शिवम शुक्ला ने भी प्रदेश में दसवीं रैंक प्राप्त की है। उनके पिता विनोद शुक्ला रणछोर इंटर कॉलेज के प्रबंधक हैं जबकि माता वृजलेश शुक्ला गृहिणी हैं। शिवम ने इलाहाबाद में रहकर कोचिंग के जरिए तैयारी की और सफलता हासिल की। शिवम की इस उपलब्धि पर गांव में उत्सव जैसा माहौल है। मनोज शुक्ला धीरेंद्र शुक्ला प्रमोद शुक्ला और अंकित तिवारी समेत कई लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# डीएम ने की जनसुनवाई

**अमेठी।** कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद राजस्व विकास चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# 'स्कूल चलो अभियान' के तहत बहुआस में रैली, बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का दिया संदेश



**मथौली, कुशीनगर।** विकासखंड मोतीचक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बहुआस में सोमवार को 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य क्षेत्र के सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा अभिभावकों को बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करना था। रैली को नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली बहुआस से प्रारंभ होकर नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 8 इंदिरा नगर तक निकाली गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने 'सब पढ़ें, सब बढ़ें', 'बेटी पढ़ाओ, देश बढ़ाओ' और 'शिक्षा है अधिकार, इसे न करें इंकार' जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान शिक्षकों ने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए सभी बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवरंग सिंह ने वार्षिक उत्सव के अंतर्गत बच्चों को उनके रिपोर्ट कार्ड वितरित किए तथा नामांकन दिवस पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व मेडल देकर सम्मानित किया।

## समीक्षा अधिकारी पद पर चयनित हुए अरुण कुमार गुप्ता

**कुशीनगर।** कसया तहसील के ग्राम बकनहा निवासी अरुण कुमार गुप्ता का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में समीक्षा अधिकारी पद पर हुआ है। उनकी नियुक्ति सचिवालय, लखनऊ में होगी। अरुण ने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर से एम.टेक किया है तथा दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की। वर्तमान में वे गोरखपुर के वैदिक IAS संस्थान में अध्यापन कार्य कर रहे थे। उनके पिता ओम प्रकाश गुप्ता गन्ना विभाग से सहायक निदेशक पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि माता कमला गुप्ता सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय हैं। उनके छोटे भाई डॉ. आलोक कुमार गुप्ता भारत सरकार में वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं। अरुण अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, स्वर्गीय दादा व मित्रों को देते हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत, धैर्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण से सफलता मिलती है।

# प्रतिष्ठानों पर तौल, गुणवत्ता आदि के संबंध में बोर्ड, पोस्टर आदि लगाकर उपभोक्ताओं को जानकारी दे : प्रतिपाल सिंह

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** मा. न्यायाधीश उपभोक्ता परिषद अमरजीत वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टेट्र सभागार में जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखना परिषद का मुख्य उद्देश्य है। न्यायिक हित में प्रत्येक नागरिक जिम्मेदारी से प्रमाणिक गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं का उपभोग करें तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। शासन स्तर पर स्थापित जिले का यह न्यायपीठ उपभोक्ताओं के लिए सरलतापूर्वक न्याय दिलाने में सक्षम है। कार्यकारिणी में सम्मिलित विभागीय अधिकारीगण, स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि, व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि आपसी समन्वय से उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने हेतु तत्परतापूर्वक कार्य करें। कहा कि जनपद स्तर पर जिला प्रशासन उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने में अपेक्षित सहयोग कर रहा है। अभी भी व्यापक स्तर पर जनजागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है, जो मीडिया एवं अन्य संगठनों के द्वारा किया जा रहा है। किसी भी उपभोक्ता को न्याय दिलाना परिषद की प्राथमिकता है।

अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता खुद जागरूक हो, इसके लिए व्यापारीबन्धु अपने प्रतिष्ठानों पर तौल, गुणवत्ता आदि के संबंध में बोर्ड, पोस्टर आदि लगाकर उपभोक्ताओं को जानकारी दे सकते है तथा मानकीकृत सामानों का विक्रय करें। उन्होने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि, बाट-माप को भी इस समिति में जोड़ा जाय। इसी क्रम में भावेश कुमार पाण्डेय, जगदीश अग्रहरि, विजय कुमार त्रिपाठी, संजीव भट्टाचार, अरविन्द्र चौधरी, जयप्रकाश यादव एवं मनोज कुमार ने भी उपभोक्ताहित में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सदस्य मध्यस्थ जिला उपभोक्ता न्यायालय महादेव प्रसाद दुबे ने किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त, पीडी राजेश कुमार, एसीएमओ डा. ए.के. चौधरी, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, जिला कृषि अधिकारी बी.आर. मौर्य, जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला, एआरटीओ माला बाजपेयी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, कर अधिकारी नगरपालिका, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# समाजवादियों ने निषादों के राजा गुह्य, महर्षि कश्यप को जयंती पर किया नमन

**बस्ती।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर निषादों के राजा गुह्य, महर्षि कश्यप को उनकी जयंती पर याद किया गया। सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम और पार्टी की मासिक बैठक में महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि निषाद वंश के ऋृंगवेरपुर के राजा गुह्य ने वनवासकाल में श्रीराम राम,सीता तथा लक्ष्मण को अपने नगर में रात्रि विश्राम का आश्रय देने के साथ ही केवटराज से गंगा पार करवाया था। वहीं ऋषि कश्यप का समाज निर्माण में विशेष योगदान रहा। कहा कि हमें अपने महापुरूषों से प्रेरणा लेनी चाहिये। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती और सपा के नीति कार्यक्रम को पहुचाने के लिये निरन्तर कार्य हो और पात्रों को मदद, अन्याय के मुखर विरोध का सिलसिला जारी रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, कविन्द्र चौधरी अतुल' राजाराम यादव, दयाशंकर मिश्र आदि ने कहा कि निषादराज निषादों के राजा का उपनाम है।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** थाना नगर पुलिस, स्वत टीम व सर्विलांस की टीम ने संयुक्त कार्यवाही में विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के दो आरोपियों को वीजा की 10 छाया प्रति, 9 पासपोर्ट और 5500 के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी बिहार राज्य के पूर्वी चंपारण जिला के निवासी बताए गए हैं। आरोपी जहांगीर अंसारी पुत्र निजाम अंसारी व आजाद अंसारी पुत्र नईम अंसारी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे घनी बस्ती में किराये का रुम लेकर आफीस बनाते है और विदेश भेजने हेतु पम्पलेट छपवाकर क्षेत्र में बांट/चस्पा कर देते हैं। जो लोंग आते है उनसे पासपोर्ट और प्रति व्यक्ति 1.5 लाख रुपया लेते है,जब 8-10 लोग हो जाते है तो फर्जी बिजा बनवाकर दिल्ली तक भेजते है जहां लोगों को फर्जी विजा होने के कारण वापस कर दिया जाता है, और इधर ये लोग उनका पासपोर्ट लेकर भाग जाते है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह, स्वत प्रभारी निरीक्षक विकास यादव, उ0नि0 श्री मो0 मुस्तफा, का0 साहब कुमार थाना नगर, हे0का0 इरशाद खाँ, अभय उपाध्याय, शिवम यादव, का0 चन्दन भारती, का0 विजय यादव स्वत टीम, हे0का0 सत्येन्द्र सिंह सर्विलांस सेल शामिल रहे।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **28.04.2026** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल **ireps** पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | **00322026 दिनांक: 04.04.2026** | | |
| निविदा संख्या | 02-Sr-DEN-C-LKO-2026-27 | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन में, 60/52 Kg रेलों की लूप लाइनों को SWR/LWR में बदलने के लिए, 'रेल–कम–रोड मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट' का उपयोग करके, मौके पर ही या 'सेस' (cess) पर 'फ्लैश बट वेल्डिंग' का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 25,81,59,102.53 | धरोहर राशि | ₹ 51,63,200.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 14.04.2026 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.04.2026, 15:00 बजे |
| बेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1128/2026

# विज्ञान और जनभागीदारी से टीबी मुक्त समाज की ओर बढ़ रहा बहराइच

- जिले में 6347 मरीजों का चल रहा उपचार
- एआई युक्त पोर्टेबल एक्स-रे व आधुनिक मशीनों से तेज़ जांच



**बहराइच।** विश्व स्वास्थ्य दिवस इस वर्ष डबल्यूएचओ की थीम 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट हों, विज्ञान के साथ खड़े हों' पर केंद्रित है। टीबी जैसी गंभीर बीमारी के संदर्भ में यह संदेश विशेष महत्व रखता है। टीबी केवल चिकित्सकीय नहीं, बल्कि पोषण, स्वच्छता, सामाजिक परिस्थितियों और जागरूकता से जुड़ी बहुआयामी जनस्वास्थ्य चुनौती है। विशेषज्ञों के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं के साथ सामाजिक सहयोग का समन्वय ही इसके प्रभावी नियंत्रण की कुंजी है।

**तकनीक से तेज हुई पहचान-डॉ एमएल वर्मा-** जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एमएल वर्मा के अनुसार जिले के सभी सीएचसी और जिला स्तर पर स्थापित 18 सीबीनाट व ट्रूनेट मशीनों से कुछ ही घंटों में टीबी और दवा-प्रतिरोधी टीबी की पहचान संभव हो रही है। प्रतिदिन लगभग 175 संभावित मरीजों की जांच की जा रही है। इसके अलावा चार एआई आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों से दूरदराज क्षेत्रों तक जांच सुविधा पहुंचाई जा रही है। वहीं निक्षय पोर्टल के माध्यम से उपचाररत 6347 मरीजों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि कोई भी मरीज बीच में इलाज न छोड़े।श्री वर्मा के अनुसार कुपोषण से रोग-प्रतिरोधक क्षमता घटती है, इसलिए उपचाररत मरीजों को हर महीने 1,000 रुपये की पोषण सहायता दी जा रही है। जिले में अब तक 3193 निक्षय मित्र पंजीकृत हुए हैं, जिनमें से वर्तमान में 1011 मरीजों को गोद लेकर उनके उपचार में सहयोग दिया जा रहा है। इसके अलावा इस वर्ष 56 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गई हैं जिनमें से 14 पंचायतों ने दूसरी बार टीबी मुक्त होने का दर्जा हासिल किया है। यह पहल टीबी नियंत्रण को सामाजिक सहभागिता का रूप दे रही है। इसके अलावा टीबी चैंपियन' बदल रहे सामाजिक सोच जिले में उपचार पूर्ण कर स्वस्थ हो चुके 432 टीबी चैंपियन ग्रामीण और जोखिम क्षेत्रों में जागरूकता फैलाकर भ्रांतियों और भेदभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके अनुभव लोगों को समय पर जांच और नियमित दवा लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डॉ. एम.एल. वर्मा के अनुसार देर से जांच, कुपोषण, सामाजिक कलंक, दवा बीच में छोड़ना और सीमावर्ती क्षेत्रों से पलायन अभी भी प्रमुख चुनौतियाँ हैं। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि बेहतर पोषण, स्वच्छता, हवादार आवास, शिक्षा और सामुदायिक सहयोग को 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण के तहत जोड़कर ही टीबी उन्मूलन की दिशा को और मजबूत किया जा सकता है।

## डीएम ने दिए पोस्टमार्टम हाउस की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** आधुनिक पोस्टमार्टम हाउस में मूलभूत सुविधाओं को लेकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को सख्त रुख अपनाया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छाया, पेयजल और बैठने की व्यवस्था में कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को 15 दिन के भीतर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्पष्ट कहा कि यहां आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पेयजल स्थल पर स्पष्ट सूचना पट लगाने, पर्याप्त छाया की व्यवस्था करने और परिसर में टाइल्स लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही बैठने के लिए शेड निर्माण और कुर्सियों की व्यवस्था को प्राथमिकता पर पूरा कराने को कहा। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम हाउस पर आने वाले लोग पहले से ही दुखद परिस्थितियों में होते हैं, ऐसे में उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। सभी जरूरी व्यवस्थाएं तय समय सीमा के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा डीएम ने शवों के सुरक्षित संरक्षण के लिए फ्रीजर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को भी निर्देशित किया कि कार्यवाही के दौरान व्यवस्थाओं का समुचित संचालन बना रहे। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, एसीएमओ समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027 दिनांक : 06/04/2026

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 07-04-2026 से 15-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 16-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 11:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**रामधनी कनौजिया**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. रसूलपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**आरती मौर्या**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. रसूलपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सेलखापुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027 दिनांक : 06/04/2026

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 07-04-2026 से 15-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 16-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 11:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**प्रमोद कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. सेलखापुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**रत्नेश सोनकर**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. सेलखापुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027 दिनांक : 06/04/2026

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 07-04-2026 से 15-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 16-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 11:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**लालमनी सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. जगदीशपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**ममता प्रजापति**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. जगदीशपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत फरीदपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2026-2027 दिनांक : 06/04/2026

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2026-27 मनरेगा/वी0बी0-जी0 राम जी/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 07-04-2026 से 13-04-2026 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 15-04-2026 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 11:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, आंगनवाड़ी | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सरिता यादव**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. फरीदपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**ममता प्रजापति**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. फरीदपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# एमनीव विज़न स्कूल, इटावा में विद्या शुभारम्भ पर बच्चों को मिला अनमोल उपहार एमनीव एक्सप्रेस

वहाज अली निहाल





**इटावा।** एमनीव विज़न स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर विद्या शुभारम्भ कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों ने सबसे पहले माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर अपने ज्ञानार्जन की यात्रा की मंगल शुरुआत की।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मंदिर में जाकर माँ सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद बच्चों ने अपने बारे में छोटी-छोटी बातें साझा कीं और अपने शिक्षकों के बारे में भी जाना। इस गतिविधि से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ा और विद्यालय के प्रति अपनापन भी विकसित हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से छोटे बच्चों को एक अनोखा और आकर्षक उपहार एमनीव एक्सप्रेस के रूप में प्रदान किया गया। 'एमनीव एक्सप्रेस' एक सुंदर टॉय ट्रेन है, जिसे विशेष रूप से बच्चों के आनंद और सीखने के लिए विद्यालय में स्थापित किया गया। ट्रेन को विद्यालय में शुरू करने से पहले विधिवत पूजा-अर्चना की गई। जब बच्चों ने एमनीव एक्सप्रेस को देखा तो उनका उत्साह मानो *आसमान छूने लगा। नन्हे विद्यार्थियों ने इस टॉय ट्रेन में बैठकर सफर का आनंद लिया और बेहद खुश नजर आए। यह उपहार बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का साधन बना, बल्कि विद्यालय आने के प्रति उनका उत्साह भी और बढ़ा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा की शुरुआत यदि आनंद और उत्साह के साथ हो तो बच्चे सीखने के प्रति अधिक प्रेरित होते हैं। ऐसे नवाचारपूर्ण प्रयास बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, शिक्षकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों के साथ इस सुखद पल को साझा किया।

एमनीव एक्सप्रेस बच्चों के लिए एक यादगार उपहार बनकर सामने आई, जिसने उनके पहले विद्यालय दिवस को और भी रोमांचक और आनंदमय बना दिया।

# मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तैयारियों की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** रोल आर्ब्जवर/ मंडलायुक्त, मिर्जापुर राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत अंतिम प्रकाशन की अनुमति प्राप्त किए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रोल आर्ब्जवर/ मण्डलायुक्त विन्ध्याचल द्वारा मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से पूर्व की समस्त तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उन्होने जिला निर्वाचन अधिकारी से 10 अप्रैल को अन्तिम मतदाता सूची प्रकाशन की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी ली जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी0एन0 सिह द्वारा बताया गया कि दिनांक 10.04.2026 को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को फाइनल प्रकाशित मतदाता सूची उपलब्ध कराने की व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है बैठक के दौरान उन्होने कहा कि मतदाता सूची को अंतिम रूप देने से पूर्व प्राप्त सभी शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कर ली गयी है, बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा निर्धारित फॉर्मेट 1 से 8 के अंतर्गत सांख्यिकीय विश्लेषण (स्टैटिस्टिकल एनालिसिस) कराए जाने तथा मतदाता सूची को हर दृष्टि से सही पाए जाने की स्थिति की समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त ने मतदाता सूची की प्रिंटिंग हेतु पीडीएफ तैयार करने, तथा अंतिम प्रकाशन के उपरांत पोलिंग स्टेशन, ई0आर0ओ0 कार्यालय, डी0ई0ओ0 कार्यालय एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर मतदाता सूची उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, बैठक में नव नामांकित मतदाताओं के ई0पी0आई0सी0 कार्ड (मतदाता पहचान पत्र) की प्रिंटिंग एवं वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा लंबित कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। रोल आर्ब्जवर /माण्डलायुक्त विन्ध्याचल ने निर्देशित किया कि जनपद में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन निर्धारित समयसीमा में पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी जगृति अवस्थी, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह, उप जिलाधिकारी घोरावल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल सहित सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# संयुक्त प्रेस क्लब की बैठक में साठ से अधिक पत्रकारों ने सदस्यता ग्रहण की

वहाज अली ख़ान(निहाल)



**इटावा।** संयुक्त प्रेस क्लब इटावा (उत्तर प्रदेश) की कार्यकारिणी की पूर्व निर्धारित बैठक रविवार को प्रेस क्लब भवन (सूचना कार्यालय)के सभागार में हुई, जिसमें प्रेस/मीडिया से जुड़े साठ से अधिक पत्रकारों ने क्लब की सदस्यता ग्रहण करने के लिए फॉर्म भरे और पत्रकार हित में कदम से कदम मिलाकर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संयुक्त प्रेस क्लब की ओर से डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, इटावा के चुनाव में हाल में निर्वाचित हुए अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी एडवोकेट, महामंत्री नितिन तिवारी एडवोकेट एवं कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी एडवोकेट का माल्यार्पण कर तथा अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत एवं सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर मीडिया के साथियों का मार्गदर्शन करने हेतु उपस्थित हुए वरिष्ठ पत्रकार तथा क्लब के संरक्षक गणेश ज्ञानार्थी ने कहा कि लगभग तीन दशक पूर्व संयुक्त प्रेस क्लब गठित करने का जो संकल्प लिया गया था, वह आज फिर पत्रकार एकता का एक नया सोपान स्थापित कर आगे बढ़ने जा रहा है, जिसके लिए संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्र और उनकी कार्यकारिणी के सभी समर्पित एवं जुझारू साथी बधाई के पात्र हैं। निश्चित रूप से हमारा यह संगठन पत्रकारिता के मानदंडों तथा पत्रकार हितों की दिशा में मील का पत्थर बनकर कार्य करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है और शुभकामनाएं भी। वरिष्ठ पत्रकार खादिम अब्बास ने कहा कि जो पत्रकार साथी और संगठन अपने पूर्वज और वरिष्ठ पत्रकारों का स्मरण करके आगे बढ़ेंगे, उन्हीं को यशस्वी सफलता हासिल होगी। इस अवसर पर उन्होंने स्व. पं. देवीदयाल दुबे, प्रताप सिंह चौहान, डा.नगेन्द्र द्विवेदी, लालाराम चतुर्वेदी, राम नारायण गुप्ता, जुनैद तैमूरी जैसे संघर्षशील, धाकड़ एवं जुझारू वरिष्ठ पत्रकारों का बड़े आदर के साथ स्मरण किया। सभागार में उपस्थित सभी पत्रकारों ने मीडिया के इन दिवंगत महारथियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पत्रकार और 'दैनिक सविका' का संचालन कर चुके सविका धर्मलाल चतुर्वेदी ने कहा कि पत्रकारिता अन्याय के खिलाफ संघर्ष का सबसे सशक्त माध्यम है, इसीलिए उसे सत्ता और ताकतवर लोगों द्वारा हमेशा दबाने की कोशिश की जाती है, लेकिन पत्रकार लुट पिट कर भी अपनी और समाज की पीड़ा के खिलाफ सदैव आवाज़ बुलंद करता रहता है। कार्यक्रम में संयुक्त प्रेस क्लब द्वारा सम्मान किए जाने के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डीबीए के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता और पत्रकार दोनों लोगों को न्याय दिलाने के लिए कार्य करते हैं, इसलिए हमारा आपका आत्मीय सामाजिक सम्बन्ध है।

## शराब ठेके से नकदी चोरी कर भाग रहे युवक को पीआरबी ने दबोचा

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के ग्राम दरियापुर स्थित देसी शराब ठेके से नकदी चोरी कर भाग रहे युवक को पीआरबी ने तत्परता दिखाते हुए पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई लगभग 25 हजार रुपये की नगदी बरामद कर उसे थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जाता है कि गांव से दूर खेतों में संचालित ठेके पर सोमवार दोपहर सेल्समैन के सो जाने का फायदा उठाकर महोबा जनपद के कबरई थाना क्षेत्र के बरबई निवासी रवि वर्मा अंदर घुस गया और बिक्री की नकदी लेकर भाग निकला। ठेके से युवक को भागते देख गांव निवासी गुलाब ने तत्काल पीआरबी को सूचना दी। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पीआरबी टीम ने कुंडौरा गांव के पास से आरोपी को दबोच लिया। थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

## गैस संकट के चलते शहरों में बढ़ी गांव के उपलों की मांग



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** शहरों में रसोई गैस की किल्लत बढ़ने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार होने वाले गोबर के उपलों की मांग तेजी से बढ़ गई है। हालात यह हैं कि कानपुर समेत कई शहरों के व्यापारी गांवों से उपले खरीदकर ले जा रहे हैं और ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। कानपुर से उपले खरीदने आए व्यापारियों अरशद खान और मनीष कुमार ने बताया कि गैस संकट के कारण शहरों में वैकल्पिक ईंधन की मांग बढ़ गई है। बुंदेलखंड के हमीरपुर, बांदा, जालौन और महोबा जनपदों के उपले बड़े आकार और अधिक टिकाऊ होने के कारण ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक माह में करीब 100 लोडर उपले यहां से कानपुर भेजे जा चुके हैं। गांवों में जहां एक सैकड़ा उपले 200 रुपये में मिल रहे हैं, वहीं शहर में इनकी कीमत 400 से 500 रुपये तक पहुंच गई है। उपलों की बढ़ती मांग से स्थानीय पशुपालकों में खुशी है। पशुपालकों का कहना है कि इससे उनकी आय में इजाफा हो रहा है और गोबर का बेहतर उपयोग भी हो रहा है।

## पत्नी के विरह में इंजीनियर ने फांसी लगाकर दी जान



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** इंगोहटा गांव में एक दर्दनाक घटना में पत्नी के मायके से वापस न आने से आहत एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मध्य प्रदेश की एक निजी कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। मृतक की मां राजेश्वरी के अनुसार उनका 28 वर्षीय पुत्र आशीष उर्फ बीरू रविवार रात अपने कमरे में सोने गया था, लेकिन सोमवार सुबह काफी देर तक बाहर नहीं निकला। जब परिजन कमरे में पहुंचे तो उसका शव छत के पंखे से साड़ी के सहारे लटका मिला। बताया गया कि युवक का विवाह एक वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन वैवाहिक जीवन में तनाव के चलते उसकी पत्नी मायके में रह रही थी। इसी कारण वह लंबे समय से मानसिक तनाव में था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी इंचार्ज मनीष पटेल ने बताया कि मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है।

## भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस, नेताओं ने रखे विचार



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर झंडारोहण एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद, विधायक समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति सहित कई नेताओं ने पार्टी की नीतियों और विचारधारा पर प्रकाश डाला। नेताओं ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और राष्ट्रवाद, सेवा व सुशासन की भावना के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** बिवांर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। निवादा गांव निवासी पिता ने बताया कि जब वह खेत में काम कर रहा था और उसकी पत्नी घर से बाहर थी, तभी मसगांव निवासी ऋषि अपने एक साथी के साथ उनकी बेटी को भगा ले गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन लड़की का पता नहीं चल सका। बाद में जानकारी मिली कि वह आरोपी के साथ गई है। परिजनों ने आशंका जताई है कि आरोपी लड़की के खाते में जमा 50 हजार रुपये का भी दुरुपयोग कर सकता है। थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## मण्डलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**सोनभद्र।** सीएम डैशबोर्ड के फ्लैगशिप कार्यक्रमों एवं जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में एवं प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मंडल आयुक्त विंध्याचल मंडल एवं नोडल अधिकारी राजेश प्रकाश ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेन्सीयों के अधिशासी अभियन्ता के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिये कि माननीय मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि जन शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो अतः सभी अधिकारी इस दिशा में पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए साथ ही पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत भी जल जीवन मिशन विभाग द्वारा प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए, जिन ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, वहां टैंकर से जलापूर्ति न कर, उसी योजना के माध्यम से नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# नॉर्दर्न रीजन क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन




अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में 6 अप्रैल 2026 को डॉ. बी.आर. आंबेडकर स्टेडियम में नॉर्दर्न रीजन क्रिकेट टूर्नामेंट (एनआर आईआरएसएम) 2025-26 का भव्य एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संदीप नाइक, कार्यकारी निदेशक (सिंगरौली) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एस.एन. पाणिग्रही, मुख्य महाप्रबंधक(मानव संसाधन) एवं क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख (एनआर एवं एसआर), संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल), च. किशोर कुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण, सिंगरौली) तथा पी.के. नायक, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण, रिहंद) सहित वरिष्ठ प्रबंधन टीम मौजूद रही। साथ ही डॉ. जनार्दन पांडेय, प्राचार्य (डीपीएस), विभागाध्यक्षों, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधियों, सीआईएसएफ अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) के स्वागत भाषण से हुआ, जिसके पश्चात दिवाकर कौशिक, सीईओ (एनएसपीसीएल) एवं आरईडी (एनआर) का प्रेरणादायक ऑडियो संदेश प्रसारित किया गया। इसके बाद ध्वजारोहण, एनटीपीसी गीत, मशाल प्रज्वलन एवं प्रतिभागी टीमों की भव्य मार्च-पास्ट ने समारोह को गरिमा प्रदान की। संदीप नाइक एवं संजीब कुमार साहा ने क्रमशः हिंदी एवं अंग्रेजी में खेल शपथ दिलाई, जिसमें अनुशासन, ईमानदारी एवं टीम भावना पर बल दिया गया। इस टूर्नामेंट में विंध्याचल, सिंगरौली, रिहंद, ऊंचाहार, टांडा, दादरी, मेजा एवं झज्जर सहित कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 11 अप्रैल 2026 तक डॉ. बी.आर. आंबेडकर स्टेडियम, विंध्यनगर एवं निगाही स्टेडियम, एनसीएल में किया जा रहा है। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण गणमान्य अतिथियों द्वारा टूर्नामेंट ट्रॉफी का अनावरण रहा। अपने संबोधन में साहा ने खेलों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल के विकास पर जोर दिया, वहीं एस.एन. पाणिग्रही ने खेलों से प्राप्त मूल्यों को दैनिक जीवन एवं कार्यस्थल पर अपनाने की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। अंत में विंध्याचल वॉरियर्स एवं टीम दादरी लीजेंड्स के बीच उद्घाटन मैच खेला गया। धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसने टूर्नामेंट की जोशीली शुरुआत को यादगार बना दिया।

## युवतियों को दिया जायेगा ब्यूटी पार्लर का निःशुल्क प्रशिक्षण

**हरदोई।** निदेशक आरसेटी विक्रांत ओझा ने बताया है कि बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जनपद के 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के बेरोजगार युवतियों के स्वरोजगार स्थापना हेतु ब्यूटी पार्लर का 35 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आवास तथा भोजन की सुविधा पूर्णतया निःशुल्क उपलब्ध है। प्रशिक्षण के साथ प्रशिक्षणार्थियों को मार्केट सर्वे, बिजनेस प्लान, उद्यमिता विकास, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा बैंकिंग की जानकारी भी प्रदान की जाती है। इच्छुक अभ्यर्थी शीघ्र संपर्क करें, सीट सीमित है।

आवश्यक दस्तावेजः-आधार कार्ड, हाईस्कूल मार्कशीट, स्वयं सहायता समूह/ राशन कार्ड/ मनरेगा कार्ड/की फोटो कापी तथा 4 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो।

# नगर पालिका सहित सभी नगर पंचायतों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में आज दिनांक-06 अप्रैल 2026 सोमवार को मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 2, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबर में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 3, समस्त निकायों में कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर मा0 सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

# अन्तर्राज्यीय गिरोह के 3 सदस्यों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना साइबर क्राइम व साइबर सेल पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में आईपीटीवी के माध्यम से अनाधिकृत प्रसारण करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 03 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। JIO HOT STAR कंटेंट की पायरेसी कर रहे अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का खुलासा हुआ। अभियुक्त जगदीश के बैंक खाते में 20 लाख रुपये फ्रीज कराये गए। व्हाट्सएप ग्रुप से BOS IPTV रैकेट चलाया जा रहा था जिसमें 900 यूजर्स जुड़े हुए हैं। QR कोड से वसूली, व बैंक खातों व पोस्ट ऑफिस में RD से मनी लॉन्ड्रिंग की जा रही थी। गिरोह के पास से 2 लैपटॉप, 3 मोबाइल, 8 पासबुक व भारी डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए। फेसबुक-व्हाट्सएप के जरिए नेटवर्क जुड़ा एवं पंजाब-राजस्थान तक गिरोह फैला हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में साइबर क्राइम एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम सेल व थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा थाना साइबर अपराध जनपद फिरोजाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 05/2026 धारा 318(4) बीएनएस, 66डी/43 आईटी एक्ट एवं 51/63 कॉपीराइट एक्ट में 03 अभियुक्तों पदम सिंह पुत्र श्रीनिवास निवासी नगला चूरा, थाना बसई मोहम्मदपुर, जनपद फिरोजाबाद, अशोक धीमान पुत्र रोशन लाल निवासी मांडवी, जिला संगरुर पंजाब, जगदीश कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ददरेवा, थाना राजगढ़, जिला चुरु राजस्थान को मुखबिर की सूचना पर विजयपुरा तिराहा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, लैपटॉप, और भारी मात्रा में जाली खातों की पासबुक व अन्य सामग्री बरामद की गयी। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से 2 लैपटॉप, 03 मोबाइल फोन, 08 डाकघर आरडी पासबुक, विभिन्न सिम कार्ड एवं मोबाइल नंबर, बैंक खातों, यूपीआई आईडी, QR कोड व डिजिटल ट्रांजेक्शन से संबंधित महत्वपूर्ण डाटा, व्हाट्सएप चैट, ग्रुप, स्क्रीनशॉट एवं IPTV एप्लिकेशन से संबंधित डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए। अपराध करने का तरीका अनोखा था। अभियुक्तगण द्वारा JIO HOT STAR नामक अवैध प्लेटफॉर्म के माध्यम से श्रप्व् भ्व्ज् जत् सहित विभिन्न टीवी चौनलों का अनधिकृत प्रसारण किया जा रहा था। व्हाट्सएप ग्रुप (लगभग 900 सदस्य) बनाकर ग्राहकों को जोड़ाकर, ग्राहकों को ऐप लिंक, यूजर आईडी व पासवर्ड उपलब्ध कराया जाता था। सब्सक्रिप्शन के नाम पर फत् कोड के माध्यम से पैसे वसूले जाते थे तथा प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैंक खातों, यूपीआई आईडी एवं पोस्ट ऑफिस आरडी खातों में ट्रांसफर कर लेयरिंग (उवदमल जतंपस छिपाने) की जाती थी।

## वार्षिकोत्सव में मेधावियों को किया गया सम्मानित




**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** विकासखंड ताखा के कंपोजिट विद्यालय बकौली में वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। मेधावियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय को गुब्बारों झंडियों आदि से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। बच्चों ने नारी शक्ति, बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ, इस देश की धरती सोना उगले, राम आयेंगे, दहेज प्रथा, जिस भजन में राम का नाम न हो जैसे कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाध्यापक अवधेश सिंह राठौर के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी मेधावियों को पुरुकृत किया गया। कक्षा 8 पास करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें नम आंखों से विदा किया गया गया। उड़ान तो भरनी ही है, पर जमीन से जुड़े रहना। अपनी जड़ों को न भूलना। अलविदा नहीं, बस मिलने की एक नई शुरुआत है कहते हुए प्रधानाध्यापक के आंसू छलकने लगे। कार्यक्रम में पधारे सभी अभिभावकों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन गीता दोहरे एवं प्रदीप पाल के द्वारा किया गया। दिनेश चौधरी एवं प्रदीप चौहान के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर सीमा, माधुरी, नीरज, महेंद्र शाक्य, पूरन सिंह समेत कई अभिभावक एवं एसएमसी सदस्य मौजूद रहे।

## एसएमजीआई बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष में अंशिका टॉपर



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** सर मदनलाल इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल (एसएमजीआई) के बीएससी नर्सिंग पंचम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता पुनःदोहराई है। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ द्वारा जारी परिणामों में एसएमजीआई के छात्रों का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा है छात्रा अंशिका दुबे ने 81 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है, वहीं अनुप्रिया ने भी 80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पलक यादव ने 79 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान और स्वार्थी ने 78 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। मेघा वर्मा 77 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान पर रहीं। इसी प्रकार से संजना, चारु यादव एवं मुस्कान रोशन ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर निदेशक डॉ उमाशंकर शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे बच्चों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का सुन्दर परिणाम बताया। संस्थान के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## एक बाइक पर छह सवार, वीडियो वायरल होने पर जांच शुरू



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिले में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक ही बाइक पर छह लोग सवार होकर हाईवे पर चलते नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में एक पुरुष, एक महिला और चार बच्चे एक ही बाइक पर बैठे दिखाई दे रहे हैं, जिसमें एक बच्चा हैंडल पर लटका हुआ नजर आता है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए बाइक सवारों की पहचान शुरू कर दी है। सोशल मीडिया सेल के अनुसार, पहचान होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ यातायात नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## ईसीएम चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन पकड़े



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** ट्रकों से इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल मॉड्यूल चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन ईसीएम और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी ट्रकों के कीमती पार्ट्स चुराकर बेचते थे। मामले में संबंधित धाराओं में वृद्धि करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

# प्रो. अली अहमद फ़ातमी प्रो. शारिब रुदौलवी अवॉर्ड से सम्मानित

■ ऑल इंडिया कैफ़ी आज़मी अकादमी में प्रोफेसर शारिब रुदौलवी मेमोरियल लेक्चर और अवॉर्ड समारोह आयोजित

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रो. शारिब रुदौलवी मेमोरियल कमेटी के तत्वावधान में ऑल इंडिया कैफ़ी आज़मी अकादमी (पेपर मिल कॉलोनी), निशातगंज में प्रो. शारिब रुदौलवी अवॉर्ड 2025 समारोह तथा प्रो. शारिब रुदौलवी मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध प्रगतिशील आलोचक प्रो. अली अहमद फ़ातमी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए तीसरा प्रो. शारिब रुदौलवी अवॉर्ड 2025 समारोह के मुख्य अतिथि जस्टिस सैयद क़मर हसन रिज़वी (जस्टिस, इलाहाबाद हाईकोर्ट लखनऊ बेंच) के हाथों प्रदान किया गया। इससे पहले प्रो. फ़ातमी के संबंध में डॉ. मूसी रज़ा (असिस्टेंट प्रो., ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती लैंग्वेज यूनिवर्सिटी, लखनऊ) ने प्रशस्ति-पत्र पढ़ा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अम्मार रिज़वी (पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश) ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. क़मर जहां (पूर्व अध्यक्ष, उर्दू विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) उपस्थित रहीं। संचालन का दायित्व प्रो. अब्बास रज़ा नैयर (अध्यक्ष, उर्दू विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ) ने निभाया और अपने रोचक अंदाज़, विशिष्ट शब्दावली और उपयुक्त टिप्पणियों से श्रोताओं को प्रभावित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत शुआ फ़ातिमा की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रगान से हुई। अतिथियों के सम्मान के बाद प्रो. रेशमा परवीन (अध्यक्ष, उर्दू विभाग, खुन-खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज, लखनऊ) ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि शारिब रुदौलवी अवॉर्ड उनकी जीवनकाल में ही शुरू करने की योजना थी, लेकिन उन्होंने इसकी अनुमति नहीं दी। उन्होंने बताया कि पहला प्रो. शारिब रुदौलवी अवॉर्ड प्रसिद्ध आलोचक प्रो. अतीक़ुल्लाह को दिया गया था, जबकि दूसरा अवॉर्ड हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष, उर्दू विभाग प्रो. सैयद मुजावर हुसैन रिज़वी को प्रदान किया गया था, और आज तीसरा अवॉर्ड प्रतिष्ठित प्रगतिशील आलोचक एवं शोधकर्ता प्रो. अली अहमद फ़ातमी (पूर्व अध्यक्ष, उर्दू विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) को दिया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रो. अली अहमद फ़ातमी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज प्रो. शारिब रुदौलवी अवॉर्ड प्राप्त कर उन्हें जितनी खुशी हो रही है, उतनी किसी अन्य अवॉर्ड से नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उनका शारिब रुदौलवी के साथ लगभग पचास वर्षों का साथ रहा है। उन्होंने कहा कि शारिब रुदौलवी ने न केवल हाली, आज़ाद और शिब्ली आदि की तार्किक और बौद्धिक आलोचना परंपरा को आगे बढ़ाया, बल्कि स्वयं भी एक अविस्मरणीय स्कूल बन गए।

उन्होंने कहा कि आधुनिकता के प्रतिघात और उत्तर-आधुनिकता की जटिल प्रक्रिया ने उर्दू आलोचना को उस मार्ग से भटका दिया, जिसे हाली से लेकर एहतेशाम हुसैन तक ने निर्मित किया था। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की आलोचना में आधुनिकता और उत्तर-आधुनिकता के विमर्शों की ही गूंज सुनाई देती है और इसका सृजन से संबंध कम हो गया है।

मुख्य अतिथि जस्टिस सैयद क़मर हसन रिज़वी ने अपने संक्षिप्त संबोधन में शारिब रुदौलवी के व्यक्तित्व को एक चुंबकीय व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि उनकी आलोचना में वही संतुलन है जो उनकी व्यक्तित्व की सौम्यता में दिखाई देता था।

दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. खालिद अशरफ ने 'प्रो. शारिब रुदौलवी और उनके आलोचनात्मक विचार' विषय पर अपने द्वारा लिखित 'शारिब रुदौलवी मेमोरियल लेक्चर' के कुछ अंश प्रस्तुत किए और उनकी व्यक्तित्व तथा आलोचनात्मक शैली पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शारिब रुदौलवी की पुस्तकों की संख्या सत्रह है, जिनमें 'जदीद उर्दू तनक़ीदः उसूल व नजरियात' को विशेष प्रसिद्धि प्राप्त हुई है और इसके अट्ठाईस संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। उनका दृष्टिकोण अत्यंत लोकतांत्रिक था, इसी कारण उनकी पुस्तकों और लेखों को उर्दू जगत में प्रतिष्ठा और लोकप्रियता प्राप्त हुई।

प्रो. खालिद अशरफ ने कहा कि शारिब रुदौलवी का मानना था कि साहित्य को वास्तविकताओं के परिप्रेक्ष्य में ही समझा जा सकता है, क्योंकि उसका जीवन से अटूट संबंध होता है। उन्होंने आगे कहा कि आलोचना के अतिरिक्त शारिब रुदौलवी की व्यक्तित्व अन्य साहित्यिक विधाओं में भी सक्रिय थी। उन्होंने ग़ज़लें, नज़्में, क़सीदे, क़ित्आत और दोहे भी लिखे तथा वरिष्ठ साहित्यकारों के साथ मुशायरों में भी भाग लिया। उन्होंने शारिब रुदौलवी की पहली ग़ज़ल (1946) का एक शेर भी पढ़ाः

'सदा तुझ को शारिब कोई दे रहा है,
बस उठ ऐ शराबी, बहार आ रही है।

'प्रो. खालिद अशरफ ने उर्दू आलोचना में शारिब रुदौलवी के स्थान के निर्धारण पर कहा कि साहित्य और आलोचना में मूल्यांकन गणितीय आँकड़ों की तरह वस्तुनिष्ठ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उनकी व्याख्यात्मक और शिक्षणपरक आलोचना ने उन्हें एक गैर-विवादास्पद, सर्वस्वीकार्य और संतुलित व्यक्तित्व प्रदान किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. रूपरेखा वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अक्सर प्रो. शारिब रुदौलवी से साहित्यिक विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त करती थीं। उन्होंने कहा कि वे एक आलोचक अवश्य थे, लेकिन उनकी कोमलता और मानवीयता ने उन्हें कठोर आलोचक बनने से रोके रखा।

डॉ. अम्मार रिज़वी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में शारिब रुदौलवी को याद करते हुए कहा कि उनका उनसे पचहत्तर वर्षों का साथ रहा है। उन्होंने कहा कि उनके साहित्यिक कार्यों के कारण जब तक उर्दू साहित्य रहेगा, तब तक प्रो. शारिब रुदौलवी का नाम भी जीवित रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रो. फ़ातमी और शारिब रुदौलवी एक ही आलोचनात्मक परंपरा के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और दोनों ही उन आलोचकों से भिन्न हैं, जिनकी लेखनी में आक्रामकता का तत्व प्रमुख होता है। उन्होंने प्रो. फ़ातमी को इस अवॉर्ड के लिए हार्दिक बधाई दी तथा अवॉर्ड समिति के सभी सदस्यों और उनके शिष्यों को भी बधाई दी।

इसके अतिरिक्त प्रो. क़मर जहां, प्रो. साबिरा हबीब, प्रो. मोहम्मद काज़िम और डॉ. खान अहमद फारूकी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में ट्रस्ट की उपाध्यक्ष यासमीन अंजुम, जो देश से बाहर होने के कारण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकीं, उन्होंने दूरभाष के माध्यम से आयोजकों और उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रो. नग़मा, प्रो. नगीना जबीं, अज़ीज़ा बानो, डॉ. नजर अहमद, प्रो. जमाल नुसरत, प्रो. हुमा ख्वाजा, सलमा हिजाब, प्रो. शबनम रिज़वी, प्रो. साबिरा हबीब, डॉ. सिफ़त ज़हरा, डॉ. नुज़हत फ़ातिमा, डॉ. सबीहा अनवर, डॉ. इशरत नाहिद, मीरा त्रिपाठी, तबस्सुम क़िदवई, डॉ. परवीन शुजाअत, तक़दीस रिज़वी (अवधनामा सीईओ), गुलफ़िशां चांदनी, नजमा नूरानी, समीना खान, डॉ. अतहर रिज़वी, वासिफ़ फ़ारूक़ी, डॉ. वज़ाहत हुसैन, डॉ. उमैर मंजर, डॉ. जाँ निसार आलम, डॉ. हारून रशीद, हकीम वसीम अहमद आज़मी, डॉ. मंसूर हसन ख़ाँ, डॉ. मसीहुद्दीन ख़ाँ, डॉ. सर्वत तक़ी, डॉ. मुंतज़िर क़ाइमी, परवेज़ मलिकज़ादा, डॉ. एहतेशाम हुसैन, ओवैस संभली, अंजलि मौर्य, मोहसिन ख़ाँ, डॉ. महबूब खान, ग़ुलाम वारिस ख़ाँ, क़सीम ताबिश, सुशील सीतापुरी, ऐज़ाज़ हुसैन, राजीव प्रकाश साहिर और शाहाना अब्बासी सहित शहर की विश्वविद्यालयों, विभिन्न कॉलेजों के शिक्षक, स्थानीय एवं बाहरी छात्र-छात्राएं तथा साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गोबर गैस को बढ़ावा देने के निर्देश

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों और स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के लिए गोबर गैस के उपयोग को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने कहा कि गोबर गैस न केवल सस्ता और स्वच्छ ईंधन है बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए गोशालाओं में गोबर का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। श्री सिंह ने गर्मी के दृष्टिगत गोशालाओं में तिरपाल, हरा चारा, पानी, भूसा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी गौशालाओं में निशुल्क बोरिंग कराई जाए ताकि पानी का किसी तरह से अभाव न हो। श्री सिंह सोमवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश के बेहतर भरण-पोषण के लिए भूसा बैंक और गोचर भूमि के विस्तार कामों को गति देने के लिए 28 मार्च से 5 अप्रैल तक प्रदेश के सभी 18 मण्डडों की गोशालाओं में निरीक्षण करने गये नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।




अल्पसंख्यकल कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने अपने प्रभार जनपद ललितपुर में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विकास योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## तुम्हरे हमरे राम बराबर का विमोचन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** पुस्तक तुम्हरे हमरे राम बराबर, इस बात का सुबूत है कि आज भी अभिव्यक्ति की पूरी आजादी है। यह बात स्माईलमैन कहे जाने वाले हास्य कवि सर्वेश अस्थाना ने कही। सोमवार को यूपी प्रेस क्लब में वरिष्ठ पत्रकार एसडी.बडोला की लिखी पुस्तक तुम्हरे हमरे राम बराबर, का विमोचन समारोह धूमधाम से मनाया गया। पुस्तक का विमोचन बतौर मुख्य अतिथि मौजूद कवि सर्वेश अस्थाना, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र भदौरिया, जेपी.शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार व उर्दू के साहित्यकार अहमद इब्राहिम अल्वी, सुधीर मिश्रा और वरिष्ठ पत्रकार व यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के लखनऊ मंडल के अध्यक्ष शिवशरण सिंह की मौजूदगी में किया गया। प्रेमकांत तिवारी के संचालन में हुए विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि हास्य कवि सर्वेश अस्थाना ने पुस्तक तुम्हरे हमरे राम बराबर के शीर्षक पर कहा कि इस शीर्षक पर गीत और गजल भी लिखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जब कोई लेखक किताब लिखता है तो उसके पीछे बिक्री और पहचान बनाने का उद्देश्य होता है मगर श्री बडोला ने पुस्तक में अपने हृदय में उठते आंधी तूफान को सामने रखा है। उनकी लेखनी में निर्भीकता दिखती है क्योंकि उन्होंने पुस्तक में अखिलेश यादव से लेकर सोनिया गांधी की राजनीति तक का जिक्र किया है।

## टीएमयू सीसीएसआईटी और सीओई के 250 छात्र प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित

**अवधनामा ब्यूरो**



**मुरादाबाद/लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग- सीओई और कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज एंड इंजीनियरिंग ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नतीजतन 250 स्टुडेंट्स ने प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय और अग्रणी भारतीय कंपनियों में शैक्षणिक गुणवत्ता, सघन प्रशिक्षण और इंस्ट्रीयल एक्सपोजर के बूते पर उड़ान भरी है। इन चयनित छात्रों का अधिकतम सालाना पैकेज 14.5 लाख रुपए है। चयन प्रक्रिया प्रतिस्पर्धात्मक और बहु-स्तरीय रही। लिखित परीक्षा, कौशल मूल्यांकन परीक्षण, तकनीकी परीक्षण, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसे विभिन्न चरणों से गुजरते हुए छात्रों ने अपने तकनीकी ज्ञान, तार्किक सोच, विश्लेषणात्मक क्षमता, संप्रेषण कौशल तथा आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस चयन में नियमित पूर्व-नियुक्ति प्रशिक्षण, अभ्यास साक्षात्कार, योग्यता कक्षाएँ, संप्रेषण कौशल विकास, करियर परामर्श, उद्योग संवाद आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन कहते हैं, हमारा उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, तकनीकी रूप से सक्षम, नवोन्मेषी और नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण बनाना है। सीओई के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी कहते हैं, यह सफलता केवल आंकड़ों की उपलब्धि नहीं, बल्कि छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और यूनिवर्सिटी की दूरदर्शी शैक्षणिक नीति का प्रतिफल है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट करियर अवसर और समग्र व्यक्तित्व विकास के प्रति संकल्पित है।

सीसीएसआईटी के इन छात्रों का मफैसिस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, टोटेसिस इंडिया, क्लाउड एनालॉजी, जारो, जोश टेक्नोलॉजी समूह, वन बैंक, धनगार्ड प्राइवेट लिमिटेड, यू-सर्टिफाई, डायरेक्ट ईआरपी के साथ-साथ ऐप स्क्वाड्ज़, जीएसएस सॉल्यूशन, एडुक्यू, वायरफ्लो टेक्नोलॉजीज़, वाईएसएस डायरेक्ट क्रेडिट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचटी मीडिया लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है।

## अखिलेश दास गुप्ता की 65वीं जयंती सेवा और संकल्प के रूप में मनाई गई

■ बीबीडी परिसर में `स्टार नाइट', कनिका कपूर की प्रस्तुति

■ श्रद्धांजलि सभा में परिवार व गणमान्य लोगों ने अर्पित किए पुष्प

■ शहरभर में खिचड़ी भोज, फल वितरण और सेवा कार्य आयोजित

■ शिक्षा, सेवा और समाजहित के उनके योगदान को किया गया याद



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** बीबीडी ग्रुप के संस्थापक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं लखनऊ के मेयर रहे डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता की 65वीं जयन्ती आज राजधानी लखनऊ में सेवा, संकल्प के रूप में मनाया गया। जयन्ती पर बीबीडी विश्वविद्यालय में 'स्टार नाइट' सहित विविध आयोजन, विराज टावर व पुराना किला स्थित पुश्तैनी आवास पर श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न हुई। श्रद्धांजलि सभा में परिवारजनों, समर्थकों और शहर के गणमान्य लोगों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास, वाइस प्रेसीडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सुश्री सोनाक्षी दास सहित बीबीडी परिवार के तमाम सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

बीबीडी ग्रुप के फाउंडेशन डे के अवसर पर शाम बीबीडी परिसर में स्थित डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में 'स्टार नाइट' का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध गायिका कनिका कपूर ने अपनी प्रस्तुति दी। यह सांस्कृतिक संध्या डॉ. गुप्ता के जीवन और उनके योगदान को समर्पित रहा। जिसमें 25,000 से अधिक बी0बी0डी0 के छात्र-छात्राऐं, एलुमिनाईए फैकल्टी, स्टाफ एवं अतिथि उपस्थित रहे। इसके साथ ही सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखते हुए ऑल इंडिया वाल्मीकि महासभा द्वारा दोपहर अच्छे लाल वाल्मीकि सामाजिक चेतना वाटिका, परिवर्तन चैक, हजरतगंज में कोऑपरेटिव सोसाइटी, नगर निगम लखनऊ के पूर्व चेयरमैन कमल वाल्मीकि और पूर्व पार्षद प्रत्याशी आयुष वाल्मीकि द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

इसके अलावा संत मदर टेरेसा आश्रम, सप्रू मार्ग, हजरतगंज में दोपहर जय श्री बिजनेस कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अजय दीप एवं एमडी जयश्री प्रिया गुप्ता के नेतृत्व में फल वितरण और केक काटकर जयंती मनाई गयी। दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य महेश चंद्र राठौर एवं स्पर्श दरबारी द्वारा सिविल अस्पताल, हजरतगंज में दोपहर मरीजों और उनके तीमारदारों को भोजन एवं फल वितरित किया गया। श्री संदीप अग्रवाल द्वारा नरही में 250 स्कूली बच्चों को स्कूली बैग एवं किट वितरित किया गया। इन विविध आयोजनों के माध्यम से न केवल डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के योगदान को स्मरण किया गया बल्कि उनकी उस सोच को भी आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया जिसमें शिक्षा, सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच ही सबसे बड़ी प्राथमिकता थी। जयन्ती के अवसर पर सायं अपने पुश्तैनी आवास पुराना किला में डॉ0 अखिलेश दास फाउण्डेशन द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से श्री विराज सागर दास ने डॉ0 अखिलेश दास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

श्री विराज सागर दास ने कहा कि उनके पिता बीबीडी ग्रुप के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व महापौर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का जीवन समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित था। उनकी विरासत को आगे बढ़ाना ही हमारे लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी और उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

